संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शुक्रवार, 22 सितंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



असम के सीएम हिमंत बिस्व सर्मा रैली को संबोधित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 253 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## सरकार ने साप्ताहिक आधार पर चीनी के स्टॉक का खुलासा अनिवार्य किया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने त्योहारी सीजन में चीनी की जमाखोरी और सट्टेबाजी को रोकने के लिए सख्त कदम उठाया है। सरकार ने चीनी व्यापारियों, खुदरा विक्रेताओं, थोक विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखलाओं और प्रसंस्करण कताओं को साप्ताहिक आधार पर अपने स्टॉक का खुलासा सरकारी पोर्टल पर करने का निर्देश दिया है। खाद्य मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि देश में घरेलू उपभोग के लिए चीनी का पर्याप्त भंडार है। मंत्रालय ने कहा कि त्योहारों के लिए चीनी की कोई कमी नहीं है। खाद्य मंत्रालय ने कहा कि सरकार देश में चीनी की खुदरा कीमत को सफलतापूर्वक स्थिर बनाए हुए है। दरअसल सरकार जमाखोरी और सट्टेबाजी को रोककर यह सुनिश्चित करना चाहती है कि चीनी सभी उपभोक्ताओं के लिए सस्ती रहे। मंत्रालय ने कहा कि चीनी बाजार में ह्यजमाखोरी से निपटने और सट्टेबाजी पर अंकुश लगानेह्न के लिए पोर्टल पर प्रत्येक सोमवार को व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखलाओं के खुदरा विक्रेताओं और चीनी के प्रसंस्करणकर्ताओं को अपनी स्टॉक स्थिति का अनिवार्य रूप से खुलासा करने के आदेश जारी किए गए हैं। मंत्रालय ने चीनी मिलों और व्यापारियों से संबंधित कानूनों और मासिक घरेलू कोटा मानदंडों का पालन करने को कहा है। खाद्य मंत्रालय ने कहा कि अगस्त के अंत में 83 लाख टन चीनी का पहले के बचे स्टॉक तथा अगले महीने से पेराई शुरू होने की उम्मीद के साथ देश में घरेलू खपत के लिए चीनी का पर्याप्त स्टॉक है। सरकार ने 13 लाख टन की घरेलू बिक्री कोटा की पहली किस्त भी जारी कर दी है, जिसे चीनी मिलें तत्काल प्रभाव से बेचना शुरू कर सकती हैं। सरकार के इस फैसले का एग्रीमंडी के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) उप्पल शाह ने स्वागत किया है।

## बवाना फैक्टरी ब्लास्ट में मृतकों की संख्या तीन हुई

**नई दिल्ली।** बवाना में बुधवार की शाम प्लास्टिक दाना बनाने की फैक्टरी हुए धमाके में मरने वालों की संख्या अब तीन हो गई। तीसरे मजदूर ने बीती देर रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान भानू प्रताप के रूप में हुई है। वह 60 प्रतिशत जल गए थे। बुधवार को हादसे में वहां काम कर रहे छह मजदूरों में से दो की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि चार झुलस गए थे। मृतकों की पहचान कासगंज के सहावर निवासी अशोक और हरवीर के रूप में हुई थी। धमाके में घायल हुए आगरा निवासी संजीव, दिल्ली निवासी सोनू, ऊषा का इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक कासगंज निवासी भानू प्रताप की बीती देर रात हालत बिगड़ने पर उन्हें सफदरजंग अस्पताल में रेफर किया गया था। अस्पताल ले जाते समय उन्होंने दम तोड़ दिया। फिलहाल बवाना थाना पुलिस ने उक्त मामले में आईपीसी की धारा 285/337/304/427 और 9बी विस्फोटक अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बन गया इतिहास, महिला आरक्षण बिल पास

= महिला आरक्षण बिल राज्यसभा से सर्वसम्मति से पासः राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद कानून बनेगा,महिलाओं को लोकसभा-विधानसभाओं में 33% आरक्षण मिलेगा

ऐतिहासिक

8 प्रक्रिया पूरी होने के बाद महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33% आरक्षण मिलेगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**संसद** के स्पेशल सेशन के चौथे दिन राज्यसभा में भी महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन विधेयक) सर्वसम्मति से पास हो गया। बिल के खिलाफ किसी ने वोट नहीं दिया। अब यह बिल राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। उनकी मंजूरी मिलते ही यह कानून बन जाएगा। यह बिल लोकसभा में कल (बुधवार को) पास हुआ था। प्रक्रिया पूरी होने के बाद महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33% आरक्षण मिलेगा।

**पीएम ने सर्वसम्मति से बिल पारित करने की अपील की थी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- हमने बिल पर सार्थक चर्चा की है, भविष्य में इस चर्चा का एक-एक शब्द काम आने वाला है। हर शब्द का अपना मूल्य है, महत्व है। सभी सांसदों ने अपने बयान के शुरूआत में कहा कि मैं बिल का समर्थन करता हूं। इसके लिए सबका आभार। यह इससे देश के जन-जन में आत्मविश्वास पैदा करेगा। सभी सांसदों और दलों ने बहुत अहम भूमिका निभाई है। सभी सांसदों से अनुरोध है कि सर्व सम्मति से इसे पास करें। उपराष्ट्रपति से खड़गे बोले- आपको पहले से पता था बिल आने वाला है, हमें नहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- मैं और मेरी पार्टी इस बिल का समर्थन करती है। यह बिल आने वाला है हमें इसकी जानकारी पहले से नहीं थी। लेकिन उपराष्ट्रपति जी को पहले से पता था कि बिल आने वाला है। आपने 4 सितंबर को जयपुर में कहा था- वो दिन दूर नहीं जब देश की संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को बराबरी का अधिकार मिलेगा।





## महिला आरक्षण बिल जुमला न बने, इसे लागू किया जाएः खड़गे

**पीएम** मोदी के संबोधन के बाद लोकसभा में चंद्रयान-3 की सफलता पर चर्चा हुई। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला से सदन को मिशन के बारे में बताया। इसके बाद राजनाथ सिंह बोलने के लिए खड़े हुए। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने राजनाथ से पूछा कि क्या उनमें चीन मुद्दे पर चर्चा करने की हिम्मत है। इस पर राजनाथ सिंह ने कहा कि पूरी हिम्मत है, मैं चीन पर चर्चा करने के लिए तैयार हूं और सीना चौड़ा करके चर्चा करने के लिए तैयार हूं। राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने वाइस-चेयरपर्सन का पैनल पुनर्गठित किया है। इसमें 13 महिला सांसदों को जगह दी गई। ये सांसद जगदीप धनखड़ की अनुपस्थिति में राज्यसभा की कार्यवाही का संचालन करेंगी। सरकार राज्यसभा में रिपीलिंग एंड अमेंडिंग बिल पेश कर सकती है। इस बिल में ऐसे 65 कानूनों को निरस्त करने का प्रावधान है, जो प्रचलन से बाहर हो गए हैं या दूसरे कानूनों की वजह से निरर्थक हो गए हैं। यह बिल पिछले साल जुलाई में लोकसभा में पास हो गया था। लोकसभा में बिल पर चर्चा में 60 सांसदों ने अपने विचार रखे। राहुल गांधी ने कहा कि ओबीसी आरक्षण के बिना यह बिल अधूरा है। इस पर अमित शाह ने कहा कि यह आरक्षण सामान्य, रउ और रळ में समान रूप से लागू होगा। चुनाव के बाद तुरंत ही जनगणना और डिलिमिटेशन होगा और महिलाओं की भागीदारी जल्द ही सदन में बढ़ेगी। विरोध करने से रिजर्वेशन जल्दी नहीं आएगा

## 'ये बिल महिलाओं पर अहसान नहीं, बल्कि उनका वंदन और अभिनंदन'



**सबसे** पहले गुरुवार सुबह कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने बिल पेश किया। इसके बाद कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन ने चर्चा की शुरूआत की। उन्होंने बिल के नाम पर आपत्ति जताते हुए कहा कि महिलाओं को वंदन नहीं, समानता चाहिए। इसके बाद भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा- ये बिल महिलाओं पर अहसान नहीं, बल्कि उनका वंदन और अभिनंदन है। अगर ये बिल आज पास होता है तो 2029 तक 33% महिलाएं सांसद बनकर आ जाएंगी। वहीं, खड़गे ने कबीर का दोहा 'काल करे सो, आज कर' सुनाया और तुरंत आरक्षण लागू करने की मांग की। जेपी नड्डा ने जवाब दिया कि भाजपा का उद्देश्य राजनीतिक फायदा लेने का नहीं है। सरकार नियमों से काम करती है और पक्का काम करने में विश्वास रखती है। इस पर विपक्षी सांसद 'नो-नो' करने लगे तो नड्डा ने कहा कि कि 'नो-नो' करने वालों को शासन करना नहीं आया। अगर शासन करना आता तो पता होता कि नियम-कानून भी कोई चीज है। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जो सिल्वर स्पून के साथ पैदा होते हैं, उन्हें गरीबों की परेशानियां नहीं पता होतीं। एक लीडर को लीडर बनना पड़ता है, सिखाए हुए बयान देने से काम नहीं चलता। सपा की राज्यसभा सांसद जया बच्चन ने कहा- आखिरी में बोलने का नुकसान ये है कि बोलने को कुछ बचता ही नहीं।



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार मुलाकात करते हुए।

## दिल्ली में इस बार रात 12 बजे तक होंगी रामलीलाएं

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में 15 अक्टूबर से रामलीलाएं शुरू हो रही हैं, जिसको लेकर दिल्ली की सभी रामलीला कमेटियों ने तैयारी शुरू कर दी है। इसी को लेकर आज लाल किला की लवकुश रामलीला कमेटी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। इसमें लवकुश रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार, चेयरमैन पवन गुप्ता, अंकुर गोयल के साथ सीटीआई चेयरमैन बृजेश गोयल भी शामिल हुए। लवकुश रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने मीटिंग में कहा कि दिल्ली में रामलीला मंचन और लाउडस्पीकर बजाने का समय रात 10 बजे तक ही होता है, जिसको बढ़ाकर रात 12 बजे तक किया जाए।

## कनाडाई नागरिकों के लिए वीजा बंद

### हमारे डिप्लोमेट्स को धमकी मिल रही, सुरक्षा कारणों से यह फैसला किया: सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/ओटावा**

**खालिस्तानी** आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मुद्दे पर भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। कनाडा में मौजूद भारत के वीजा एप्लिकेशन सेंटर ने गुरुवार को कनाडा के लोगों के लिए वीजा सेवाएं सस्पेंड कर दीं। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरंदिम बागची ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि कनाडा में हमारे डिप्लोमैटिक यूनिट को धमकियां मिल रही हैं। वे अपना काम नहीं कर पा रहे हैं। यही वजह है कि वीजा सर्विसेज सस्पेंड की गई हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा- हमें काफी



समय से पता है कि पाकिस्तान आतंकवाद का मददगार है और उन्हें पैसे भी देता है। वहीं, कनाडा आतंकियों को रहने और उनके मंसूबों को अंजाम देने की जगह दे रहा है। कनाडा के आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। कनाडा ने अब तक इस मामले में कोई खास सबूत नहीं दिए हैं। हमने उनसे सबूत देने को कहा है। भारत ने लगातार कनाडा को बताया है कि उनके देश में भारत विरोधी गतिविधियां हो रही हैं। हालांकि, उन्होंने इस पर कोई एक्शन नहीं लिया। हमने कनाडा से साफ कह दिया है कि डिप्लोमैट्स की संख्या दोनों देशों में बराबर होनी चाहिए।

कड़ा रूख

8 कनाडा में हमारे डिप्लोमैटिक यूनिट को धमकियां मिल रही हैं। वे अपना काम नहीं कर पा रहे हैं: भारत

## 'चीन के मुद्दे पर 'सीना चौड़ा करके' चर्चा के लिए तैयार'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने गुरुवार को लोकसभा में विपक्ष को करारा जवाब देते हुए कहा कि वे सदन में चीन के मुद्दे पर सीना चौड़ा करके पूरी हिम्मत के साथ चर्चा के लिए तैयार हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों में नोकझोंक के बीच उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता कोई अपवाद नहीं है बल्कि भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक प्रवृत्ति के विकास का परिणाम है। दरअसल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज जब लोकसभा में चंद्रयान-3 और आदित्य एल1 मिशन पर बोलने के लिए खड़े हुए तो कई विपक्षी सदस्यों ने सवाल



करना शुरू कर दिया। कई सदस्यों ने कहा कि चीन ने हमारी सीमा में कितना कब्जा किया? कांग्रेस सांसद अधीर रंजन ने उन्हें टोकते हुए पूछ लिया कि चीन पर चर्चा करने की हिम्मत है? इस पर राजनाथ पहले मुस्कुराए और फिर कुछ पल खामोश रहने के बाद उन्होंने कहा कि अधीर रंजन जी, इतिहास में मत ले जाओ।

## चंद्रयान-3 के फिर जागने की उम्मीद

### इसरो स्लीप मोड पर डाले गए विक्रम लैंडर और प्रज्ञान से संपर्क करेगा

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**

**चंद्रयान-3** के लैंडर और रोवर के एक बार फिर जागने की उम्मीद है। 14 दिनों की रात के बाद चांद के दक्षिण ध्रुवीय हिस्से पर एक बार फिर सूरज की रोशनी पहुंचने लगी है। इसरो स्लीप मोड पर डाले गए विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर से 22 सितंबर को संपर्क करने की कोशिश करेगा। इसरो के मुताबिक, लैंडर और रोवर के सोलर पैनल पर सूरज की रोशनी पड़ते ही ये काम करना शुरू कर सकते हैं। इसरो ने 4 सितंबर को विक्रम लैंडर को स्लीप मोड में डाल दिया था। इससे पहले 2 सितंबर को प्रज्ञान रोवर को स्लीप मोड में डाला गया था। लैंडर ने स्लीप मोड में जाने से पहले पेलोड्स के जरिए चांद पर नई जगहों



संपर्क होगा

8 14 दिनों की रात के बाद चांद के दक्षिण ध्रुवीय हिस्से पर एक बार फिर सूरज की रोशनी पहुंचने लगी है

की जांच-पड़ताल की थी। उसके बाद ही विक्रम लैंडर को सोने का कमांड दिया गया। फिलहाल सारे पेलोड्स बंद हैं। सिर्फ रिसीवर ऑन है, ताकि वह बेंगलुरु से कमांड लेकर फिर से काम कर सके।

**चंद्रयान-3 मिशन 14 दिनों का ही है:** चंद्रयान-3 मिशन 14 दिनों का ही है। ऐसा इसलिए क्योंकि चांद पर धरती के 14 दिन के बराबर एक दिन होता है। यानी चंद्रमा पर 14 दिन तक रात और 14 दिन तक उजाला रहता है। रात के दौरान चांद के साउथ पोल पर तापमान माइनस 238 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता है। रोवर-लैंडर सूर्य की रोशनी में तो पावर जनरेट कर सकते हैं, लेकिन रात होने पर पावर जनरेशन प्रोसेस रुक जाएगी। पावर जनरेशन नहीं होगा तो इलेक्ट्रॉनिक्स भयंकर ठंड को झेल नहीं पाएंगे।

## कनाडा में गैंगस्टर सुक्खा दुन्नेके की गोली मारकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**

**खालिस्तान** टाइगर फोर्स के आतंकी हरदीप निज्जर के कत्ल को लेकर भारत-कनाडा के बीच तनाव के बीच कनाडा में भारत के अ कैटेगरी गैंगस्टर सुखदूल सिंह गिल उर्फ सुक्खा दुन्नेके का कत्ल कर दिया गया है। वह पंजाब से साल 2017 में जाली पासपोर्ट तैयार करवा कनाडा फरार हुआ था। शुरूआती जानकारी के अनुसार सुक्खा दुन्नेके को कनाडा के विनीपिग में गोलियां मारी गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दुनेके पर करीब 15 राउंड फायरिंग हुई है। मौके पर ही उसकी मौत हो गई।



यह उन 41 आतंकियों व गैंगस्टरों की सूची में शामिल था, जिसे एनआईए ने भी जारी किया था। कनाडा में खालिस्तानी आतंकी निज्जर के कत्ल के बाद यह दूसरी बड़ी वारदात है। कत्ल किया गया गैंगस्टर सुक्खा को खालिस्तानी आतंकी-गैंगस्टर अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डल्ला का राइट हैंड माना जाता था।

कर्ज के तले दबा

हर हिमाचली पर 102818 रूपए का कर्जा, विधानसभा में हंगामा, जमकर लगे नारे, कार्यवाही स्थगित

## हिमाचल की वित्तीय स्थिति पर सुक्खू सरकार का श्वेत पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/चमन शर्मा**

**हिमाचल** का हर व्यक्ति 102818 रूपए के कर्ज के बोझ तले दबा है। यह खुलासा वीरवार को प्रदेश विधानसभा में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने राज्य की वित्तीय स्थिति पर श्वेत पत्र जारी करते हुए किया। अग्निहोत्री ने कहा कि उनकी सरकार को 92,774 करोड़ रूपए की देनदारियां विरासत में मिली हैं और 31 मार्च, 2023 तक प्रदेश पर कर्जे का बोझ बढ़कर 76,631 करोड रूपए पहुंच गया है। उप मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा में वीरवार को राज्यकी वित्तीय स्थित पर पेश



किए गए इस श्वेत पत्र के दौरान विपक्ष ने भारी हंगामा किया जिसके चलते सदन की कार्यवाही दोपहर बाद 2 बजे तक स्थगित करनी पडी। इस दौरान विपक्ष ने सदन में खूब हंगामा करते हुए नारेबाजी की और पूरा विपक्ष पहले अपनी सीटों पर खड़ा होकर हंगामा करता रहा।

वित्तिय रिपोर्ट

8 हिमाचल पर कुल 92,774 करोड़ की देनदारी, जनमंच में खाए 6 करोड़ के फुलके: वित्त मंत्री

बाद में पूरा विपक्ष सदन के बीचोंबीच आ गया और नारेबाजी की। इसे देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने हंगामे के बीच ही सदन की कार्यवाही भोजनावकाश के बाद तक स्थगित कर दी। मुकेश अग्निहोत्री ने श्वेत पत्र प्रस्तुत करते हुए कहा कि रिजर्व बैंक की वर्ष 2022-23 की रिपोर्ट के अनुसार हिमाचल प्रदेश कर्ज के भारी दवाब में हैं। उन्होंने कहा कि कर्ज लेने की स्थिति यह हो गई है हिमाचल देश के सभी छोटे बडे राज्यों में कर्ज लेने में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम वर्ष यानि चुनावी साल में 16261 करोड रूपए का कर्ज लिया। यह कर्ज प्रदेश के विकास के लिए नहीं बल्कि चुनाव जीतने के लिए खर्च किया, हालांकि इसके बावजूद भाजपा चुनाव नहीं जीत पाई।

## राहुल ने कुली की यूनिफॉर्म पहनी, सिर पर सामान उठाया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस** सांसद राहुल गांधी गुरुवार सुबह दिल्ली के आनंद विहार आईएसबीटी पहुंचे और कुलियों से मिले। यहां उन्होंने कुली की लाल यूनिफॉर्म पहनी और बैज भी लगाया। इसके बाद उन्होंने सिर पर सामान उठाया। इस दौरान उनके साथ मौजूद कुली राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाते नजर आए। राहुल ने इसके बाद कुलियों से बातचीत की और उनकी परेशानियों के बारे में पूछा। इसे लेकर कांग्रेस ने ट्वीट किया- 'जननायक राहुल गांधी आज दिल्ली के आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर कुली साथियों से मिले। पिछले दिनों एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें रेलवे स्टेशन के कुली साथियों ने उनसे



समस्याएं जानी

8 आनंद विहार आईएसबीटी पहुंचकर कुलियों से मिले, उनकी परेशानियां पूछीं, बैज भी लगाए

मिलने की इच्छा जाहिर की थी। आज राहुल जी उनके बीच पहुंचे और इत्मीनान से उनकी बात सुनी। भारत जोड़ो यात्रा जारी है...' कुलियों के बीच बैठकर उनसे बातें करते राहुल गांधी।

**लोगों के बीच जाकर उनकी परेशानियां सुन रहे राहुल:** पिछले कुछ समय से राहुल गांधी लोगों के बीच जाकर उनसे उनकी परेशानियों के बारे में बात कर रहे हैं। आजादपुर मंडी में राहुल ने सब्जियों और फलों के बढ़ते दामों को लेकर विक्रेताओं की परेशानियां पूछीं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी 1 अगस्त को अलसुबह दिल्ली की आजादपुर मंडी पहुंचे। यहां उन्होंने सब्जियों-फलों के बढ़ते दाम को लेकर विक्रेताओं से बात की और उनकी समस्याएं पूछीं इस दौरान दुकानदार उन्हें घेरे दिखाई दिए।

# बायो डी-कंपोजर का मुफ्त छिड़काव करेगी सरकार

## बासमती और गैर बासमती धान के सभी खेतों में सरकार द्वारा नि:शुल्क बायो डी-कंपोजर का छिड़काव किया जाएगा

**फैसला**

8 बायो डी-कंपोजर के छिड़काव को लेकर कृषि विभाग को धान के खेतों का जल्द सर्वे करने के निर्देश दिए दिए गए



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली** के विकास मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार को नि:शुल्क बायो डी-कंपोजर के छिड़काव को लेकर कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद विकास मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली के अंदर बासमती और गैर बासमती धान के सभी खेतों में सरकार द्वारा नि:शुल्क बायो डी-कंपोजर का छिड़काव किया जाएगा। बायो डी-कंपोजर के छिड़काव को लेकर कृषि विभाग को धान के खेतों का जल्द सर्वे करने के निर्देश दिए दिए गए हैं। साथ ही नि:शुल्क बायो डी-कंपोजर के छिड़काव के लिए 11 टीमों का गठन कर दिया गया है। राय ने कहा कि दिल्ली के अंदर सर्दियों के मौसम में होने वाली प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए सरकार लगातार अलग-अलग विभागों के साथ बैठक कर अपना विंटर एक्शन प्लान बनाने की तरफ बढ़ रही है। सभी विभागों को विंटर एक्शन प्लान को लेकर 15 फोकस बिंदुओं पर अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसके तहत पर्यावरण विभाग विंटर एक्शन प्लान की संयुक्त कार्ययोजना तैयार करेगा। इस वर्ष के 15 फोकस बिंदुओं में शामिल पराली जलाना भी सर्दियों के मौसम में प्रदूषण की समस्या को बढ़ाने में एक अहम भूमिका निभाता है। जब दिल्ली के पड़ोसी राज्यों में पराली जलनी शुरू होती है, तो उसके धुएं की चादर पूरी दिल्ली को घेर लेती है। इसके प्रभाव से प्रदूषण का असर कई गुना ज्यादा घातक हो जाता है। ऐसे में इस समस्या पर समय रहते उचित कदम उठाए जा सकें, इसलिए दिल्ली के अंदर नि:शुल्क बायो डी-कंपोजर के छिड़काव को लेकर आज कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। दिल्ली के अंदर बासमती और गैर बासमती धान के सभी खेतों में सरकार द्वारा नि:शुल्क बायो डी-कंपोजर का छिड़काव करने का निर्णय लिया गया। साथ ही बायो डी-कंपोजर के छिड़काव को लेकर कृषि विभाग द्वारा किसानों से फॉर्म भरवाया जा रहा है, जिसके सर्वे का निर्देश दिया गया है। इस फार्म में किसान का डिटेल, कितने एकड़ खेत में छिड़काव करवाना चाहते हैं और फसल कटने का समय इत्यादि जानकारियां उपलब्ध है। इसके साथ ही दिल्ली के अंदर किसानों के बीच बायो डी-कंपोजर के छिड़काव को लेकर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। आगे राय ने बताया कि दिल्ली के अंदर कुछ हिस्सों में ही धान की खेती की जाती है। दिल्ली में पराली से प्रदूषण न हो, इसीलिए पिछले साल बायो डी-कंपोजर का नि:शुल्क छिड़काव सरकार द्वारा किया गया था।

### सर्दियों में पराली जलाने के मुद्दे पर आप सरकार गंभीर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** में सर्दी के मौसम में पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण की रोक-थाम को लेकर दिल्ली सरकार तेजी से कार्य कर रही है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए राज्यों के साथ संयुक्त समीक्षा बैठक करने के लिए पत्र लिखा है। पत्र में पर्यावरण मंत्री ने सर्दी के दिनों में पराली से प्रदूषण के बढ़ने वाले खतरे से दिल्ली वासियों को बचाने के लिए सार्थक कार्य योजना बनाने की समीक्षा बैठक करने का अनुरोध किया है। पत्र में कहा गया है कि बीते तीन अगस्त को पराली को लेकर एनसीआर के राज्यों के संबंधित मंत्रियों के साथ बैठक हुई थी। फिर भी पराली जलाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इस वजह से सभी संबंधित राज्यों के साथ समीक्षा बैठक करने की आवश्यकता है। पर्यावरण मंत्री ने बताया कि दिल्ली में ठंड के मौसम में प्रदूषण की समस्या काफी बढ़ जाती है।

## युवक को लोहे की रॉड और हथौड़े से पीटा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के संगम विहार में एक युवक पर कुछ लोगों ने लोहे की रॉड और हथौड़े से हमला कर दिया। जिससे उसके माथे और हाथ में चोटें आई हैं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। युवक की पहचान बलराज चौधरी पुत्र धनपाल निवासी ए 157 संगम विहार के रुप में हुई है। उसने बताया कि वह अपने कार्यालय छत्तरपुर से वापस आ रहे थे और उन्होंने मालवीय नगर में रात का भोजन किया और अपने दोस्त जुगल किशोर से उनके घर के पास मुलाकात की। घर जाते समय एक बाइक ने उनकी कार को पीछे से टक्कर मार दी।

# 27वें विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन का हुआ समापन




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख संत राजिन्दर** सिंह जी महाराज की अध्यक्षता में आयोजित 27वें विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन का समापन 20 सितंबर, 2023 को संत दर्शन सिंह जी धाम, बुराड़ी में संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन पर हजारों की संख्या में एकत्रित हुए लोगों को संबोधित करते हुए संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कहा कि प्रेम, शांति और ध्यान-अभ्यास हमें एक-दूसरे को मानव एकता के रूप में जोड़ते हैं।
संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने आगे कहा कि, विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन आध्यात्मिकता और ध्यान-अभ्यास का सम्मेलन है। हरेक धर्म उन महान संतों की शिक्षाओं पर आधारित है, जिन्होंने आध्यात्मिक रूप में पिता-परमेश्वर का अनुभव किया। पिता-परमेश्वर एक हैं और वे हम सबके भीतर निवास करते हैं। हम सभी ने उन्हें भले ही अलग-अलग नाम दिये हों और चाहे हमारे बाहरी रीति-रिवाज भी अलग-अलग हों लेकिन हम सबकी मंजिल एक ही है। यह वास्तव में स्वयं को आत्मा के रूप में जानना और पिता-परमेश्वर को अपने अंदर अनुभव करना है।

# पीडब्ल्यूडी मंत्री ने टीकरी बॉर्डर तक की सड़क का किया निरीक्षण

**आदेश**

8 सड़क के कई हिस्से क्षतिग्रस्त हैं व खराब ड्रेनेज प्लान की समस्या होने के कारण यहाँ जल-जमाव की समस्या भी उत्पन्न होती है



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पीडब्ल्यूडी** मंत्री आतिशी ने ऑन-ग्राउंड निरीक्षण को जारी रखते हुए गुरुवार सुबह रोहतक रोड पर नांगलोई मेट्रो से टीकरी बॉर्डर तक की सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि सड़क के कई हिस्से क्षतिग्रस्त हैं व खराब ड्रेनेज प्लान व आउटफॉल की समस्या होने के कारण यहाँ जल-जमाव की समस्या भी उत्पन्न होती है। ऐसे में पीडब्ल्यूडी मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई और तुरंत पूरे रोड स्ट्रेच की समस्याओं की जांच करते हुए उसे बेहतर बनाने का प्लान तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित इंजीनियरों को कड़े शब्दों में कहा कि इंजीनियर्स सड़कों के मामले में ज़िम्मेदारी के साथ अपना काम करें अन्यथा एक्शन के लिए तैयार रहे। केजरीवाल सरकार में सड़कों को लेकर ऐसी लापरवाही बिलकुल बर्दाश्त नहीं की जायेगी। आज निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री ने पाया कि सड़क के बहुत से हिस्सों पर दरार है, कई जगहों पर सड़क टूटी हुई है, सड़क की सतह उखड़ी हुई है, फुटपाथ को भी रिपेयर करने की जरूरत है।
यहां खराब ड्रेनेज व आउटफॉल में समस्या के कारण सड़क के कई हिस्सों व सर्विस लेन में जलजमाव है। इस कारण सड़क तो क्षतिग्रस्त होने के साथ ही सड़क के कई हिस्सों में यातायात धीमा हो जाता है और लोगों को ट्रैफिक की समस्या का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं को देख पीडब्ल्यूडी मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई और आदेश दिये कि पूरे रोड स्ट्रेच की बारीकी से जाँच की जाए और विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए। साथ ही प्लान तैयार किया जाए कि कैसे जल्द से जल्द पूरी सड़क को बेहतर रूप दिया जा सकता है ताकि यहाँ आवाजाही करने वाले लोगों की किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने निर्देश दिए कि जरूरत के अनुसार सड़क पर रिपेयर व रिकार्पेटिंग का काम किया जाए।

# मरीजों को परेशान कर रहा पोस्ट वायरल सिंड्रोम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विशेषज्ञों** की माने तो पिछले कुछ समय से मौसम में आए बदलाव के बाद वायरल की प्रकृति में बदलाव देखने को मिल रहा है। सामान्य दिनों में वायरल पांच से सात दिनों में ठीक हो जाता है, लेकिन इन दिनों सामने आ रहे केसों में मरीज पांच से सात दिनों तक वायरल की चपेट में रहने के बाद भी 10 से 15 दिनों तक पोस्ट वायरल सिंड्रोम के लक्षणों से परेशान हैं। डॉक्टरों का कहना है कि वायरस में हमेशा बदलाव होता रहता है, लेकिन कोरोना महामारी के बाद से वायरल के वायरस में कुछ अलग देखने को मिला है। यह भी कोरोना की तरह लंबे समय तक परेशानी का कारण बन गया। गुरु तेग बहादुर अस्पताल में मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ. अमितेश अग्रवाल का कहना है कि कोरोना की तरह वायरल भी ठीक होने के बाद मरीजों को परेशान कर रहा है। अस्पताल की ओपीडी में 50 फीसदी तक वायरल के मरीज बढ़ गए हैं। इनमें से ज्यादातर मरीज पोस्ट वायरल सिंड्रोम की शिकायत कर रहे हैं। ऐसे मरीजों को कोरोना की तरह विशेष ध्यान रखने की सलाह दी जा रही है।
**लंबे समय तक बुखार से हो सकता है लीवर को नुकसान:** जग प्रवेश अस्पताल में आयुष विभाग के वरिष्ठ डॉ. नीरज त्रिपाठी ने का कहना है कि लंबे समय तक बुखार रहने से लीवर को नुकसान हो सकता है। लीवर में संक्रमण को कम करने के सेल होते हैं, जिन्हें लंबे समय तक बुखार की स्थिति में नुकसान होता है।

# महिला पर तेजाब से हमला, डीसीडब्ल्यू ने नोटिस जारी किया

## डीसीडब्ल्यू ने मामले में की गई गिरफ्तारियों के विवर्रा के साथ मामले में दर्ज एफआईआर की कॉपी मांगी है



**जवाब तलब**

8 पति और ससुराल वाले उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहे। पति ने कई बार पीटा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने एक महिला पर उसकी सास द्वारा तेजाब फेंकने के मामले में दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। आयोग को एक महिला से शिकायत मिली, जिसने डीसीडब्ल्यू को बताया कि उसकी शादी 2 साल पहले हुई थी और उसकी 6 महीने की बेटी है। उसने बताया कि शादी के 2-3 महीने बाद ही उसके पति और ससुराल वालों ने उसे परेशान करना शुरू कर दिया। उसका आरोप है कि 07 मार्च, 2022 को उसके पति ने उसके साथ मारपीट की, जिससे उसका ढाई माह का गर्भ गिर गया। उसने बताया है कि उसके पति और ससुराल वाले उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहे। उसका आरोप है कि उसके पति ने उसको और उसकी बेटी को कई बार पीटा। उसने बताया कि 20 सितम्बर, 2023 को उसकी सास ने उसके ऊपर तेजाब फेंक दिया। इस संबंध में थाना न्यू उस्मानपुर में एफआईआर दर्ज की गई है। स्वाति मालीवाल ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर मामले में कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। डीसीडब्ल्यू ने मामले में की गई गिरफ्तारियों के विवरण के साथ मामले में दर्ज एफआईआर की कॉपी मांगी है। डीसीडब्ल्यू ने शिकायतकर्ता से उसके पति और ससुराल वालों के खिलाफ पूर्व में प्राप्त किसी शिकायतों और उन पर की गई कार्रवाई का विवरण भी मांगा है। डीसीडब्ल्यू ने दिल्ली पुलिस से यह भी पूछा है कि सास द्वारा किस तरह से एसिड खरीदा गया और उसे इसे बेचने के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई।
डीसीडब्ल्यू की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा, हमें एक महिला पर उसकी सास द्वारा तेजाब डालने की शिकायत मिली है।

# एक और स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

## ई-मेल में लिखा- बम से उड़ा दूंगा, मौके पर बम निरोधक दस्ता



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश की** राजधानी दिल्ली के एक और स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी मिलने के बाद दिल्ली पुलिस और अन्य टीम मौके पर पहुंच गई हैं और जांच की जा रही है। इससे पहले भी कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। जानकारी के अनुसार, आरके पुरम स्थित एक स्कूल में धमकी भरा ई-मेला आया है। मेल में स्कूल को बम से उड़ने की धमकी दी गई है। सूचना के बाद दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता, दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची। आर के पुरम सेक्टर 3 लाल बहादुर शास्त्री स्कूल की प्रिंसपल के पास बम रखने की मेल आई। इसके बाद पुलिस को 8:25 की कॉल की गई। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। तुरंत स्कूल को खाली कराया गया है। स्कूल की जांच की गई। जांच के बाद सूचना फर्जी मिली।

**अफवाह**

8 टीम मौके पर पहुंचीं और जांच की गई, इससे पहले भी कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है

**अमृता पब्लिक स्कूल में बम रखने की मिली थी सूचना:** इससे पहले 16 मई को दिल्ली के साकेत के पुष्प विहार स्थित अमृता पब्लिक स्कूल में बम रखे होने की सूचना मिली थी। बम की सूचना ईमेल के जरिए दी गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस और अन्य टीम मौके पर पहुंची थी। स्कूल में चेकिंग अभियान शुरू किया गया था। सभी जगह चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान पुलिस को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।
**26 अप्रैल को दिल्ली पब्लिक स्कूल को मिली थी धमकी:** 26 अप्रैल को मथुरा रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल को ई-मेल के जरिए बम की धमकी मिली थी।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा फरार हत्यारोपित बदमाश



**काबू**

8 चिरा, महिंद्रा पार्क, जहांगीरपुरी का रहने वाला है। इसके खिलाफ कोर्ट से गैर जमानती वारंट भी जारी था

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** भलस्वा डेरी थानाक्षेत्र में हुई हत्या के एक मामले में वांछित बदमाश आकाश को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके खिलाफ 10 आपराधिक मामले दर्ज हैं। हत्या के बाद 2019 से वह फरार था। पुलिस से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था।
**तीन साल से बदल रहा था ठिकाने:** विशेष आयुक्त अपराध शाखा रवींद्र सिंह यादव के मुताबिक आकाश उर्फ वीरू उर्फ चिरा, महिंद्रा पार्क, जहांगीरपुरी का रहने वाला है। इसके खिलाफ कोर्ट से गैर जमानती वारंट भी जारी था। हवलदार नितिन कुमार को सूचना मिली कि आकाश नाम का बदमाश, थाना भलस्वा डेरी में हत्या के मामले में वांछित है वह महिंद्रा पार्क, जहांगीरपुरी में छिपा हुआ है। डीसीपी संजय भाटिया, एसीपी विवेक त्यागी व इंस्पेक्टर सतीश मलिक के नेतृत्व में हवलदार नितिन कुमार, नवल सिंह, मनदीप और नरेंद्र की टीम ने महिंद्रा पार्क से आकाश को पकड़ लिया।
**दोस्त की प्रेमिका पर टिप्पणी तो मारा चाकू:** पूछताछ में उसने बताया कि 2019 में उसने अपने सहयोगियों अजय, विशाल और दो नाबालिग के साथ मिलकर नवीन को इसलिए चाकू मार दिया था, क्योंकि उसने आरोपित के दोस्त की प्रेमिका के बारे में कुछ टिप्पणी की थी।

# आवास रेनोवेशन मामले में पीडब्ल्यूडी के अफसरों को झटका

**याचिका**

8 पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की याचिका को सुनवाई योग्य न मानते हुए दिल्ली सरकार की अर्जी का निपटारा किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास रेनोवेशन मामले में पीडब्ल्यूडी के छह अधिकारियों को झटका दिया है। इनके खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के मामले में पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की याचिका को सुनवाई योग्य न मानते हुए दिल्ली सरकार की अर्जी का निपटारा कर दिया। चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को केंद्रीय प्रशासनिक ट्रिब्यूनल (कैट) जाने का निर्देश दिया। दिल्ली सरकार ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की इस याचिका को सुनवाई योग्य होने पर सवाल उठाते हुए कहा कि पीडब्ल्यूडी अधिकारी केंद्र सरकार के अधीन हैं, इसलिए उन्हें अनुशासनात्मक कार्रवाई को चुनौती देने के लिए कैट में याचिका दायर करनी चाहिए।

# 'शादी का अपूरणीय टूटना हिंदू विवाह अधिनियम के तहत तलाक का आधार नहीं'




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**न्यायमूर्ति** संजीव सचदेवा और विकास महाजन की खंडपीठ ने कहा कि शादी का अपूरणीय टूटना हिंदू विवाह अधिनियम के तहत तलाक का आधार नहीं है। इस तरह के आधार पर तलाक देने के पारिवारिक अदालत के फैसले को रद्द कर दिया गया। मौजूदा मामले न्यायालय ने कहा कि पारिवारिक अदालत को हिंदू विवाह अधिनियम के तहत तलाक को नियंत्रित करने वाले प्रावधानों के अनुसार सख्ती से कार्य करना चाहिए। उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि विवाह के अपूरणीय टूटने के आधार पर तलाक देने की शक्ति का प्रयोग केवल संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किया जा सकता है। अदालत ने यह फैसला क्रूरता और परित्याग के आधार पर अपने पति की तलाक की याचिका को अनुमति देने के पारिवारिक अदालत के 2018 के फैसले के खिलाफ एक महिला की अपील पर सुनवाई करते हुए दिया। जोड़े ने 2002 में शादी की और 2007 में उनकी एक बेटी का जन्म हुआ। जल्द ही वे अलग रहने लगे। उच्च न्यायालय ने कहा कि पारिवारिक अदालत ने वैवाहिक संबंध से इन्कार के आधार पर तलाक को मंजूरी दे दी थी, भले ही इस पहलू से संबंधित आरोप अस्पष्ट और बिना विवरण के थे।

# बंकर रोकेगा रेडिएशन: कैंसर के इलाज में नहीं आएगी अब अड़चन



**प्रस्ताव**

8 नाभिकीय विकिरण रोकने के लिए सफदरजंग अस्पताल में बंकर बनेगा, दूसरे लोगों के प्रभावित होने की आशंका नहीं रहेगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नाभिकीय** विकिरण रोकने के लिए सफदरजंग अस्पताल में बंकर बनाया जाएगा। इससे कैंसर मरीजों के तीमारदार समेत परिसर में मौजूद दूसरे लोगों के प्रभावित होने की आशंका नहीं रहेगी। लीनियर एक्सीलेरेटर बेस-प्लेट (बंकर) का आकार बड़े हॉल के बराबर होगा। धातुओं से बने बंकर की दीवार इतनी मोटी होगी कि नाभिकीय विकिरण की आशंका नहीं रहेगी। निर्माण एजेंसी केंद्रीय लोक निर्माण विभाग ने इसके लिए सफदरजंग अस्पताल को करीब पांच करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा है। अस्पताल प्रशासन ने मंजूरी के लिए इसे स्वास्थ्य मंत्रालय में भेज दिया है। दरअसल, सफदरजंग अस्पताल में कैंसर का उपचार करवाने वाले मरीजों के लिए लीनियर एक्सीलेरेटर मशीन लगेगी। इस मशीन के संचालन से पहले रेडिएशन रोकने के लिए बंकर बनाना होगा। इसके बाद ही एक्सीलेरेटर मशीन की सुविधा शुरू होगी। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि तुलनात्मक रूप से इस मशीन से ज्यादा विकिरण होता है। इसकी वजह यह है कि यह सीधे कैंसर ट्यूमर वाले हिस्से पर रेडिएशन डाला जाता है, जो दूसरी कोशिकाओं (स्वस्थ) को खत्म करने के बजाय केवल कैंसर कोशिकाओं को खत्म करता है। इसमें दूसरी मशीनों के मुकाबले ज्यादा रेडिएशन निकलता है। इस थैरेपी के शुरू होने के बाद उस हिस्से से पूरी तरह कैंसर ट्यूमर को खत्म किया जाना संभव होगा। वहीं, स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, इस बंकर को बनाने की दिशा में काम हो रहा है। उम्मीद है कि प्रस्ताव जल्द पास हो जाएगा, जिसके बाद इस बंकर का निर्माण किया जाएगा।
**80 फीसदी मरीजों में होता है इस्तेमाल:** लगभग 80 फीसदी कैंसर मरीजों पर लीनियर एक्सीलेरेटर की जरूरत पड़ती है। डॉक्टरों की माने तो गले का कैंसर, ब्रेन ट्यूमर, लंग्स का कैंसर सहित अन्य सभी तक के मरीजों पर इसका इस्तेमाल हो सकता है। यह काफी सुरक्षित माना जाता है और इसका असर भी काफी ज्यादा होता है।
**अभी चार माह की वेटिंग, आगे होगी कम:** सफदरजंग अस्पताल में रेडियोथेरेपी करवाने आ रहे कैंसर मरीजों को अभी तीन से चार माह का वेटिंग समय दिया जा रहा है। अस्पताल में अभी कोबाल्ट बेस रेडिएशन मशीन है। इसकी मदद से कैंसर मरीजों को रेडियोथेरेपी दी जाती है। अभी जिस तरह से रेडिएशन दी जा रही है, उसमें कोशिश की जाती है कि अन्य कोशिकाओं को कम नुकसान हो, लेकिन ऐसा संभव नहीं हो पाता। डॉक्टरों की माने तो लीनियर एक्सीलेरेटर मशीन लगने के बाद सफदरजंग अस्पताल में रोजाना 70 से 80 मरीजों को रेडिएशन थेरेपी दी जा सकेगी।

# जरनेटर फ्री होंगे हरियाणा में उद्योग

## प्रदेश में औद्योगिक इकाईयों को अब बिजली की एक्सप्रेस डिलीवरी मिलेगी: रणजीत सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के ऊर्जा मंत्री चौधरी रणजीत सिंह ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक इकाईयों को अब बिजली की एक्सप्रेस डिलीवरी मिलेगी। इसके तहत बिजली निगम उद्योगों को 24 घंटे बिजली आपूर्ति करेंगे, जिससे उद्योग जनरेटर फ्री बनेंगे। इस संबंध में नीति तैयार की जा चुकी है और आगामी 6 माह में इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा।



चौधरी रणजीत सिंह ने गुरुवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सार्वजनिक व व्यक्तिगत मांग की जा रही है कि स्कूलों व घरों के ऊपर से गुजरने वाली हाइटेंशन तारों को शिफ्ट किया जाए। इस पर निर्णय लिया गया है कि अब बिजली निगम अपने खर्च पर इन तारों को शिफ्ट करेगा। इसके लिए अलग से बजट का प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ढाणियों व फार्म हाउसों में भी 24 घंटे बिजली देने की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि ढाणियों में रहने वाले लोग कहते हैं कि उनके घरेलू व कृषि टयूबवेल कनेक्शन अलग-अलग करने से घरेलू जरूरतों के लिए बिजली आपूर्ति की समस्या बन रही है। घरेलू कनेक्शनों को म्हारा गांव-जगमग गांव की तरह गांवों के ट्रांसफर से जोड़ा जाएगा। चौधरी रणजीत सिंह ने कहा कि देश-दुनिया में कोयला, डीजल इत्यादि की दरों

**आपूर्ति**

**8 मांग की जा रही है कि स्कूलों व घरों के ऊपर से गुजरने वाली हाइटेंशन तारोंको शिफ्ट किया जाए**

में वृद्धि के बावजूद पिछले 9 वर्षों में हरियाणा में बिजली की दरें नहीं बढ़ाई गई हैं, जो बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि नीति आयोग ने भी हरियाणा में बिजली उत्पादन व प्रबंधन की सराहना की है। प्रदेश की चारों डिस्कॉम आज लाभांश की स्थिति में है और कभी भी डिफॉल्ट नहीं हुई हैं। इसलिए किसी भी वित्तीय संस्थान से यदि कंपनिया ऋण लेती हैं तो तत्काल स्वीकृति मिलती है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद, गुरुग्राम, सोनीपत, मानेसर क्षेत्र बड़े औद्योगिक हब बन चुके हैं। इतना ही नहीं, पानीपत, झज्जर, बहादुरगढ़, करनाल तक व उसके आस-पास के क्षेत्र में ग्रुप हाउसिंग सोसायटी बन रही हैं और इनमें भी बिजली की मांग बढ़ रही है, जिसे हरियाणा पूरा कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में निर्मित कार, ट्रैक्टर, मोटरसाईकिल, क्रेन इत्यादि का 50 प्रतिशत से भी अधिक उत्पादन हरियाणा में हो रहा है। यह सब केवल बिजली की उपयुक्त उपलब्धता के कारण ही संभव हुआ है, क्योंकि बिना बिजली के उद्योग चल नहीं सकते। गुजरात के बाद हरियाणा बिजली के मामले में नंबर-2 पर है।

# त्योडा के सरकारी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन




**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय त्यौडा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया! जिसमें छठी कक्षा से लेकर दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने मॉडल व पोस्टर्स बनाए। मुख्याध्यापक ज्ञानचंद सैनी ने पर्यावरण तथा पेड़ पौधों के महत्व को बताते हुए विद्यार्थियों

**प्रदर्शनी**

**8 छठी कक्षा से लेकर दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने मॉडल व पोस्टर्स बनाए**

को ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी में तरह-तरह के मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जो की काबिले तारीफ था । प्रदर्शनी बायोलॉजी प्राध्यापिका अंकिता तथा विज्ञान अध्यापक पंकज गौड़ की देखरेख में हुई। असीमा , नरेश तथा रामदिया बहल ने जज की भूमिका अदा करते हुए प्रदर्शनी को बेहतरीन तरीके से जांच कर परिणाम घोषित किया।

# 11 जेलों के साथ लगती जमीन पर बनेंगे पेट्रोल पंप



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के** जेल मंत्री चौधरी रणजीत सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र जेल के साथ लगती जमीन पर पेट्रोल पंप स्थापित करने के सफल प्रयोग के बाद अब सरकार ने प्रदेश की 11 और जेलों के साथ लगती जमीन पर पेट्रोल पंप स्थापित करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नीतिगत निर्णय को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। चौधरी रणजीत सिंह यहां प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र जेल के साथ संचालित पेट्रोल पंप से 90 लाख रुपये से 1 करोड़ रुपये तक सालाना आय हुई है। इसलिए सरकार ने 11 और पेट्रोल पंप स्थापित करने का निर्णय लिया है। ये पेट्रोल पंप इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन द्वारा स्थापित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि हरियाणा से बड़ी संख्या में लोग सालासर बालाजी धाम मंदिर सवामणी लगाने जाते हैं, इसे देखते हुए यह भी निर्णय लिया है कि हिसार, महेंद्रगढ़ व भिवानी जेल में कैदियों द्वारा सालासर बालाजी का प्रसाद बनाया जाएगा। जेल परिसर के बाहर विशेष काउंटर खोले जाएंगे, जहां पर लोग इस प्रसाद को बाजार से 30 प्रतिशत कम भाव पर ले सकेंगे।

**फैसला**

**8 आईओसीएल के सहयोग से स्थापित किए जाएंगे पेट्रोल पंप, हिसार, महेंद्रगढ़, भिवानी जेल में कैदियों द्वारा बनाया जाएगा: जेल मंत्री चौधरी रणजीत सिंह**

**प्रदेश में बनेंगी 3 नई जेल**
जेल मंत्री ने कहा कि भिवानी में नई जेल बनने के बाद अब चरखी दादरी, फतेहाबाद व रोहतक में नई जेल बनने जा रही है। इसके अलावा, अंबाला की सेंट्रल जेल को भी बाहर शिफ्ट किया जाएगा, जिसके लिए जमीन की तलाश की जा रही है। वर्तमान में जेलों की क्षमता लगभग 21,500 है और हवालाती व बंदियों की संख्या लगभग 26,000 है। उन्होंने कहा कि भिवानी जेल के उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बंदियों की खुराक व अन्य व्यवस्था के लिए 14 करोड़ रुपये देने की घोषणा की थी। इससे बंदियों को खाने में सब्जी व दाल तथा मिठाई भी दी जाती है, पहले केवल दाल रोटी दी जाती थी। उन्होंने कहा कि सुशील मोदी की अध्यक्षता में आई संसद की स्थायी कमेटी ने भौंडसी जेल का निरीक्षण किया था और विजिटर बुक में लिखा कि यहां जेलों में बेहतर व्यवस्था है।

## स्क्रेप कंपनी से लाखों रुपये कीमत का सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: बहालगढ़** थाना क्षेत्र स्थित स्क्रेप कंपनी में रखा लाखों रुपये कीमत का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। कंपनी मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। प्रीतमपुरा दिल्ली हाल में बहालगढ़ कंपनी मालिक दिनेश खुराना ने बताया कि उसकी बहालगढ़ में मेटल स्क्रेप की कंपनी है। गत 16 सिंतबर को किसी ने कंपनी से अज्ञात चोरों ने दीवार तोड़कर लाखों रुपये कीमत का स्क्रेप चोरी कर लिया।

# गांव त्योडा में धूमधाम से मनाया श्री गणेश महोत्सव: स्वीटी रंगा

**टीम एक्शन इण्डिया/** कुरुक्षेत्र/शाहबाद (दलबीर मलिक) शाहबाद के गांव त्योडा में सतीश शर्मा के परिवार की तरफ से श्री गणेश महोत्सव को बड़े धूम धाम से मनाया जा रहा है। श्री गणेश महोत्सव के आयोजक सतीश शर्मा त्योडा ने कहा कि गांव और आसपास के क्षेत्र की सुख शांति के लिए हर वर्ष श्री गणेश महोत्सव मनाया जाता है। श्री गणेश महोत्सव में हर रोज काफी संख्या में भगतजन पूजा अर्चना के लिए आ रहे हैं ।आज की पूजा अर्चना में कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा नलवी और समाजसेवी मिहा सिंह रंगा को विशेष आमंत्रित किया। स्वीटी रंगा ने सबसे पहले परिवार के साथ मिलकर पूजा अर्चना



संपन्न की और फिर स्वीटी रंगा द्वारा श्री गणेश जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर आरती में भाग लिया। स्वीटी रंगा ने कहा कि पूरे देश और शाहाबाद में भी अनेक गांवों और शाहाबाद नगर में अनेक स्थानों पर महोत्सव श्री गणेश मनाया जा रहा है ।स्वीटी रंगा ने कहा कि श्री गणेश जी दुखों को हरने वाले हैं सबसे पहले हर धार्मिक टी कार्यक्रम में श्री गणेश जी का पूजन किया जाता है। मिहा सिंह रंगा ने कहा कि श्री गणेश महोत्सव पर युवा वर्ग को नशे से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए। शिक्षा प्राप्त करके अपने भविष्य को बनाएं। इस सुभ अवसर पर श्रीमती कौशल्या रानी ,संजना सुनैना, रजनी ,तेजपाल व काफी संख्या में मातृशक्ति, सम्मानित बुजुर्ग, युवा साथी ,प्यारे बच्चे उपस्थित रहे।

**गणपति बप्पा**

**8 गांव और आसपास के क्षेत्र की सुख शांति के लिए हर वर्ष श्री गणेश महोत्सव मनाया जाता है**

# महिला आरक्षण बिल ओबीसी, एसटी और मुस्लिम महिलाओं के साथ धोखा: सतपाल

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** कांग्रेस नेता सतपाल शर्मा ने कहा कि संसद के विशेष सत्र में लाया गया महिला आरक्षण बिल देश की महिलाओं के साथ धोखा है और मोदी का मात्र एक चुनावी स्टंट है। मोदी सरकार घबराहट में महिला आरक्षण बिल तो ले आई लेकिन उसमें महिलाओं के लिए कुछ भी स्पष्ट नहीं है की ओबीसी, मुस्लिम और एससी महिलाओं को कितना आरक्षण मिलेगा। कांग्रेस पार्टी हमेशा महिलाओं का सम्मान करती रही है और इसी बात को ध्यान में रखते हुए इस महिला आरक्षण बिल का सबसे पहले कांग्रेस पार्टी ने समर्थन किया। इस बिल की कमियों को देखते हुए विपक्ष की



कई पार्टियों ने इसका विरोध किया और अब भाजपा की ही महिला सांसद इसका विरोध कर रही है इस बिल में कुछ भी स्पष्ट नहीं है उन्हें भी लगता है कि यह महिलाओं के साथ धोखा है और चुनाव में फायदा उठाने की एक कोशिश है।जुलाई अगस्त में संसद का मानसून सत्र खत्म हुआ था उसके बाद विपक्षी एकता में कई पार्टियां जुड़ी और उसका नाम रखा गया इंडिया जिससे भारतीय जनता पार्टी और उसकी सहयोगी पार्टियों में खलबली मच गई। भाजपा और उसके सहयोगियों को 2024 में हार का डर सताने लगा। भाजपा द्वारा अपने मंत्रियों और सहयोगियों से विचार विमर्श करने के बाद आनद-फानन में संसद का विशेष सत्र बुलाया और 2024 का चुनाव जीतने के लिए संसद के इस सत्र में बिलों के माध्यम से 2024 का चुनाव जीतने के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं जो कभी पूरे नहीं होंगे।

# सांग की विधा को लुप्त नहीं होने देंगे: नागेंद्र शर्मा



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** अदिति वन सूरजकुंड मेले के उपलक्ष्य में आयोजित सांग महोत्सव में बृहस्पतिवार को सांगी कलाकार बलबीर शर्मा ने पिंगला और भरतहरि के किस्से पर सांग की दमदार प्रस्तुति दी। सांगी कलाकारों ने समा बांध दिया। मेले में महिलाओं ने खूब खरीदारी की और विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। मार्तंड सूर्य की जयंती के उपलक्ष्य में यज्ञ का आयोजन किया गया।

सांग महोत्सव में मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे हरियाणा कला परिषद के अतिरिक्त निदेशक नागेंद्र शर्मा ने कहा कि हरियाणा की मुख्य सांस्कृतिक विधा सांग को लुप्त नहीं होने देंगे। हरियाणा में सांग के प्रति वातावरण बनाया जाएगा। स्कूलों और कॉलेजों में सांग की कार्यशाला आयोजित की जा रही हैं। नागेंद्र शर्मा ने कहा कि अंग्रेजी माध्यम से पढ? वाले विद्यार्थियों को भी हरियाणवी संस्कृति से अवगत करवाया जा रहा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के विशेष निर्देश हैं कि हरियाणा की संस्कृति को मौलिक रूप में अगली पीढ़ी तक पहुंचाया जाए।

**संस्कृति**

**8 सांगी कलाकार बलबीर शर्मा ने पिंगला और भरतहरि के किस्से पर सांग की दमदार प्रस्तुति दी**

अभिमन्युपुर के सरपंच गौरव जैलदार ने अतिरिक्त निदेशक नागेंद्र शर्मा और सांगी कलाकार बलबीर शर्मा को सम्मानित किया। गौरव जैलदार ने कहा कि सांगी कलाकारों ने पिंगला भरतरी के किस्से के माध्यम से चरित्र का संदेश दिया। उन्होंने रागिनियों के माध्यम से चरित्र की विशेषताएं बताई। इस अवसर पर उमरी गांव के सरपंच बसंत लाल, ब्लॉक समिति सदस्य विक्की लोहट, सोहेल खान, जसमेर सिंह चौहान, मोहन लाल नागपाल, हरिचरण शर्मा, रागबीर सिंह, अजय चौहान, शीशपाल गुप्ता, सुभाष चंद, सोम नाथ शर्मा, शिवनंदन शर्मा, बबलू शर्मा, सूरत सिंह भगत, दीवान चंद, संजीव कुमार, बाबू राम चौहान, मनदीप शर्मा और विकास रंपी मौजूद थे।

## 1857 की क्रांति और राव तुलाराम विषय पर विचार गोष्ठी आज

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़,** । 1857 की क्रांति के अमर शहीद राव तुलाराम के शहीदी दिवस पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय व युवा इंकलाब संगठन के संयुक्त तत्वावधान में 22 सितंबर को विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए युवा इंकलाब संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरपंच परमजीत सिंह ने बताया कि 22 सितंबर को दोपहर 11:00 बजे केंद्रीय विश्वविद्यालय के मिनी ऑडिटोरियम में 1857 और राव तुलाराम विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा । कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार करेंगे जबकि इतिहासकार डॉक्टर लक्ष्मीनारायण व डॉक्टर कर्मवीर मुख्य वक्ता के रूप में

# धूलगढ गुलडेहरा में छात्रों को डाबर बोनवीटा किए वितरित

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** स्वस्थ भारत, स्वस्थ समुदाय अभियान के तहत सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के द्वारा राजकीय आदर्श संस्कृति प्राथमिक विधालय धूलगढ गुलडेहरा जिला कुरुक्षेत्र में पढ़ने वाले सभी बच्चों को डाबर बोनवीटा वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन विधालय के अध्यापक मुनीष शर्मा ने की उन्होने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया व आज के कार्यक्रम के लिए सेवा ट्रस्ट टीम कुरुक्षेत्र का धन्यवाद किया और कहा की स्वस्थ बच्चे ही शिक्षित होकर स्वस्थ समाज का निर्माण करते है। बच्चो को पढ़ाई के




साथ-साथ खेलो७ और स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया जाना चाहिए। सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोऑर्डिनेटर व विधालय मुख्याध्यापक पवन मित्तल ने बताया की ट्रस्ट समाज में शिक्षा,स्वास्थ्य, रक्तदान, पौधारोपण और विधालय मे पढ़ने वाले बच्चो की करियर काउंसलिंग के कार्य करने में हमेशा तत्पर है अब संस्था सरकारी विद्यालय के सभी बच्चो को स्वस्थ रखने का अभियान चलाए हुए है। सेवा ट्रस्ट स्वस्थ भारत स्वस्थ समुदाय के तहत बच्चों के स्वस्थ रखने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है ओर लगातार इस तरह के कार्यक्रम सरकारी विद्यालय मे कर रहा है ओर सभी बच्चो को जागरूक कर रहा है इसलिए आज अपनी को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से समस्त बच्चों को डाबर बोरनवीटा भेंट किए जिसे पाकर सभी बच्चो के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर सीमा शर्मा ने सेवा ट्रस्ट के कार्य बारे विस्तार से बताया की सेवा ट्रस्ट जिला कुरुक्षेत्र मे बहुत ही नेक कार्य कर रही है खासकर सरकारी विद्यालय मे पढ़ने वाले बच्चो के स्वास्थ्य सम्बन्धित कार्य गम्भीरतापूर्वक कर रही है ओर बच्चो को स्वास्थ्य से संबंधित सामान उपलब्ध करवा रही है इस मौके पर विधालय के अध्यापक नीरज वर्मा, कृष्ण लाल, अनिल कुमार, अशोक कुमार, पन्नी देवी, रणधीर सिंह, मीतो देवी, गीता देवी व सभी बच्चो के अभिभावकगण उपस्थित रहे।

**स्वास्थ्य पर बल**

**8 समाज का निर्माण करते है। बच्चो को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों और स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया**

# नारी वंदन विधेयक लाकर नारी शक्ति का मान सम्मान बढ़ाया है: अर्चना

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
भाजपा पूरी तरह चुनावी मोड में आ गई है। उसने अपनी चुनावी तैयारी युद्ध स्तर पर शुरू कर दी है। आज भाजपा के संगठन महामंत्री फन्निंदर नाथ शर्मा ने सेक्टर 24 स्तिथ गुज्जर भवन में संगठन की ताबड़ तोड़ बैठकें ली। कोर कमेटी की बैठक जिसमे जिला भाजपा अध्यक्ष डा अर्चना गुप्ता, विधायक प्रमोद विज, मेयर अवनीत कौर,,कुलदीप कौशिक, लोकेश नांगरू, मेघ राज गुप्ता, विधु रावल, रविन्द्र भाटिया तथा कृष्ण छौक्कर शामिल हुए । कोर कमेटी की बैठक को सम्बोधित करते हुए संगठन महा मंत्री फन्निंदर



नाथ शर्मा ने कहा की कोर कमेटी में सभी वरिष्ठ सदस्य जिले के कार्यों पर गौर करते रहे तथा कार्यकर्ताओं का मार्ग दर्शन करे । जिला पदाधिकारियों ,मंडल अध्यक्षों तथा मंडल अध्यक्षों की बैठक को संबोधित करते हुए फन्नींदर नाथ शर्मा ने कहा की प्रधान मंत्री मोदी देश की शान,मान तथा सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ा रहे है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष डा अर्चना गुप्ता ने कहा की नारी वंदन विधेयक लाकर नारी शक्ति का मान सम्मान बढ़ाया है।

## घर के अंदर घुसकर मारपीट व धमकी देने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव खेवड़ा कॉलोनी घर के अंदर घुसकर युवक पर हमला कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। युवक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत आरोपितों को नामजद कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। वारदात के बाद से आरोपित फरार है। खेवड़ा कॉलोनी निवासी विजय ने बताया कि गत 19 सिंतबर को देर रात करीब 10.30 बजे वह अपने घर पर मौजूद था। उसी दौरान गांव के लड़के ध्रुव को फोन आया। उसने बताया कि ध्रुव व हिमांशु गांव की फिरनी पर बैठे है। उन्हें लेने के लिए एक बार आ जा। उसने फोन पर कॉलर से आने से मना कर दिया। कुछ देर बाद ध्रुव व हिमांशु हाथों में डंडा लेकर उसके घर में घुस आए। उसके साथ गाली-गलौच करने लगे। उसे घर से बाहर खींच लिया। उसके बाद डंडे से पिटाई करने लगे। उसकी मां ने शोर मचाया। पड़ोसी शोर सुनकर इक्ट्ठा होने लगे तो आरोपित उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। उसी मां उसे घायल अवस्था में लेकर अस्पताल में पहुंची। जहां नागरिक अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद उसे महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर में रेफर कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर आरोपितों को नामजद कर लिया है।

# ऐतिहासिक होगी इनेलो की राज्य स्तरीय सम्मान दिवस रैली: दीपा देशवाल

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**
कैथल में 25 सितंबर को अनाज मंडी में ताऊ देवीलाल की जयंती पर आयोजित होने वाली इनेलो की राज्य स्तरीय सम्मान दिवस रैली को इनेलो महिला प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीपा देशवाल ने दावा किया की रैली न केवल ऐतिहासिक होगी बल्कि अपने पुराने सभी रिकार्ड तोड़ेगी। दीपा देशवाल ने बताया कि रैली में पानीपत जिला से 2 हजार गाडि?ं में कार्यकर्ता जनता को लेकर जायेंगे। जिसको लेकर सभी तैयारियां पुरी कर ली गई हैं। दीपा देशवाल ने कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी नेता रैली में आएंगे। जिनके विचार सुनने के लिए प्रदेश की जनता में भारी



उत्साह है। रैली को संबोधित करने वालों में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव व मौजूदा मुख्यमंत्री नीतिश कुमार, सीता राम येचूरी, शरद पवार, जयंत चौधरी, फारुख अब्दुल्ला व चौधरी विरेंद्र सिंह आदि शामिल हैं। दीपा देशवाल ने कहा कि स्व.ताऊ देवीलाल जैसे महापुरुष की जयंती मनाना जहां पार्टी के लिए गर्व की बात है,वहीं इसमें शामिल होना भी किसी गौरव से कम नहीं है। हरियाणा की जनता को गांव की चौपाल में सरकार बैठाने वाले स्व.ताऊ देवी लाल ही थे। बुजुर्गों को पैंशन के रूप में सम्मान भत्ते की शुरूआत करने वाले भी पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व.ताऊ देवीलाल ही थे। किसानों को उनके हक तथा पिछड़ों को विधानसभा में भेजने का काम भी प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री ताऊ देवी लाल द्वारा ही किया गया था। ऐसे महापुरूष को श्रद्धासुमन अर्पित करने व उनके जीवन से जुड़े बड़े पहलू जानने के लिए भारी संख्या में प्रदेश वासी 25 सितंबर को कैथल की अनाज मंडी में एकत्रित होंगे।

## न्यूज फ्लैश

### मेरी माटी मेरा देश अभियान भारतीय एकता व अखण्डता का प्रतीक है : उपायुक्त



**गन्नौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश के वीर शहीदों के सम्मान में जिला में मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान भारतीय एकता व अखण्डता का प्रतीक है, जिसके तहत शहर से लेकर गांव तक प्रत्येक घर से एक मुट्ठी माटी कलश में एकत्रित की जा रही है। उपायुक्त मनोज कुमार ने कहा कि ह्यअमृत कलश यात्राह्ण हर परिवार में देशभक्ति की भावना जागृत करेगी। उन्होंने बताया कि मेरी माटी-मेरा देश अभियान देश के वीर शहीदों के सम्मान में चलाया गया अनूठा कार्यक्रम है, जिसके तहत देशभर से मिट्टी एकत्रित की जा रही है। मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत माटी को नमन-वीरों का वंदन कार्यक्रम गुरूवार को उपमंडल गन्नौर के गांव बजाना कलां में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत घर-घर से मिट्टी एकत्रित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के सरपंच मेहर सिंह द्वारा की गई। सरपंच मेहर सिंह ने बताया की मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत तहत गांव में घर-घर से मिट्टी कलश में एकत्रित की जा रही है। इस दौरान गांव के ग्राम सचिव सहित गांव के बच्चें मौजूद रहे।

### सर्वोतम माता प्रतियोगिता में कैलाना की ज्योति प्रथम, ज्योति शाहुपर को मिला द्वितीय इनाम



**गन्नौर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिनी सचिवालय स्थित कार्यालय में सर्वोतम माता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सर्कल स्तर पर और प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली माताओं ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों में से लिखित परीक्षा के आधार पर ब्लाक स्तर के विजेताओं का चयन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीओ सतवन्ती मलिक ने की। पीओ प्रवीन मलिक ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। ब्लाक स्तर पर प्रथम रही सुशीला गांव कैलाना को 4 हजार रुपएं का नकद इनाम, द्वितीय रही ज्योति शाहपुर को 3 हजार रुपएं, तृतीय रही मनीषा भूर्री को 2 हजार रुपए का इनाम दिया गया। सीडीपीओ सतवंती मलिक ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को पोषण अभियान के बारे में जागरूक किया। उन्होंने महिलाओं को विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए पोषण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में कार्यालय की सहायक कमला, आकड़ा सहायक देवेन्द्र लिपिक जगवीर, सुपरवाइजर, संदीप व सचिन मौजूद रहे।

# मिलेट्स पर आयोजित सम्मेलन का वैज्ञानिक सलाहकार ने किया शुभारंभ

## भारतीय के मोटे अनाजों को विश्व स्तर पर अलग पहचान देने के लिए केन्द्र सरकार कर रही है प्रयास : प्रो सूद

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**अंतर्राष्ट्रीय** सम्मेलन का मुख्यातिथि भारत सरकार में प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद दीप जलाकर शुभारम्भ करते साथ में संस्थान के निदेशक डा. हरेन्द्र सिंह ओबराय व प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए।

राई। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कुण्डली स्थित राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमशीलता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टम) में मिलेट्स (मोटा अनाज) को पोषण और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ गुरूवार को बतौर मुख्यातिथि भारत सरकार में प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद ने किया। प्रो. अजय कुमार सूद ने सम्मेलन में उपस्थित राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय मोटे अनाजों को विश्व स्तर पर अलग पहचान देने के लिए केन्द्र सरकार अनेक प्रयास कर रही है। आज उसी प्रयास की एक झलक आपको निफ्टम में दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि विश्व स्तर पर मोटे अनाजों की बहुत ज्यादा डिमांड है इसलिए देश के उद्योगपति और किसान इस क्षेत्र में आगे बढने का प्रयास करें ताकि वो आर्थिक रूप से मजबूत हो सके।
प्रो. सूद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से ही आज पूरा विश्व 2023 को मिलेट्स वर्ष के रूप में मना रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए जी-20 सम्मेलन के दौरान देश के विभिन्न शहरों में



आयोजित 220 कार्यक्रमों में भारतीय मोटे अनाजों को बढ़ावा देने के लिए विदेशी प्रतिनिधियों ने भारतीय मोटे अनाजों से बने व्यंजनों का स्वाद चखा। इस दौरान सभी विदेशी प्रतिनिधियों ने मोटे अनाजों से बने भारतीय व्यंजनों का जमकर तारीफ की। यही नहीं हाल में जी-20 के दौरान राष्ट्रपति द्वारा सम्मेलन में भाग लेने वाले राष्ट्र अध्यक्षों को दिए गए प्रतिभोज में भी भारतीय मोटे अनाजों से बने व्यंजनों को शामिल किया गया। कार्यक्रम के अंत में मिलेट्स पर आधारित मिलेट् मार्वल पुस्तक तथा संस्थान पत्रिका का भी विमाचन किया गया। इस मौके पर खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव प्रीतपाल सिंह, निफ्टम संस्थान के निदेशक डा. हरेन्द्र सिंह ओबराय, निफ्टम की प्रोफेसर डा. अनुपमा सिंह सहित अनेक देशों से आए प्रतिनिधि व निफ्टम में पढने वाले छात्र-छात्राएं व शिक्षक मौजूद रहे। मोटे अनाजों से व्यंजनों को शामिल करने के लिए दुनिया मिलेट्स वर्ष मना रही है : प्रो. सूद प्रो. सूद ने कहा कि हर व्यक्ति के प्रतिदिन आहार में मोटे अनाजों से व्यंजनों को शामिल करने के लिए दुनिया 2023 को मिलेट्स वर्ष के रूप में मना रही है। उन्होंने कहा कि मिलेट्स सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। मिलेट्स की दो व्यापक श्रेणियां हैं मेजर या मुख्य मिलेट्स और माइनर या छोटे मिलेट्स. बाजरा, ज्वार, रागी और कंगनी मुख्य मिलेट्स की श्रेणी में आते हैं और समा, कोदो, चिन्ना इत्यादि को छोटे मिलेट्स माना जाता है। उन्होंने बताया कि हर एक मिलेट का अपना महत्व है जैसे कि बाजरा, कैल्शियम से भरा होता है, ज्वार में पोटेशियम और फास्फोरस होता है, और कंगनी में फाइबर होता है जबकि कोदो आयरन से भरपूर होता है। इसलिए हमें सभी तरह के मिलेट्स खाते रहना चाहिए।
किसान व उद्योगपतियों द्वारा निफ्टम में लगाई गई प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए अवलोकन किया।

## मोतीलाल नेहरू खेल स्कूल राई की 22 छात्राओं का स्कूल नेशनल्स के लिये चयन



**टीम एक्शन इंडिया/राई।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में आयोजित अंडर -19 वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में मोतीलाल नेहरू खेल स्कूल राई की टीम ने सिंधिया कन्या विद्यालय ग्वालियर की टीम को 3-0 के अंतर से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं दूसरी तरफ अंडर -14 वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में मोतीलाल नेहरू खेल स्कूल राई की टीम ने एमरल्ड हाईट्स इंदौर की टीम को 2-0के अंतर से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। इसी क्रम में अंडर -17 वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में मोतीलाल नेहरू खेल स्कूल राई की टीम ने सिल्वर मेडल हासिल कर जीत दर्ज की। मध्य प्रदेश के सिंधिया कन्या विधालय स्कूल ग्वालियर में अखिल भारतीय पब्लिक स्कूल कांफ्रेंस के स्कूलों के बीच नेशनल स्कूल गेम्स के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगितामें देश भर की टीमों ने हिस्सा लिया। मोतीलाल नेहरू खेल स्कूल ने शुरूआत से ही अपने आक्रामक तेवर दिखाते हुए सिंधिया कन्या स्कूल को 3-0 के अंतर से मात देकर प्रतियोगिता अपने नाम की।

### मोदी के लिए महिला सशक्तीकरण राजनीतिक मुद्दा नहीं, मान्यता का सवाल है : शाह

**कानपुर:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़ा 128वाँ संविधान संशोधन 'नारी शक्ति वंदन विधेयक-2023' बिल पेश किया गया, जिसे बुधवार को लोकसभा में पास कर दिया गया। इस मौके पर विपक्ष के सवालों का करारा जवाब देते हुए शाह ने स्पष्ट किया कि, कुछ पार्टियों के लिए महिला सशक्तीकरण पॉलिटिकल एजेंडा या राजनीतिक मुद्दा हो सकता है। मोदी के लिए महिला सशक्तीकरण राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि मान्यता का सवाल है। नए संसद भवन में पेश किया गया 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' पर बुधवार चर्चा के बाद वोटिंग के दौरान तमाम बहसों के बीच बिल के पक्ष में 454 वोट पड़े और यह बिल दो तिहाई बहुमत से पास हो गया।

## राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में प्लेसमेंट आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान अंबाला शहर मे मैकेनिकल व इलैक्ट्रिकल विभाग के विद्यार्थियो के लिए टी.एस टैक्सन इंडिया लिमिटेड कैम्पनी नीमराना राजस्थान द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया । इस प्लेसमेंट ड्राइव मे कैम्पनी के एच.आर विभाग से श्री दिलीप पैटरो जी साक्षात्कार के लिए आए। इस प्लेसमेंट ड्राइव मे राजकीय बहुतकनीकी संस्थान अंबाला शहर के विद्यार्थियो के साथ राजकीय बहुतकनीकी उमरी, राजकीय बहुतकनीकी नानकपुर, राजकीय बहुतकनीकी शेरगढ़ कैथल व राजकीय बहुतकनीकी



हथनीकुंड़ यमुनानगर के विद्यार्थियो ने भाग लिया । इसमे राजकीय बहुतकनीकी अंबाला से 4 , राजकीय बहुतकनीकी शेरगढ़ से 3 और राजकीय बहुतकनीकी हथनीकुंड़ से 2 विद्यार्थियो व कुल 9 विद्यार्थियों चयन हुआ। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य ड़ा राजीव सपरा जी और ट्रेनिंग व प्लेसमेंट अधिकारी श्री रोशन लाल ने सभी चयनित विद्यार्थियो के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हे बधाई दी ।
इस अवसर पर संस्थान से श्री हितेश चावला , पुष्पेंदर प्रताप इत्यादि उपस्थित थे.

## नारी शक्ति वंदन विधेयक देश के लोकतंत्र में एक ऐतिहासिक कदम : डा. नीना

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** झज्जर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष व नगर पार्षद डा. नीना सतपाल राठी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने नारी शक्ति वंदन विधेयक (महिला आरक्षण बिल) के जरिये नए भारत की नींव रखी है। इससे राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर नीति-निर्माण में महिलाओं की अधिक भागीदारी
सुनिश्चित होगी। नारी शक्ति वंदन विधेयक देश के लोकतंत्र में एक ऐतिहासिक कदम है। इस कदम से देश की नारी शक्ति की ताकत और बढ़ेगी। महिला सशक्तिकरण मौजूदा सरकार की परिकल्पना नहीं बल्कि मजबूत संकल्प है। नई संसद में लोकसभा में पारित हुए इस महिला आरक्षण बिल से महिलाओं में काफी जोश व उत्साह का माहौल है।
हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष औमप्रकाश धनखड़ की अगुवाई में झज्जर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष व नगर पार्षद डा. नीना सतपाल राठी के साथ काफी महिलाओं ने दिल्ली में जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। साथ ही उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का भी आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे भी हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे लाने व उनके हितों को ध्यान रखते हुए कार्य कर रहे हैं। डा. नीना सतपाल राठी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन बिल से देश की महिलाएं



राजनीति में और भी सशक्त होंगी। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मोदी सरकार का प्रशंसनीय निर्णय है। अमृतकाल में लोकतंत्र के नये मंदिर में पहले ही दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन बिल पेश कर ऐतिहासिक निर्णय लिया। इस पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि आधी आबादी के हक के लिए भाजपा सरकार सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते हुए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा से ही महिला आरक्षण बिल के समर्थन में रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाया है। नारी शक्ति वंदन विधेयक से महिलाओं को
लोकसभा व विधानसभा में 33 फीसद आरक्षण मिलेगा। मोदी सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय से नारी शक्ति को नई शक्ति मिलेगी और उनका आगे का रास्ता भी प्रशस्त होगा। डा. नीना सतपाल राठी ने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने अपने 9 साल के कार्यकाल में महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर अनेक कारगर कदम उठाये हैं।

## महिंद्रा ने लॉन्च की बोलेरो नियो+ एम्बुलेंस, कीमत 13.99 लाख रुपए

**नोएडा।** भारत में अग्रणी एसयूवी निमार्ता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने आज गर्व के साथ बोलेरो नियो+ एम्बुलेंस को लॉन्च किया। टाइप बी एम्बुलेंस सेगमेंट को नियंत्रित करने वाले एआईएस-125 (भाग 1) मानदंडों का पूरी तरह से अनुपालन करने के लिए निर्मित नियो+ एम्बुलेंस बड़े शहरों, छोटे शहरों और उपनगरीय इलाकों में लोगों की विभिन्न जरूरतों को पूरा करेगी। अपने बेहतर ओईएम-स्तर की निर्माण गुणवत्ता के साथ-साथ विभिन्न जरूरतों को पूरा करने की खूबी के कारण नियो+ एम्बुलेंस खरीदारों की पसंद पर खरा उतरेगी। नियो+ में 2021 में लॉन्च बोलेरो नियो के समान ही मजबूत आधार हैं। अधिक शक्तिशाली 2.2एल एमहॉक इंजन के साथ इसमें और अधिक बड़ी केबिन के लिए लंबा व्हीलबेस है और इस तरह यह एम्बुलेंस विभिन्न बाजारों में एम्बुलेंस मालिकों और ऑपरेटरों की आवश्यकताओं को बेहतर तरीके से पूरा करती है।
बोलेरो नियो+ एम्बुलेंस की कीमत ईएसआर 13.99 लाख रुपए है, सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) कीमत 12.31 लाख रुपए के साथ। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के सीईओ - ऑटोमोटिव सेक्टर श्री नलिनीकांत गोलागुंटा ने कहा, बोलेरो नियो+ एम्बुलेंस के लॉन्च के साथ, हम राष्ट्र-निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाते हैं। बोलेरो ब्रांड लंबे समय से ऐसे लोगों के बीच काम कर रहा है, जो समुदायों और आम जनता के जीवन को बेहतर बनाने और सुरक्षित करने का काम कर रहे हैं। पुलिस, सेना और अर्धसैनिक बलों से लेकर अग्निशमन, वन, सिंचाई और सार्वजनिक कार्यों में लगे सरकारी विभागों तक, सभी ने अलग-अलग किस्म की अपनी जरूरतों को देखते हुए अपनी मजबूती और प्रदर्शन के लिए बोलेरो-बैज एसयूवी पर भरोसा किया है।

## कुश्ती दंगल करवाने से पहलवानों की प्रतिभा में निखार आता है : जयभगवान आंतिल


**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
कुमासपुर गांव में वीरवार को आयोजित हुए कुश्ती दंगल में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे। आंतिल बाराहा खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल ने पहलवानों का हौसल्ला बढ़ाया और अपनी तरफ से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पहलवान 1 लाख 1 हजार रुपए देकर सम्मानित किया। आंतिल ने पहलवानों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कुश्ती करवाने से पहलवानों की प्रतिभा में निखार आता है। कुश्ती



दंगल के दौरान मिट्टी में होने वाली कुश्ती युवा पहलवानों को आगे बढने के लिए प्रेरित करती हैं। कुश्ती दंगल में जो पहलवान मेहनत करके आगे बढता है वही आगे चलकर देश का प्रतिनिधित्व करता है। जयभगवान आंतिल ने कहा कि कुश्ती के क्षेत्र का एक समय ऐसा भी आया जब किसी-किसी क्षेत्र में कुश्ती दंगल होते थे और पहलवान दूर-दूर से उसमें भाग लेने के लिए आते थे, लेकिन पहलवानों की बढ़ती पौध ने आज स्थिति ऐसी पैदा कर दी है।

## 'नारी शक्ति वंदन विधेयक भारत को महाशक्ति बनाने की ओर एक सार्थक व बड़ा कदम'

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**
लघु उद्योग भारती हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट बलबीर सिंह ने महिला आरक्षण बिल नारी शक्ति वंदन विधेयक को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक कदम बताया है। एडवोकेट बलबीर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि यह देश व समाजहित में भाजपा सरकार की ओर से लिए गए अनेकों ऐतिहासिक फैसलों में से एक ऐसा महत्वपूर्ण फैसला है जिसे पूर्व की सरकारें लागू करने का साहस नहीं जुटा सकीं। ये



फैसला इसलिए भी अति महत्वपूर्ण है क्योंकि आज की नारी ने शिक्षा, खेल, चिकित्सा, विज्ञान, कला, साहित्य, लेखन व स्वयं रोजगार सहित हर क्षेत्र में अपना एक अलग परचम व वर्चस्व स्थापित कर हर क्षेत्र में अपनी एक सशक्त पहचान बनाते हुए अपने काम से अपनी अमिट छाप छोड़ी है।
महिला आरक्षण बिल के लागू होने के बाद लोकसभा व विधासभा में महिलाओं की संख्या व सहभागिता बढ़ेगी। जिससे महिलाओं का नीति निर्धारण में खासा योगदान बढ़ेगा और महिला सशक्तिकरण को बल मिलेगा। एडवोकेट बलबीर सिंह ने कहा कि एक स्वस्थ व सशक्त समाज महिलाओं की सहभागिता के बिना संभव नहीं है, सही मायनों में नारी शक्ति वंदन विधेयक भारत को महाशक्ति बनाने की ओर एक सार्थक व बड़ा कदम है। एडवोकेट बलबीर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके दृढ़ संकल्प व मजबूत नेतृत्व के चलते देशहित में लगातार ऐतिहासिक कड़े निर्णय लिए जा रहे हैं जिनके लिए पूर्व की सरकारें केवल कहती ही रही, करने का साहस नहीं जुटा पाई।
एडवोकेट बलबीर सिंह कहा कि भारत को महाशक्ति बनने की राह में भाजपा सरकार द्वारा उठाए जा रहे महिला आरक्षण बिल सहित इन सभी कदमों के दूरगामी सार्थक परिणाम निकलेंगे।

## पारमा टेक्सटाइल्स फैक्ट्री में लगी आग, 25 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
बृहस्पतिवार की सुबह बड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेज 2 स्थित पारमा टेक्सटाइल्स फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। फैक्ट्री में सिंथेटिक व नायलान के धागे से एडहेसिव टेप बनाने का काम किया जाता था। देखते ही देखते आग की लपटे इतनी तेज फैल गई कि फैक्ट्री के दूसरे हिस्सा को भी आग ने चपेट में ले लिया। दोनो कंपनी में तेज आग लगने की वजह से आसमान में कई फीट ऊपर तक आग के साथ धुंए का गुबार बन गया। आग की सूचना पर अग्निशमन गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया। सूचना के बाद बड़ी औद्योगिक क्षेत्र व गन्नौर दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची, तेजी से फैलती आग ने साथ लगती



दूसरे हिस्से की फैक्ट्री को भी अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। जिसके बाद सोनीपत व आस-पास के जिलों से करीब 25 दमकल गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया। इसके बावजूद भी कई घंटों तक भी फैक्ट्री में आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका। आग लगने का कारण बायलर का स्टीम पाइप फटने का कारण बताया जा रहा है। फैक्ट्री में आग लगने के बाद सभी कर्मचारी बाहर आ गए।

**बताया गया कि आग लगने से दो हुए है घायल**
फैक्ट्री में आग बुझाने का प्रयास किए लेकिन सफल नही हुआ। आग ने फैक्ट्री के दूसरे हिस्से में स्थित मैन्युफैक्चरिंग प्लांट तक पहुंच गई। बताया जा रहा है कि आग बुझाने के दौरान दो व्यक्ति भी घायल हो गए, लेकिन समय रहते वह बाहर निकल आए। जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भिजवा दिया गया।

**मौके पर तहसीलदार व पुलिस बल तैनात:** आगजनी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा के दृष्टिगत बड़ी थाना प्रभारी मनीष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पहंच गए। इसके साथ ही तहसीलदार मनोज कुमार भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों को सड़क से हटाया ताकि वह किसी तरह की घटना का शिकार होने से बच सकें।

**आगजनी की क्षेत्र में एक महीने में दूसरी बड़ी घटना**
एक महीने में बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में यह दूसरी बड़ी आगजनी की घटना है। 22 अगस्त को बड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेज 1 स्थित साई एग्जिम केमिकल फैक्ट्री में आग लगी थी। आगजनी से फैक्ट्री पूरी का सारा सामान जल कर पूरी तरह से राख होने के साथ फैक्ट्री में फसने की वजह से मैकेनिक की भी मौत हो गई थी।

## ड्यूरोप्लाई माटेसिया 2023 में अपने टॉप ब्रैंड्स में ड्यूरो एडवांटेज-09 लेयर्स ऑफ प्रोटेक्शन लॉन्च करेगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।**
**देश की एक** प्रमुख और अनुभवी प्लाईवुड कंपनी ड्यूरोप्लाई भारत में भवन निर्माण सामग्री के क्षेत्र में आयोजित होने वाली प्रमुख प्रदर्शनी माटेसिया 2023 में ड्यूरो एडवांटेज-09 लेयर्स ऑफ प्रोटेक्शन लॉन्च करने जा रही है। भवन निर्माण क्षेत्र में भारत की सबसे प्रमुख प्रदर्शनी माटेसिया 2023 का आयोजन नई दिल्ली के प्रगति मैदान में 22-24 सितंबर 2023 को किया जाएगा। माटेसिया प्लाईवुड इंडस्ट्री की सभी दिग्गज कंपनियों को एक प्लेटफॉर्म पर लाएगी। अपने प्रीमियम क्वॉलिटी प्रॉडक्ट्स के लिए मशहूर, ड्यूरोप्लाई का पेवेलियन इस प्रदर्शनी में लोगों को काफी पसंद आएगा। माटेसिया की प्रदर्शनी एक सालाना इवेंट है, जहां आर्किटेक्ट्स, डिजाइनर्स, कंस्ट्रक्शन और बिल्डिंग मटीरियल क्षेत्र की प्रमुख और दिग्गज कंपनियों के साथ उभरती कंपनियां भी अपने प्रॉडक्ट्स का प्रदर्शन करती हैं। ड्यूरोप्लाई के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर श्री अखिलेश चितलांगिया ने उपभोक्ताओं की दिलचस्पी के प्रॉडक्ट्स बनाने के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा, उपभोक्ता हमेशा से प्लाईवुड प्रॉडक्ट्स के नए-नए फीचर्स की तलाश में रहते हैं। हमने उपभोक्ताओं के लिए उनके नौ पसंदीदा फीचर्स से लैस नया प्रॉडक्ट्स तैयार किया है। हम माटेसिया 2023 की प्रदर्शनी में इसे लॉन्च करने के लिए तैयार हैं। ड्यूरो एडवांटेज के साथ हमारे प्रॉडक्ट्स लकड़ी में दीमक लगने से बचाव की ड्यूरो लाइफटाइम गारंटी देते हैं। यह हमारे प्रतिष्ठित उपभोक्ताओं को हमारा बेमिसाल आश्वासन है।
उन्होंने कहा, हम एक बार फिर माटेसिया की प्रदर्शनी का हिस्सा बनकर काफी उत्साहित हैं। सदियों से गुणवत्ता की कसौटी पर खरी उतरी कंपनी ड्यूरोप्लाई इस प्रदर्शनी में नए-नए फीचर्स से लैस प्रॉडक्ट्स लॉन्च करेगी। हम जो प्रॉडक्ट्स लॉन्च करते हैं।

# संपादकीय

## महिलाओं के नेतृत्व,प्रभुत्व के क्रम में भारत ने रचा इतिहास

**वैश्विक** स्तरपर पूरी दुनियां देख रही है कि हाल के कुछ वर्षों में भारत सफलताओं के नए-नए आयाम बनाकर इतिहास पर इतिहास रचे जा रहा है। आर्टिकल 370, 35 ए तीन तलाक, राम मंदिर जैसे अनेक मुद्दों को सुलझाने के बाद 27 वर्षों से लटका हुआ महिला आरक्षण बिल 128 वें संविधान संशोधन विधेयक 2023 को 20 सितंबर 2023 को लोकसभा के विशेष सत्र में 454/2 वाले रिकॉर्ड अद्भुत बहुमत से पर्ची से किए गए वोटो से पारित हो गया है जिसे शनिवार 21 सितंबर 2023 को राज्यसभा में भी पारित किया जाएगा ऐसा मेरा मानना है। फिर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद यह लोकसभा व विधानसभाओं में महिलाओं के आरक्षण के लिए 33 प्रताशित आरक्षण का संवैधानिक रूप बन जाएगा जो पूरे विश्व कीमहिलाओं के सम्मान में उठाया गया भारत का महत्वपूर्ण कदम है। हालांकि पूरे विश्व के अधिकांश देशों में महिला लोकसभा,सीनेट में भारत पिछड़ा हुआ था जहां 60 प्रतिशत से 28 प्रतिशत तक सीटें महिलाओं की है, वहीं भारत लोकसभा में 15.21 प्रतिशत व राज्यसभा में 14 प्रतिशत महिलाएं हैं, जो अब नारी शक्ति वंदन विधेयक के कानून बनने के बाद 33.33 प्रतिशत याने एक तिहाई सहभागिता हो जाएगी जो ऐतिहासिक कदम है। सारी महिलाएं सभी सांसदों का शुक्रिया अदा कर रही है परंतु विशेष बात यह है कि यह कानून बनने के बाद भी 2029 या 2034 से ही लागू होगा क्योंकि कानून बनने के बाद 2021 से लंबित जनगणना पूरी होगी जो अनुमानतः 2024 लोकसभा चुनाव के बाद होगी फिर लोकसभा सीटों का परिसीमन होगा, उसमे भी संविधान के तहत 2026 तक परिसीमन पर रोक लगी हुई है। उधर अनुच्छेद 368 कहता है, कि अगर केंद्र सरकार के कानून से राज्यों के अधिकारों पर कोई प्रभाव पड़ता है तो ऐसे मामलों में कानून बनने के लिए कम से कम 50 प्रतिशत विधानसभाओं की मंजूरी लेनी होगी। यानें कि अगर केंद्र सरकार को ये कानून देशभर में लागू करना है तो इसे कम से कम 14 राज्यों की विधानसभाओं से भी पास कराना होगा। हालांकि कुछ सूत्रों का कहना है कि इसकी जरूरत नहीं होगी।उधर 20 सितंबर 2023 को लोकसभा में बिल पर बस की लाइव टेलीकास्ट टीवी चैनलों से हमने देखे उसमें लोकसभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक को लेकर हुई चर्चा में केंद्रीय मंत्री, रायबरेली सांसद और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा सहित 60 सदस्यों ने हिस्सा लिया। विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री ने रानी दुर्गावती, रानी चेन्नम्मा, रानीअहिल्याबाई रानी लक्ष्मी जैसी असंख्य वीरांगनाओं का उल्लेख किया। चूंकि,पूरी उम्मीद है कि बिल राज्यसभा में पारित कर कानून बन जाएगा इसलिए मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, दुनियां में बढ़ते महिलाओं के नेतृत्व,प्रभुत्व के क्रमं में भारत नें इतिहास रच दिया है।

साथियों बात अगर हम 20 सितंबर 2023 को देर शाम नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित होने की करें तो,बुधवार को संसद के विशेष सत्र के तीसरे दिन नारी शक्ति वंदन बिल लोकसभा में पारित हो गया। इस बिल के समर्थन में 454 और खिलाफ में 2 मत डाले गए। 7 घंटे से अधिक समय तक चले बहस के बाद मतदान की गई।

# कोचिंग संटरों को माफिया करार करके प्रतिबन्ध की जरूरत



डॉ प्रियंका सौरभ

"इन कोचिंग सेंटरों का जाल अब ग्रामीण क्षेत्रों तक फैल चुका है। ये छात्रों को बिना पूरी सुविधा दिए मोटी फीस वसूल रहे हैं। छात्रों के जीवन से खिलवाड़ को देखते हुए भी देश भर में शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौन बैठे हैं। यह उनकी कार्यप्रणाली को संदेह के घेरे में डाल देता है। लाभकारी शिक्षा उद्योग के उदय के साथ, कुछ संस्थानों ने अपनी कोचिंग सेवाओं के लिए अत्यधिक दरों की मांग करना शुरू कर दिया है। इससे शिक्षा का व्यावसायीकरण हो गया है, जहां छात्रों के कल्याण से ऊपर मुनाफे को प्राथमिकता दी जाती है। जैसे-जैसे शिक्षा अधिक विपणन योग्य हो गई है, वैसे-वैसे घटिया कोचिंग सेंटर भी बढ़ गए हैं, जिनमें से ज्यादातर अपने शिक्षार्थियों को फायदे की बजाय नुकसान अधिक पहुंचार रहें हैं। आजकल हम आये रोज परीक्षाओं के लिए कोचिंग करने वाले छात्रों द्वारा आत्महत्या के बढ़ते मामलों को सनते है"

**देश** भर में नियम विरुद्ध कोचिंग सेंटरों का धड़ल्ले से संचालन हो रहा है। सरकार ने कोचिंग संस्थान चलाने के लिए कोई ठोस बिल या नियम तक नहीं बना रखे हैं, बिना कानून के संचालित अधिकतर कोचिंग क्लासेस मामूली नियमों को ताक में रखकर मनमर्जी से मोटी फीस वसूल कर सेंटरों का संचालन कर रहे हैं। इतना ही नहीं इन कोचिंग सेंटरों का जाल अब ग्रामीण क्षेत्रों तक फैल चुका है। ये छात्रों को बिना पूरी सुविधा दिए मोटी फीस वसूल रहे हैं। छात्रों के जीवन से खिलवाड़ को देखते हुए भी देश भर में शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौन बैठे हैं। यह उनकी कार्यप्रणाली को संदेह के घेरे में डाल देता है। लाभकारी शिक्षा उद्योग के उदय के साथ, कुछ संस्थानों ने अपनी कोचिंग सेवाओं के लिए अत्यधिक दरों की मांग करना शुरू कर दिया है। इससे शिक्षा का व्यावसायीकरण हो गया है, जहां छात्रों के कल्याण से ऊपर मुनाफे को प्राथमिकता दी जाती है। जैसे-जैसे शिक्षा अधिक विपणन योग्य हो गई है, वैसे-वैसे घटिया कोचिंग सेंटर भी बढ़ गए हैं, जिनमें से ज्यादातर अपने शिक्षार्थियों को फायदे की बजाय नुकसान अधिक पहुंचार रहें हैं। आजकल हम आये रोज परीक्षाओं के लिए कोचिंग करने वाले छात्रों द्वारा आत्महत्या के बढ़ते मामलों को सुनते है। जैसे ही छात्र आत्महत्या बढ़ती है, हमारी सरकारें कोचिंग माफिया को शिक्षा ऋण के बोझ के लिए जिम्मेदार ठहराते हैं। माता-पिता पर शैक्षिक ऋण का बोझ छात्रों के बीच तनाव के कारणों में से एक है। और इसके लिए केंद्र को एक नीति बनानी चाहिए ताकि माता-पिता को शिक्षा के लिए पैसे उधार न लेना पड़े। कोचिंग संस्थान सस्ते नहीं हैं, और इनकी फीस माता-पिता, विशेषकर कम आय वाले परिवारों पर काफी वित्तीय बोझ हो सकती है। फीस के अलावा, अध्ययन सामग्री, परिवहन और आवास के लिए भारी अतिरिक्त शुल्क हो सकता है। माता-पिता को कोचिंग के खर्चों को कवर करने के लिए ऋण लेने के लिए भी मजबूर होना पड़ता है। यह वित्तीय भार तनाव और चिंता उत्पन्न कर सकता है और कई परिवारों के लिए यथार्थवादी नहीं हो सकता है। कोचिंग संस्थान केवल पैसा इकट्ठा करने में रुचि रखते हैं। इसलिए कोचिंग सेंटरों को माफिया करार करके सरकार को उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी होगी।



जब हम बच्चे थे तो कोई कोचिंग नहीं होती थी। क्या तब छात्र आईएएस, आईपीएस नहीं बन रहे थे? कोचिंग के नाम पर आज के दौर में माफिया उपजे है और सरकार को इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी होगी।

गहराई से और विश्लेषणात्मक रूप से देखा जाए तो यह राष्ट्रीय संसाधनों का शुद्ध दुरुपयोग बन गया है। जो छात्र शैक्षणिक उपलब्धि के लिए पूरी तरह से कोचिंग सेंटरों पर निर्भर हैं, वे लंबी अवधि में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान का निर्माण करने में विफल हो सकते हैं। वे नियंत्रित सीखने के माहौल और कोचिंग सेंटर द्वारा दिए जाने वाले व्यक्तिगत ध्यान पर बहुत अधिक निर्भर हो सकते हैं, जिससे आत्मविश्वास और पहल की कमी हो सकती है। क्योंकि प्रतिस्पर्धा परीक्षाओं के लिए कोचिंग के घोषित बुनियादी उद्देश्य सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवारों के चयन की पूर्ति नहीं करते। कोचिंग सेंटर न होने पर भी सर्वश्रेष्ठ छात्रों का चयन किया जाएगा। वास्तव में कोचिंग सेंटरों की अनुपस्थिति में सर्वश्रेष्ठ छात्रों का चयन अधिक वास्तविक होगा। क्योंकि यह स्व-अध्ययन और कच्ची प्रतिभा पर आधारित होगा। कोचिंग सेंटर आंशिक रूप से देश में शिक्षा के गैर समाज पैटर्न का उत्पादन है। कोचिंग सेंटर अक्सर रटने और याददाश्त पर अधिक जोर देते हैं, जो एक छात्र के दीर्घकालिक शैक्षणिक विकास के लिए हानिकारक हो सकता है। परीक्षा-उन्मुख सीखने और निरंतर परीक्षण पर जोर देने से आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता और समस्या-समाधान क्षमताओं की उपेक्षा हो सकती है। जो छात्र मुख्य रूप से कोचिंग सेंटरों पर निर्भर रहते हैं, वे जो सीखा है उसका विश्लेषण, मूल्यांकन और वास्तविक जीवन में लागू करने का कौशल हासिल नहीं कर पाते हैं। दूसरी और इनका बाहरी खर्च अक्सर उन गरीब परिवारों की कमर तोड़ देता है जिन्हें इस डर की दौड़ में भाग लेना पड़ता है। संस्थानों में सीटों की सीमित संख्या और बढ़ती आबादी हर साल प्रतिस्पर्धा को और अधिक कठिन बना देती है। इससे छात्र शारीरिक और मानसिक रूप से तनावग्रस्त हो जाते हैं। उनमे से कई दुर्भाग्य से इस भारी तनाव से निपटने में असफल होकर अपने बहुमूल्य जीवन को समाप्त कर देते हैं। भारत में कोचिंग उद्योग हमारे छात्र समुदाय और बड़े पैमाने पर समाज को कोई शुद्ध मूल्य वर्धन प्रदान नहीं कर रहा है। हमें स्थापित औपचारिक स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों पर कोचिंग सेंटर के प्रतिकूल प्रभाव का आंकलन करना होगा। वे पीड़ित है क्योंकि उनके कई नियमित शिक्षक अपनी नौकरी की अपेक्षा करते हैं और अंशकालिक निजी ट्यूशन करते हैं। जो छात्रों को कोचिंग सेंटर के लिए तैयार करने के लिए तैयार करते हैं। कोचिंग केंद्रों के विकास के परिणामस्वरूप प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है जो अपने छात्रों को शीर्ष ग्रेड और सर्वोत्तम स्कूलों में प्रवेश के लिए एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इस वजह से, कई छात्रों में "चूहा दौड़ मानसिकता" विकसित हो गई है, जिसमें वे सफल होने के लिए अपनी नैतिकता और सिद्धांतों को त्यागने के लिए तैयार हैं।

प्रदर्शन की मांग बढ़ने के कारण धोखाधड़ी और साहित्यिक चोरी सहित शैक्षणिक बेईमानी बढ़ गई है। हमारा शिक्षा उद्योग समाज के सभी वर्गों के लिए उत्पादक रचनात्मक नवीन और प्रगतिशील होना चाहिए। ऐसे उद्योग जो मौजूदा स्थापित संस्थाओं के समानांतर चलते हैं उनके लिए हानिकारक है। जो बड़े पैमाने पर समाज और राष्ट्र के लिए अभिशाप है। कोचिंग उद्योग एक ऐसा उद्योग है जिसने मौजूद क्षेत्र संस्थाओं को अनगिनत नुकसान पहुंचा हैं और ऐसे बेकार की प्रतिस्पर्धा पैदा करके समाज पर आर्थिक बोझ डाला है। जो निराश छात्रों द्वारा आत्महत्या जैसे लक्षणों में प्रकट हो रहा है। लाभकारी शिक्षा उद्योग के उदय के साथ, कुछ संस्थानों ने अपनी कोचिंग सेवाओं के लिए अत्यधिक दरों की मांग करना शुरू कर दिया है। इससे शिक्षा का व्यावसायीकरण हो गया है, जहां छात्रों के कल्याण से ऊपर मुनाफे को प्राथमिकता दी जाती है। जैसे-जैसे शिक्षा अधिक विपणन योग्य हो गई है, वैसे-वैसे घटिया कोचिंग सेंटर भी बढ़ गए हैं, जिनमें से ज्यादातर शिक्षार्थियों को फायदे की बजाय नुकसान अधिक पहुंचाते हैं। हमारी सरकार को इस कटु सत्य को समझना चाहिए और हमारे समाज के साथ खिलवाड़ करने वाले कोचिंग माफिया पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। हमारे समाज ने पारंपरिक रूप से सहयोग और संतुलित प्रतिस्पर्धा का आर्थिक माहौल बनाए रखा है। लेकिन इन कोचिंग सेंटर ने केवल एक भयंकर अस्वस्थकर प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया है जो धीरे-धीरे और निश्चित रूप से बड़ी संख्या में से प्रभावित छात्रों के बीच रचनात्मक और उधमशीलता की भावना को खत्म कर रहा है। हमारे अभिजात वर्ग को सरकार पर ऐसे कानून लागू करने के लिए दबाव डालना चाहिए। जो देश के सभी कोचिंग सेंटर को खत्म कर दें। कहने की जरूरत नहीं है सरकार को बढ़ती आबादी की जरूरत को पूरा करने के लिए अच्छे मानक के सार्वजनिक संस्थान स्थापित करने चाहिए।

स्टार्टअप और उद्यमिता को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित करने से शैक्षणिक संस्थानों में सिमित सीटों और सरकारी संगठनों में सीमित पैसे और पदों के कारण उत्पन्न होने वाली भारी प्रतिस्पर्धा में भी कमी आएगी। कोचिंग सेंटर पूरी तरह से गैर उत्पादक है और इन्हे यथाशीघ्र कड़ी कार्रवाई से खत्म किया जाना चाहिए। भारत में सभी कोचिंग सेंटर पर प्रतिबंध लगाना चाहिए।

# कविता

कौन कहता है मुझे आसमान चाहिए'
ना जाने किसने कह दिया
कि मुझे आसमान चाहिए,
मुझे तो मेरे घर के
आंगन में एक छोटा सा
बादल का टुकड़ा चाहिए,
थोड़ी सी बारिश,
थोड़ा सा पानी,
थोड़ी सी इच्छा,
दो रोटी नमक के साथ
चटनी हो तो श्रेष्ठ है,
एक अदद साथ देने
वाली पत्नी,
नन्हों की किलकारी,
बूढ़े मां बाप की
चाहत और हिदायतें,
सुदूरपश्चिम का वैभव
नहीं चाहिए,
संदूक में नहीं चाहिए
स्वर्ण आभूषण,
पश्चिम का शोर नहीं चाहिए
और नहीं चाहिए
रूस और यूक्रेन का विश्व युद्ध,
हवाई जहाज की गड़गड़ाहट
टैकों के गोलों की भारी आवाज
भला किसे चाहिए,
ये परमाणु विश्वयुद्ध ,
नहीं चाहिए,
और नहीं चाहिए

संजीव

## क्यों मोदी ने संसद पर हमले को किया याद

आर.के. सिन्हा

**भारत** के संसदीय लोकतंत्र के लिये 13 दिसंबर, 2001 काला दिन था। उस दिन देश के दुश्मनों ने हमारे लोकतंत्र के मंदिर को निशान बनाया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए संसद पर हुए उस हमले का उल्लेख करके उन शूरवीरों के प्रति देश की कृतज्ञता को ज्ञापित किया जिनकी बहादुरी के कारण ही संसद भवन के अंदर आतंकी घुस नहीं सके थे। तब संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा था। उस दिन विपक्षी सांसद राज्यसभा और लोकसभा में हंगामा काट रहे थे। सदन को तत्काल 45 मिनट के लिए स्थगित कर दिया गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी संसद से घर की ओर जा चुके थे। हालांकि, उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी समेत अन्य सांसद संसद भवन में ही मौजूद थे। तभी सफेद एंबेसडर कार से जैश-ए-मुहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के पांच आतंकी संसद भवन परिसर में प्रवेश करते हैं। भारत के दुश्मनों ने संसद भवन में दाखिल होते ही ताबड़तोड़ गोलीबारी चालू कर दी थीं। जिस दिन संसद भवन पर हमला हुआ था उस दिन दिल्ली में गुलाबी धूप खिली हुई थी। किसी ने अपने ख्वाबों में भी नहीं सोचा था कि आज संसद भवन पर हमला करने का कोई साहस करेगा। संसद भवन परिसर में धमाकों की आवाजें सुनकर लालकृष्ण आडवाणी ससंद भवन से बाहर आते हैं। तभी सुरक्षाकर्मी उन्हें रोक देते हैं, हमले की जानकारी देते हैं। इतना सुनते ही उपप्रधानमंत्री आडवाणी ससंद भवन में स्थित अपने कार्यालय में चले जाते हैं और प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को फोन करते हैं। संसद पर हुए हमले में राज्यसभा सचिवालय के सुरक्षा सहायक जगदीश प्रसाद यादव, मातबर सिंह नेगी, केंद्रीय रिजर्व सुरक्षा बल (सीआरपीएफ) की कॉन्स्टेबल कमलेश कुमारी, दिल्ली पुलिस के उप निरीक्षक रामपाल, नानक चंद, हेड कॉन्स्टेबल ओम प्रकाश, बिजेन्दर सिंह और घनश्याम तथा केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के एक माली देशराय शहीद हो गये थे। कृतज्ञ राष्ट्र इन शहीदों को सदैव याद रखेगा। इन्होंने भारत विरोधी ताकतों की कोशिशों को नाकाम कर दिया था। बेशक, यदि संसद भवन में तैनात बहादुर सुरक्षाकर्मियों ने आतंकियों का कसकर मुकाबला न किया होता तो बहुत बड़ा नुकसान हो सकता था। संसद भवन पर हुए उस हमले में सबसे पहले केंद्रीय रिजर्व सुरक्षा बल (सीआरपीएफ) की कमलेश कुमारी यादव ने वतन के लिये अपनी जान का नजराना पेश किया था। कमलेश कुमारी की ड्यूटी संसद भवन के गेट नंबर एक पर थी। कमलेश कुमारी ने देखा कि एक एंबेसेडर कार डीएल3सीजे 1527 वहां से बिना उनकी अनुमति लिए संसद में तेजी से अंदर चली गई। कमलेश कुमारी को गड़बड़ नजर आई।

# विचार

## भारत के खिलाफ चरमपंथ का समर्थन करता कनाडा

प्रभुनाथ शुक्ल

भारत और कनाडा के रिश्ते तल्ख को चले हैं। जी-20 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बीच मुलाकात में कनाडा की धरती से संचालित भारत विरोधी गतिविधियों को बंद करने की नसीहत दी गयी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ तौर पर कह दिया था कि कनाडा को खालिस्तान जैसे आतंकी संगठन पर कठोर कदम उठाने होंगे। हमें लगता है भारत की नसीहत जस्टिन ट्रूड़ो को अच्छी नहीं लगी।

सम्मेलन से वापस लौटने के बाद हरजीत सिंह निज्जर की हत्या का आरोप उन्होंने बगैर सबूत के भारत पर मढ़ दिया। हलाँकि भारत ने इससे साफ तौर से इनकार किया है। लेकिन यह कनाडा की राजनीतिक चाल है। जस्टिन सरकार कनाडा में रह रहे भारतीय मूल के सिख समुदाय की सहानुभूति लेना चाहती है। जबकि सच यह है कि सरकार अभी तक यह पता ही नहीं लगा पाई की निज्जर की हत्या क्यों और किसने की। इस मामले कनाडा जाँच आयोग क्यों नहीं बैठाता। भारत जैसे सहिष्णु राष्ट्र पर यह आरोप बगैर साक्ष्य के क्यों लगाती है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इस मामले पर जल्दबाजी दिखाते हुए भारतीय राजनयिक को देश से निकल जाने का फरमान सुना दिया। लिहाजा भारत को भी ऐसा करना था, भारत ने भी कनाडा की डिप्लोमैट को देश छोड़ने का आदेश दे दिया। इस घटना के बाद से दोनों देशों के रिश्ते गर्म हो चले हैं। भारत आतंकवाद के खिलाफ हमेशा से दुनिया के मंच पर आवाज उठाता रहा है। वह संयुक्त राष्ट्र, जी-20 और दूसरे वैश्विक मंचों पर अपनी बात बेहद मजबूती से करता रहा है। क्योंकि आतंकवाद से वह स्वयं पीड़ित है। आतंकवाद की जितनी पीड़ा भारत झेल रहा है शायद दुनिया का कोई भी देश इस समस्या से ग्रसित हो। पाकिस्तान और कनाडा हमेशा से अलगाववादी संगठन खालिस्तान का समर्थन करता रहा है। हरदीप सिंह निज्जर पंजाब का रहने वाला था। उसकी हत्या कनाडा में जून में हुई थी। जिस पर काफी प्रदर्शन हुआ था। कनाडा में इस मामले ने इतना तूल पकड़ा की प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को संसद में बयान देना पड़ा।

अपनी सरकार को घिरता देख बड़ी चालाकी से हरदीप की हत्या का आरोप भारतीय एजेंटों पर मढ़ दिया। अगर यह मामला हद के पार जाता तो जस्टिन की कुर्सी फंस सकती थी। क्योंकि कनाडा में काफी संख्या में सिख समुदाय रहता है। वहां सिख समुदाय इतना मजबूत है कि वह सरकार बनाने और बिगड़ने की कूबत रखता है। जिसका नतीजा है कि कनाडाई पीएम अपना गला फंसता देखा तो हत्या का कलंक भारत के सिर पर मढ़ दिया। क्योंकि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से जी-20 मुलाकात में खालिस्तान का समर्थन करने वाले संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' के खिलाफ कठोर कदम उठाने की नसीहत दिया था। भारत और कनाडा के बीच तल्ख हुए सम्बन्ध का लाभ खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू उठाना चाहता है। कनाडा में उसने सिख फॉर जस्टिस संगठन बनाया है जो भारत में अलग से खालिस्तान देश बनाने की वकालत करता है। पन्नू ने हिंदुओं को कनाडा छोड़ने का फरमान सुनाया है। इसके अलावा भारतीय दूतावास को बंद करने की भी धमकी दी है। इससे साफ तौर पर जाहिर होता है कि पन्नू और कनाडा सरकार एक साथ मिलकर एक दिशा में काम कर रहे है। क्योंकि जस्टिन ट्रूडो को मालूम है कि खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू और उसके संगठन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हैं तो उनके राजनीतिक भविष्य के लिए यह कदम अच्छा नहीं होगा। ऐसी हालत में अपनी कुर्सी बचाने के लिए वह आतंकी पन्नू से मिले हुए हैं। कनाडा में रह रहे सिखों की सुरक्षा की आड़ में वह सियासत का घिनौना खेल खेल रहे हैं। कनाडा और भारत के संबंध वैसे भी काफी पुराने हैं। लेकिन खालिस्तानी आतंकवादी संगठन सिख फॉर जस्टिस की तरफ से वहां भारत विरोधी हवा दिए जाने के बाद से भारत और कनाडा के संबंध नाजुक दौर से गुजर रहे हैं। जी-20 का मंच ट्रूडो के लिए एक बेहतर अवसर हो सकता था, लेकिन उन्होंने इसे खो दिया । दुनिया का कोई भी देश अपनी संप्रभुता, एकता और अखंडता के खिलाफ उठने वाली आवाज को क्यों बर्दास्त करेगा।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## अनुराधा : कैसे दिन बीतें, कैसे बीती रतियां, पिया जाने न हाय...

वीरेंद्र बहादुर सिंह

**फ्रेंच** साहित्य में यथार्थवाद के प्रणेता माने जाने वाले गुस्ताव फ्लुबर्ट (1821-1880) का 1956 में एक उपन्यास प्रकाशित हुआ था, 'मैडम बोवरी'। यह उपन्यास मूल फ्रेंच में लिखा गया था और कम से कम 19 बार अंग्रेजी में अनुवादित किया गया था। 'मैडम बोवरी' उपन्यास 10 फिल्मों और टीवी सीरियल का प्रेरणा बना था। इसमें दो प्रसिद्ध हिंदी फिल्में भी थीं, जिनकी बात बाद में करेंगे। अंग्रेजी-फ्रेंच साहित्य का सबसे उत्कृष्ट उपन्यास का जिसे खिताब मिला है, उस 'मैडम बोवरी' की इस लोकप्रियता का कारण उसकी नायिका एम्मा बोवरी और उसका विषयवस्तु था। एम्मा का जीवन के प्रति दृष्टिकोण अत्यंत रोमांटिक है और उसे सुंदर दिखने, ऐशोआराम करने, उत्कट रूप से जीने और भद्र लोगों के बीच घूमने-फिरने की चाहत थी। उसका पति चार्ल्स देहाती था और गांव में डाक्टरी करता था। उसे लोगों का इलाज करने के अलावा अन्य किसी चीज में रुचि नहीं थी। देखने में दोनों के बीच असमानता थी, पर चार्ल्स पत्नी के प्रति समर्पित था और उसके रंगरलिया करने के बावजूद उसे पत्नी में कोई कमी नजर नहीं आती थी। रोमांटिक कल्पनाओं और जीवन की वास्तविकताओं के बीच असमानता में एम्मा फंस गई थी और एक बड़ी देनदारी में फंस कर अंत में आत्महत्या करती है। उसने मन से जिया और मन में आया इसलिए मर गई। गुस्ताव ने घरेलू जीवन जीने वाली एक कल्पनाशील स्त्री की एकविधता और जीवन में नवीनता के लिए उसकी भूख पर हताशा और निराशा पर एक मनोवैज्ञानिक कहानी लिखी थी।

एम्मा एक गैरपरंपरागत साहित्यिक पात्र थी। यह उसकी कामुकता थी या फिर भौतिक जीवन के प्रति असंतोष था, जो उसे असाधारण और विनाशक जीवन की ओर ले गया था। गुस्ताव द्वारा उठाए गए इस सवाल से तमाम फिल्म निमार्ता 'मैडम बोवरी' की ओर आकर्षित हुए थे। जैसा ऊपर बताया है कि इस उपन्यास पर हिंदी में दो शानदार फिल्में बनी हैं।1960 में ऋषिकेश मुखर्जी ने इससे प्रेरित होकर 'अनुराधा' बनाई थी। 1993 में केतन मेहता ने इस पर 'माया मेमसाब' का निर्माण किया था।

## बुजुर्गों को गरिमापूर्ण जीवन जीने का हक

विजय गर्ग

**व्यक्तिवादी** एवं सुविधावादी सोच ने वर्तमान दौर में समाज की संरचना को असभ्य एवं संवेदनहीन बना दिया है। अब रिश्तों का मर्म बस इतना रह गया है कि जरूरत के हिसाब से लोग रिश्ते निभा रहे हैं। जरूरत खत्म होते ही घर के बड़े-बुजुर्ग भी बोझ समझे जाने लगे हैं। आज हर घर की यही कहानी है कि घर के बड़े बुजुर्ग अकेलापन, तिरस्कार, परिवार के सदस्यों द्वारा उपेक्षा और भय से अपमानित जीवन जीने को मजबूर हैं। आधुनिकता के इस दौर में उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के चलते सामाजिक मूल्यों के बदलते परिवेश में नई पीढ़ी के सोच में परिवर्तन आ गया है। एकीकृत जीवनशैली ने बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं खड़ी कर दी हैं।

संविधान का अनुच्छेद-21 प्रत्येक मनुष्य को गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार देता है, लेकिन जब अपने ही इस अधिकार में बाधक बन जाएं तो क्या कर सकते हैं? वैसे हमारे समाज की यह बहुत बड़ी विडंबना है कि हम बेटों की चाहत में इतने अंधे हो गए हैं कि बेटियों को वह प्यार ही नहीं दे पाते हैं, जिसकी वे असल हकदार होती हैं। आज भी हमारे समाज में पुरुषवादी मानसिकता भरी हुई है। हम आज भी बेटे को कुलदीपक मानते हैं तो वहीं बेटियों को पराया धन माना जाता है, लेकिन अक्सर यही कुलदीपक अपने ही जन्मदाता को वृद्धा आश्रम छोड़ कर चले आते हैं। हम 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना रखने वाले देश के लोग हैं। फिर आधुनिकता की दौड़ में इतने अंधे कैसे हो रहे कि अपने संस्कारों को ही तिलांजलि देने पर तुले हैं। क्या यही आधुनिकता है, जिसमें अपनों का सम्मान करना ही भूल जाएं? हम यह क्यों भूल जाते हैं कि मां ने अपनी जिंदगी का सबसे बड़ा दर्द सहन कर हमें इस दुनिया में जन्म दिया है, पिता ने हमें अंगुली पकड़कर चलना सिखाया है, हमें इस लायक बनाया है कि हम सही गलत का फर्क समझ सकें। फिर जिस वक्त उन्हें हमारे सहारे की जरूरत होती है। तो हम कैसे मुकर सकते हैं?

हमें समझना होगा कि हमारे बुजुर्ग हमसे क्या कहना चाह रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा कॉलेज टीचर एसोसिएशन ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** हरियाणा कॉलेज टीचर एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला को ज्ञापन सौंपा। हरियाणा कॉलेज टीचर एसोसिएशन के उप प्रधान डा. बलबीर सिंह और जोनल महासचिव डा. बीर सिंह के नेतृत्व में खालसा कॉलेज, दयाल सिंह कॉलेज एवं कन्या महाविद्यालय पूंडरी के प्राध्यापकों एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों ने मिलकर अपनी जायज मांगों की मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है। अपनी मांगों की जानकारियां देते हुए प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेजों के सातवें वेतन आयोग के अनुसार मकान, किराया, भत्ता नहीं मिल रहा और न ही समय पर वेतन मिलता है। राजकीय कॉलेजों को सभी वेतन भत्ते और नई पेंशन का लाभ मिल रहा है, जबकि राजकीय सहायता प्राप्त कॉलेजों को नहीं। प्राध्यापकों को मेडिकल स्कीम और मृत्यु उपरांत लाभ भी नहीं मिल रहा है। संजय बठला ने आश्वासन दिया कि वे मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सामने मांगों को रखेंगे और जल्द ही इसके सकारात्मक परिणा का भी आश्वासन दिया। इस दौरान कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डा. किरण, डा. राजपाल सिंह, डा. तेजपाल, डा. अदिति, डा. निकिता, डा. अमनदीप, अनिल कुमार इत्यादि प्राध्यापक मौजूद रहे। वहीं, हरियाणा टीचर एसोसिएशन के प्रधान डा. दयानंद मलिक, महासचिव डा. राजेन्द्र परमार, नरेंद्र चाहर ने भी मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से अपनी मांगों को जल्द पूरा करने की अपील की है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (कमाल हुसैन)**
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)

# 'बाल देखरेख संस्थान बच्चों के साथ करें अभिभावकों जैसा व्यावहार'



**आह्वान**

8 अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पोक्सों एक्ट के अंतर्गत पीडित बच्चे व संस्थाओं में रह रहे बच्चों के मैडिकल को प्राथमिकता दी जाएं

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल लाठर और श्याम शुक्ला ने नगर निगम कार्यालय के सभागार में बाल अधिकार संरक्षण से जुडे विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक ली और निर्देश दिए कि बाल देख रेख संस्थानों में रह रहे बच्चों के साथ अभिभावकों जैसा व्यावहार करें तथा उनको एक परिवारिक माहौल दें, ताकि वे समाज की मुख्याधारा से जुड़ सकें।

उन्होंने स्पष्ठ कहा कि हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की हिदायतों व अधिनियम की दृढ़ता से पालना सुनिश्चित की जाए कहीं पर भी अधिनियम की अवेलना न हो। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि स्कूलों में मेरे गुरूजन के नाम से जगाए जाने वाले बोर्ड को स्कूल प्रांगण में ऐसी जगह लगवाना सुनिश्चित करें। जिससे अभिभावक व बाहर से आने वाले व्यक्ति को भी संबंधित विषय के अधियापक के बारे में जानकारी मिल सके।

उन्होंने कहा कि बाल देख रेख संस्थानों में रह रहे बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य पहलुओं पर निरंतर निगरानी रखने, रोजाना पोषण आहार के साथ इम्युनिटी बनाये रखने के लिए प्रतिपूरक आहार दिए जाने उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग और मैडिटेशन करवाया जाने, बच्चों की निरंतर मॉनिटरिंग करने और नैतिक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाने के निर्देश दिए। उन्होंनेकहा कि बच्चों को भविष्य में बेहतर जीवन के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेलों पर जोर देने के लिए प्रेरित करे। प्रत्येक बच्चे में प्रतिभा होती है केवल उसे निखारने की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि आज कल बच्चें भी सोशल मीडिया से जुडे रहते है ऐसे में उन पर कडी नजर रखे और इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए की आनलाईन पढाई के समय केवल पढाई ही कर रहे है या कुछ और देख रहे है। उन्होंने सहायक श्रम आयुक्त को निर्देश दिए कि वे विभाग की बाल श्रम को लेकर जारी की गई गाईड लाईन के मुताबिक जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक हर माह आयोजित करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने पुलिस अधिकारी को निर्देश दिए कि रात्रि 8 बजे के बाद यदि कोई लावारिस नाबालिगलडकी या लडके को बाल संरक्षण संस्थान में ही भेजे। उन्होंने स्वास्थय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पोक्सों एक्ट के अंतर्गत पीडित बच्चे व संस्थाओं में रह रहे बच्चों के मैडिकल को प्राथमिकता दी जाएं ताकि उनको परेशान न होना पडे। जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना रानी ने बैठक के समापन पर आयोग के सदस्यों तथा अन्य विभाग से आये हुए अधिकारियों का धन्यवाद किया और आश्वासन दिया कि पिछले तीन दिनों से बाल संरक्षण संस्थाओं के निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को दूर करवाया जाएगा ताकि बच्चों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पडे।

इस अवसर पर एएसपी पुष्पा, जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी राज बाला, जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक, सहायक श्रम आयुक्त नरेंद्र कुमारी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष उमेश चानना, जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना रानी, बलराज सांगवान, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, अधीक्षक संध्या, संरक्षण अधिकारी सुमन नैन, रूचि, निधि तथा संस्थाओं के प्रबंधक मौजूद रहे।

## किराया न भरने वाले दुकानदारों की दुकानें होंगी सील : अदिति



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा के निर्देश पर निगम की दुकानों का रेंट न भरने वाले दुकानों को सील करने की कवायद तेज कर दी है। इसके लिए सम्बंधित दुकानदारों को तीन नोटिस भी जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि यह दुकानें मेरठ रोड, कम्बोपुरा, राम नगर, प्रेम नगर, कर्ण ताल मार्किट तथा बस स्टैण्ड मार्किट इत्यादि क्षेत्रों की हैं। नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अदिति ने गुरूवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि निगम की दुकानों का रेंट न भरने वाले 153 डिफाल्टर दुकानदारों को प्रथम नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद कुछ दुकानदारों ने निगम कार्यालय में आकर अपना किराया नगर निगम के कोष में जमा करवाया। इसके बाद किराया जमा करवाने के लिए 141 दुकानदारों को दूसरा नोटिस तथा 68 दुकानदारों को तीसरा नोटिस जारी कर एक सप्ताह का समय दिया गया था।

## योग साधकों ने विशेष योगिक क्रियाएं की



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संचालक दिनेश गुलाटी ने श्री कृष्ण मंदिर सेक्टर चौदह में पहुंचकर प्रातः योग सत्र करवाया, जिसमें योग साधकों ने विशेष योगिक क्रियाएं और सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया।

दिनेश गुलाटी ने प्राणायाम का विशेष रूप से अभ्यास करवाते हुए प्राणायाम द्वारा शरीर को होने वाले लाभों के विषय में अवगत करवाया और साधकों को विभिन्न तरह के आसनों का अभ्यास करवाया। साधकों में योग के प्रति उत्साह देखते के बनता था। कक्षा में योग शिक्षका वीना सेठ का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। सभी योग शिक्षकों व साधकों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

दिनेश गुलाटी ने कहा कि वे मिशन की एक कर्मठ व मिशन के लिए निष्ठावान शिक्षिका हैं। उन्होंने बताया कि प्राचीन काल से ही योग का अभ्यास किया जाता रहा है और आज दुनियाभर में लोग योग को अपना रहे हैं। योग शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जितना फायदेमंद है, उतना ही मानसिक रूप से मजबूती देता है। आज की व्यस्त जीवन शैली और अत्यधिक तनाव के कारण योग का महत्व और भी बढ़ गया है। आज मानव को योग के महत्व को समझना होगा और इसे अपनाना होगा। योग शरीर मन और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद करता है और शारीरिक और मानसिक संतुलन बनाता बढ़ाता है।

उन्होंने बताया कि योग की आवश्यकता आज अत्यधिक बढ़ गई है। आज मानव अपने जीवन की श्रेष्ठता के चरम पर योग के माध्यम से ही बढ़ सकता है और इसके लिए इच्छाशक्ति का मजबूत होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योग को अपने जीवन में अपना लें और स्वस्थ रहें। कक्षा में उन्होंने पहले सूक्ष्म योगिक व्यायाम और आसन करवाएं। तत्पश्चात सूर्य नमस्कार और ध्यान के साथ प्राणायाम का सत्र लिया।

## शुभलक्ष्य बंसल एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय निदेशक नियुक्त



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नेशनल सुप्रीमो एवं फाउंडर नरेंद्र अरोड़ा ने राष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए विख्यात समाजसेवी शुभलक्ष्य बंसल को राष्ट्रीय निदेशक नियुक्त किया। नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने शुभलक्ष्य बंसल को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई।

शुभलक्ष्य बंसल ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगे और ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन के उद्देश्यों के साथ जोड़ेंगे। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए शिक्षण संस्थानों व अन्य स्थानों पर सेमिनारों का आयोजन करना, हस्ताक्षर अभियान व शपथ ग्रहण अभियान चलाना, एंटी करप्शन से सम्बंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन करना, अवाम में कानून का पालन करने का प्रचार-प्रसार करना, पुलिस व प्रशासन विभाग के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित कर सच्चाई व ईमानदारी का प्रचार प्रसार करना आदि शामिल हैं।

## दूरस्थ शिक्षा द्वारा उच्च शिक्षा का बेहतर विकल्प इग्नू : डॉ. धर्म पाल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डा धर्म पाल इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना देश की बदलते जरूरतों व एक विकल्प के रूप में उच्च शिक्षा प्रदान करने की माँग की उपज के फलस्वरुप हुई।1985 में इसके लिये जब संसदीय अधिनियम पारित हुआ तब उसका मकसद था कि उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने तथा तकनीकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रचार-प्रसार करना। शिक्षार्थी केन्द्रित तथा तकनीकी व्यवस्था होना इसकी मुख्य खासियत बनी है।

## स्वच्छता हमारे रोम-रोम में होना चाहिए: अनूप



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार के निदेर्शानुसार और खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी आस्था गर्ग के मार्गदर्शन में वीरवार को ग्राम पंचायत नेवल के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में सरपंच प्रतिनिधि हरपाल की अध्यक्षता में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक समिति कुंजपुरा के अध्यक्ष अनूप कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता हमारे रोम रोम में होना चाहिए, क्योंकि स्वच्छता के बिना हमारा वातावरण शुद्ध नहीं होता। हमें अपने आसपास की गंदगी को हटाना होगा घर-घर में जाकर लोगों को कचरा प्रबंधन के लिए जागरूक करना होगा तभी हमारा गांव साफ सुथरा हो सकता है और हमारा गांव कचरा मुक्त बन सकता है।

मास्टर ट्रेनर गुरुदेव नगर निगम ने बताया कि हमें अपने घर पर दो प्रकार के डस्टबिन लगाने चाहिए। एक नीला डस्टबिन तथा एक हरा डस्टबिन। हरे डस्टबिन में गीला कचरा डाला जाता है और नीले डस्टबिन में सूखा कचरा डाला जाता है। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने तन के साथ-साथ अपने आंगन की भी सफाई रखें।

पूर्ण चंद सैनी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वारा बताया गया जी 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक हमारे देश में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इसलिए मेरा आप सभी से निवेदन है कि आप अपने गांव में अधिक से अधिक जागरूकता अभियान चलाएं। जिसे अपने गांव को साफ सुथरा और सुंदर बनाए जा सके।

## जिला कारागार में हुआ स्पेशल लोक अदालत का आयोजन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला कारागार में मुख्य दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर के द्वारा स्पेशल जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। अदालत में 5 अंडर ट्रायल प्रिजनर्स के केसों का चयन किया गया, जिसमें 3 केसों में 3 अंडरगोन किया।

सुश्री जसबीर कौर ने बताया कि समय-समय पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा हर माह के पहले और तीसरे बुधवार को जेल में लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। जसबीर कौर ने कैदियों से आग्रह किया कि अगर किसी के पास उसकी केस की पैरवी करने के लिए वकील नहीं है तो वह सुपरिंटेंडेंट जिला कारागार के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण को भेज सकता है। अथॉरिटी के द्वारा उसको पैनल अधिवक्ताओं में से किसी एक को उसके केस की पैरवी करने के लिए नियुक्त कर दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बच्चों, वरिष्ठ नागरिक, अनुसूचित जाति व जनजाति या आम नागरिक जिसकी सभी स्त्रोतों से आय 3 लाख से कम है ऐसे व्यक्ति मुफ्त कानूनी सलाह या मुफ्त कानूनी सहायता पाने का हकदार है। आज की जेल लोक अदालत में जेल अधीक्षक अमित भादू, जेल उपाधीक्षक सुश्री शैलाक्षी भारद्वाज भी उपस्थित थे।

जेल उपाधीक्षक सुश्री शैलाक्षी भारद्वाज एवं जसवंत सिंह ने सीजेएम को आश्वस्त किया कि हम सप्ताह में एक बार सभी कैदियों से पूछते रहते हैं कि किसी के पास कोई वकील उसके केस की पैरवी करने के लिए ना हो तो जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, करनाल के द्वारा उसे निशुल्क प्रदान किया जाएगा।

## सीजेएम ने किया श्रद्धानंद अनाथ आश्रम का औचक निरीक्षण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** सीजेएम सुश्री जसबीर कौर के द्वारा वीरवार को श्रद्धानंद अनाथ आश्रम का दौरा किया गया और वहां रह रहे सभी बच्चों से बातें की और उनको आ रही परेशानियों के बारे में पूछा। इस पर बच्चों ने बताया कि हमें यहां पर किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं आ रही है। इसके बाद सुश्री जसबीर ने श्रद्धानंद अनाथ आश्रम के रसोई घर में जाकर खाने की गुणवत्ता को परखा एवं आज के भोजन को लेकर बच्चों से बात करी एवं खाद्य सामग्री अर्थात मिनी चार्ट का विवरण जाना कि उन्हें प्रतिदिन सुबह, दोपहर, रात में भोजन के दौरान क्या-क्या खिलाया जाता है।

उन्होंने बताया कि इसके बाद प्रत्येक बच्चे के कक्ष में जाकर उनको प्रदान की जाने वाली सुविधाएं जैसे उचित लाइट प्रबंध एवं साफ सफाई का जायजा लिया और सुश्री जसबीर कौर ने बच्चों से उनकी दिनचर्या के बारे में जाना बच्चों को दी जाने वाली सुविधाएं एवं स्टोर रूम का भी निरीक्षण किया।

इसके बाद श्रद्धानंद अनाथ आश्रम ट्रस्ट के शर्मा ने बताया कि अभी यहां पर 80 बच्चे रह रहे हैं, जिसमें से लडकों की संख्या 38 और लड़कियों की संख्या 42 है और यह भी बताया कि वर्ष 2022 में यहां पर रसोई का आदि आधुनिकरण किया गया है।

## 'अटल भूजल योजना के लक्ष्यों को समय पर पूरा करें विभाग'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **एडीसी** डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि अटल भूजल योजना से जुड़े विभाग योजना के लक्ष्यों को समय पर पूरा करें। योजना को धरातल पर ज्यादा से ज्यादा प्रभावी बनाने के लिए विभाग बेहतर से बेहतर प्रोजेक्ट बनाएं, ताकि इससे भूजल का स्तर बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह योजना भूजल की समस्या को दूर करने के लिए बहुत ही प्रभावी साबित होगी। एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा गुरुवार को विश्व बैंक की टीम और जल शक्ति मंत्रालय की राष्ट्रीय परियोजना प्रबंधन की टीम के साथ योजना से जुड़े अधिकारियों की बैठक में बोल रही थी।

एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि जल हम सभी के लिए बेहद बहुमूल्य है। इसे ज्यादा से ज्यादा बचाएंगे तो हमारी आने वाली पीढ?ीं के लिए बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि गिरता भूजल एक बहुत बड़ी चुनौती है। इसे ऊपर लाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अटल भूजल योजना चलाई जा रही है। उन्होंने कृषि, पंचायत, सिंचाई, बागवानी आदि विभाग को निर्देश दिए कि यह विभाग अटल भूजल योजना के अंतर्गत दिए गए लक्ष्यों को पूरा करने के लिए बेहतर से बेहतर योजनाएं बनाए। जल ही जीवन है, इसे बचाना बहुत जरुरी है। एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि अटल भूजल योजना करनाल जिला की 41 ग्राम पंचायत में चलाई जा रही है। इन गांवों में अलग-अलग विभाग विभिन्न योजनाओं के माध्यम से भूजल का स्तर ऊपर उठाने के लिए कार्य कर रहे हैं। इसके सकारात्मक परिणाम सामने भी आए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी लोगों के साथ बैठकर वाटर सिक्योरिटी प्लान तैयार करें, ताकि लोगों की जितनी आवश्यकता है और जल की जितनी उपलब्धता है, उसका सहीं तरीके से संतुलन बनाया जा सके और जल बचाया जा सके।

विश्व बैंक के टीटीएल सत्या प्रिया ने कहा कि हमें गिरते जलस्तर को ऊपर ऊठाने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में किसानों को जागरूक करना चाहिए।

# मंगलमुखी किन्नर समुदाय धार्मिक कार्यों में ले रहे भाग

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल** । मंगलमुखी किन्नर समुदाय शहर में आयोजित हो रहे कार्यक्रमों में जिस तरह बढ़-चढ़कर भाग ले रहा है, उसकी सारे शहर में सर्वत्र चर्चा है। गणेश चतुर्थी पर शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में पिछले कुछ दिनों से किन्नर समुदाय को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाकर उनसे विधिवत पूजा अर्चना कराई जा रही है। उससे भी लोगों में यह चर्चा है की किन्नर समुदाय भी अब उनके समाज का एक हिस्सा बन चुका है।

बुधवार को मोहल्ला मियां की सराय में गणपति महोत्सव की द्वितीय दिवस की संध्या आरती पर समाजसेवी किन्नर गुरु विनोद सैनी की अगुवाई में पूरे किन्नर समुदाय से दीपक प्रज्ज्वलित कराके गजानन महाराज की आरती कराई गई। यहां पहुंचने पर आयोजकों ने विनोद गुरु और उनके किन्नर समुदाय का पटाखे चलाकर बड़ी गर्मजोशी के साथ स्वागत



किया। इस मौके पर उपस्थित मोहल्ले की महिलाओं ने किन्नर समुदाय से आग्रह किया कि, उनकी खुशियों के मौके पर वे बार-बार आते रहे। क्योंकि उनके आगमन से उनके चरण मात्र पड़ने से ही जगह पवित्र हो जाती है। इस अवसर पर किन्नर

**वोट का महत्व**

**8 द्वितीय दिवस की संध्या आरती पर समाजसेवी किन्नर गुरु विनोद सैनी की अगुवाई में पूरे किन्नर समुदाय से दीपक प्रज्ज्वलित कराके की गई**

समुदाय की गुरु मां महक मौसी ने पूरी किन्नर टीम की तरफ से वहां के युवाओं के लिए नौकरियों की कामना की और सब की खुशियों के लिए उन्हें दुआएं दी तथा गुरु मां ने समुदाय की तरफ से 21 हजार रुपए की नगद धनराशि गणपति मंडल को प्रदान की। 2100 की धनराशि प्रसाद के लिए व 1100 रुपए की राशि पुरोहित महाराज को भेंट स्वरूप प्रदान की। वहीं बुधवार की रात्रि ही एक अन्य गणपति महोत्सव के कार्यक्रम में किला रोड के पास, गुरु गोविंद सिंह स्कूल के पिछले गेट के नजदीक भी समाजसेवी विनोद गुरुजी की अगुवाई में मंगलमुखी किन्नर समुदाय को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित कर उनसे मंगल आरती कराई गई और उनका पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। यहां पर लोगों का किन्नर समुदाय के प्रति प्रेम देखते ही बन रहा था। इस मौके पर लोगों ने गणपति बप्पा मोरया के साथ-साथ किन्नर समाज के भी जय घोष के नारे लगाए। उपस्थित महिलाओं व पुरुषों ने किन्नर समुदाय की गुरु मां महक मौसी, लड्डू, नेहा इत्यादि सभी के पांव छूकर उनसे आशीर्वाद लिया। उन्होंने भी इस अवसर पर सभी के लिए मंगल कामना की और उनको दुआएं दी। गुरु मां महक मौसी ने इस अवसर पर भी 21हजार रुपए की नगद राशि प्रभु के चरणों में समर्पित की। किन्नर समुदाय पिछले कुछ दिनों से निष्काम भाव से दो से तीन कार्यक्रमों में अपनी हाजिरी लगा रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### उत्कृष्ट चरित्र ही मानव जीवन की कसौटी है : विपिन शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
नारनौल । उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद की अध्यक्षा मोनिका गुप्ता (आईएएस) के मार्गदर्शन में आज बाबा खेतानाथ वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिहमा में बच्चों को नैतिक मूल्यों की शिक्षा पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर योजना के नोडल अधिकारी एवं पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन कुमार शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि हर घर में जैसा परिवेश होता है, उसी प्रकार के विचार एवं संस्कार बाल जीवन में प्रवर्तित होते हैं। बाल अवस्था कोरे कागज की तरह होती है। जब बच्चा छोटा होता है, तभी से उसमें अच्छे संस्कार रूपी पौधा रोपा जाना सम्भव होता है, जिसे समय के साथ और अधिक पुष्पित व पल्लवित किया जा सकता है। ऐसे में प्रत्येक परिवार के हर एक सदस्य का दायित्व है कि बच्चों में भौतिक संसाधनों के स्थान पर अच्छी शिक्षा व संस्कार देने का लक्ष्य तय करें क्योंकि आज के युवा जिस तनाव, अवसाद, गलत संगत, अंधविश्वास और अनुशासनहीनता की गिरफ्त में है, उसका मूल कारण परिवारों में संस्कारों का अभाव ही है। ऐसे में यदि आरम्भ से बच्चों को सुसंस्कार दिए जाएं तो वे न केवल अपना जीवन सुधारेंगे बल्कि परिवार के अलावा आमजन का भी सम्मान करेंगे। आज व्यक्ति एवं समाज में साम्प्रदायिक्ता, जातीयता भाषावाद, हिंसा, अलगाववाद, भ्रष्टाचार, यौनशोषण, नशाखोरी, भ्रुण हत्या की संकीर्ण भावनाओं व समस्याओं के मूल में नैतिक मूल्यों का पतन ही उत्तरदायी कारण है। मानव को सामाजिक प्राणी होने के नाते कुछ सामाजिक नीतियों का पालन करना पड़ता है जिनमें संस्कार, सत्य, परोपकार, अहिंसा आदि शामिल है। वास्तव में ये सभी नैतिक गुणों में आते हैं और बच्चों को इन्हें बचपन से ही धारण कर लेना चाहिए ताकि अच्छे परिवार, समाज, राष्ट्र का निर्माण हो सके।


### मेरी माटी मेरा देश के तहत निकाली कलश यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) के दिशा निर्देशानुसार रेडक्रॉस समिति के सहयोग से नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव की अध्यक्षता में "मेरी माटी मेरा देश"– माटी को नमन – वीरों का वंदन कार्यक्रम के तहत आज गांव सुरेहती जाखल में कलश यात्रा निकाली जिसमें मिट्टी व चावल एकत्रित किए गए। यह जानकारी देते हुए नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव बताया कि 1 से 30 सितंबर तक ग्राम स्तर पर चलाए जा रहे मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की कड़ी में आज सुरेहती जाखल में कलश यात्रा निकाली जिसमें मिट्टी व चावल एकत्रित किए गए। इस मौके पर पंच प्रण की शपथ ली तथा शिलफालकम पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने बताया कि "मेरी मिट्टी मेरा देश " कार्यक्रम प्रधानमंत्री के द्वारा शहीदों के सम्मान में की गई एक अनूठी पहल है। इसके तहत पूरे देश भर से मिट्टी इकट्ठी की जाएगी।

### वृंदावन से पधारे आचार्य श्री राम मूर्ति जी महाराज द्वारा भगवान के 24 अवतारों का वर्णन

**टीम एक्शन इंडिया/ संजय शर्मा**
नारनौल । नारनौल शहर में सीताराम मैरिज प्लेस में गोयल परिवार टीबा वसई वालों द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। भागवत कथा में श्री धाम वृंदावन से पधारे आचार्य श्री राम मूर्ति जी महाराज ने सीताराम मैरिज पैलेस में आज कथा के अंतर्गत महाराज श्री ने भगवान के 24 अवतारों का वर्णन किया एवं



नरसिंह भगवान की कथा को श्रवण कराई। महाराज श्री ने कहा हम सभी को राम जी से शिक्षा लेना चाहिए की राम जी के जीवन में अनेक विपत्तियां आई मगर उन्होंने उन विपत्तियों को अपने जीवन में प्रेम पूर्वक निर्वाह किया।

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के लाभार्थी को सौंपा दो लाख का चैक

**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद नांगल चौधरी**
यूनियन बैंक नांगल चौधरी के क्षेत्रीय प्रमुख राजकुमार ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत जिला के गांव सैद अलीपुर की सुमन यादव पत्नी राजेश कुमार को 2 लाख रुपए की सहायता राशि का चैक सौंपा। इस योजना के तहत किसी भी कारणवश बीमाकृत व्यक्ति के मृत्यु होने पर जोखिम सुरक्षा 2 लाख रुपए है। क्षेत्रीय प्रमुख ने बताया कि योजना के तहत 18 से 50 वर्ष के आयु समूह वाले नागरिक इसके दायरे में आते हैं। यह योजना उन लोगों के लिए उपलब्ध है जिनके पास बैंक



खाता हो और वे अपने खाते से इस योजना से जुड़ने के लिए ऑटो-डेबिट के लिए सहमति देते हैं।

उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत, किसी भी कारणवश बीमाकृत व्यक्ति की मौत के मामले में जोखिम सुरक्षा 2 लाख रुपए का है।

# सैनी सेवा समाज ने जयसिंह को नियुक्त किया राजस्थान का सदस्य

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल**
आल इण्डिया सैनी सेवा समाज के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जय सिंह सैनी को राजस्थान प्रदेश का प्रदेश प्रभारी सदस्य नियुक्त किया गया है। एक पत्र के माध्यम से यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय संगठन महामंत्री राजकुमार सैनी ने बताया है कि सभी प्रदेशों में प्रभारी व सदस्यों की नियुक्ति की गई है। 17 सितम्बर २०२३को मथुरा जिले उत्तर प्रदेश में आयोजित की गई थी। जिसमें माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री दिलबाग सिंह सैनी द्वारा घोषित सुची अनुसार संगठन कार्य को सुचारू रूप से चलाने



के लिए राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य व पदाधिकारियों को विभिन्न राज्यों में प्रभार सौंपा गया है। त्रैमासिक बैठकों में चर्चा किए बिन्दुओं/ कार्यों को पूर्ण कराने,

**जिम्मेवारी**

**8 राष्ट्रीय संगठन महामंत्री राजकुमार सैनी ने बताया है कि सभी प्रदेशों में प्रभारी व सदस्यों की नियुक्ति की गई**

प्रदेश में संगठन विस्तार के साथ साथ समाज के राजनीतिक प्रतिनिधित्व हेतू संभावित उपाय, प्रदेश/ जिला स्तरीय बैठकों के आयोजन, सदस्यता विस्तार आदि कार्यों को संचालित करने का कार्य करेंगे। प्रभार मण्डल के सभी पदाधिकारी सम्बंधित राज्य के प्रदेश अध्यक्ष, महिला प्रदेश अध्यक्ष के साथ मिलकर संगठन की सदस्यता शैक्षिक, सामाजिक कार्यों व राजनीतिक जागृति सम्बंधित कार्य को सुचारू रूप से पूर्ण कराने के लिए राष्ट्रीय कार्यकारिणी व प्रदेश कार्यकारिणी के बीच सेतु का कार्य करेंगे।

जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं उन राज्यों में प्रभार मण्डल प्रदेश कार्यकारिणी के साथ मिलकर बैठक करके विधानसभा अनुसार डाटा तैयार करके राष्ट्रीय कार्यकारिणी को सुची सौंपेंगे व सम्भावित समाज के उम्मीदवारों के साथ मिलकर चुनाव हेतु रणनीति तैयार करने व उम्मीदवार तैयार करने को लेकर कार्य करेंगे।

# एन एस एस ने स्वच्छता सिग्नेचर कैंपेन की शुरूआत की

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
नगर निगम पानीपत और जन शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता पखवाड़े के चलते यूथ एवं गार्बेज सिग्नेचर कैंपेन चलाया गया। डी बी जी राजकीय महाविद्यालय की दीप्ति गाबा इंचार्ज एन एस एस ने स्वच्छता सिग्नेचर कैंपेन की शुरूआत की व सारे कैंपस को विद्यार्थियों द्वारा साफ किया । इससे पहले स्वच्छता सम्बन्धित विभिन्न सूचना, संचार और कार्ययोजना की जानकारी प्रदान करने वाले पोस्टर दिखा स्टूडेंट्स को स्वच्छता का



महतव समझाया ' स्वच्छता जागरूकता सहयोगी संस्था ह्लजन शिक्षण संस्थाह्व के प्रधान डॉक्टर जसफूल सिंह,परियोजना निदेशक डॉक्टर प्रवीण चौधरी,मुख्य सफाई निरीक्षक जितेंद्र नरवाल,उप सफाई निरीक्षक गुरमीत सिंह ने किय।

नगर निगम पानीपत की स्वच्छता को देश के सर्वोतम शहरों में उच्च स्थान दिलाने के लिये नगर निगम पानीपत के आयुक्त राहुल नरवाल, आई.ए.एस. के कुशल मार्गदर्शन में जन शिक्षण संस्थान के सहयोग से कार्यरत है।

# जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को निदेशक महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र ने विभिन्न माँगो को लेकर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिश को निदेशक महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठन ने ज्ञापन के माध्यम से स्कूल मर्जिंग का विरोध किया और कहा कि यदि सरकार स्कूल मर्ज.करने का फैसला वापिस नहीं लेती है तो संगठन को मजबूरन संघर्ष का रास्ता पकड़ना होगा। यह सरासर शिक्षा के अधिकार कानून का उल्लंघन है। संगठन मिड डे मील के नये मेन्यू का भी विरोध किया। मिड डे मील का जो कुकिंग



कोस्ट विभाग द्वारा जारी किया जाता है नये मेन्यू के हिसाब से इस राशि में मील तैयार करना असंभव है। संगठन ने साथ ही कहा कि इस्कॉन ने अभी तक नयी रेसिपी के हिसाब से मिड डे मील नहीं देना शुरू नहीं किया। इसके अतिरिक्त एलटीसी, परिवार पहचान पत्र, स्वीपर, बी एल ओ के मुद्दे उठाये गये।

संदीप चौहान, देव, दलीप, नरेश, राजेंद्र, मनोज, सतीश भरद्वाज, रमेश रंगा,बलवान सिंह,नरेंद्र, रवींद्र, राकेश, अशोक, वरुण आदि शिक्षक साथी मौजूद रहे।

## शौचालय और सेप्टिक टैंक के मल का करना होगा सुरक्षित निपटारा

**टीम एक्शन इंडिया / संजय सिंह**
**नारनौल।** ग्रामीण क्षेत्रों में एक गड्ढे वाले शौचालय और सेप्टिक टैंक को खाली करने के बाद मल–कीचड़ का सुरक्षित निपटारा करने के लिए टैंकर मालिकों अथवा चालकों को अपना टैंकर पंजीकरण करवाना होगा। भविष्य में अगर अपंजीकृत टैंकर चालक यह काम करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस कार्य में लगे जिला के सभी टैंकर मालिकों को अपना टैंकर 30 सितंबर तक पंजीकरण करवाना होगा। हरियाणा सरकार का लक्ष्य है कि पर्यावरण और धरती पूरी तरह से स्वच्छ व साफ सुथरी रहे।

# पीसीसी एकेडमी में सेमिनार का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
पीसीसी एकेडमी में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया मॉडल टाउन ब्रांच के शाखा प्रबंधक नीरज शर्मा ने शिरकत की। पीसीसी एके-डमी के निदेशक राजीव परुथी ने नीरज शर्मा का स्वागत किया। शाखा प्रबंधक नीरज शर्मा ने बच्चों को बैंक के बारे में ज्ञान दिया। बच्चों को कहा आजकल साइबर क्राइम हो रहा है। हमें मोबाइल पर आए हुए मैसेज में किसी को भी गलत क्लिक करने से हमारे खाते में से पैसे कहीं और जा सकते हैं।




फिर माता-पिता को परेशान होना पड़ता है। माता-पिता की मेहनत की पूंजी उन लोगों के हाथ में चली जाती है जो सारा दिन घर बैठकर ठगी करते हैं। इसीलिए सभी बच्चे सतर्क रहकर ही पैसों का लेनदेन मोबाइल से करें। राजीव परुथी ने कहा इस तरह के सेमिनार करवा कर बच्चों के अंदर जागरूकता पैदा की जाती है। इस मौके पर सिमरन, पलक, संजना, तनु, रेनू व भाव आदि मौजूद रहे।

# केयू के विधि संस्थान में मध्यस्थता कार्यशाला का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक) कुरुक्षेत्र**
विश्वविद्यालय के विधि संस्थान के प्रो. बोनो क्लब एवं वैकल्पिक विवाद समाधान शोध केंद्र ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र के सहयोग से विधि संस्थान के छात्रों के लिए 19 से 20 सितंबर को दो दिवसीय मध्यस्थता कार्यशाला का आयोजन किया।

इस कार्यशाला का आरंभ जिला कुरुक्षेत्र के सह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सतीश कुमार ने 19 सितम्बर को किया। विधि संस्थान के प्राध्यापक एवं संयोजक अमित कुमार द्वारा न्यायाधीश महोदय को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। विधि संस्थान की प्राध्यापिका डॉ. कृष्णा अग्रवाल द्वारा मंजू कौशिक को




सम्मानित किया गया और अनिमेष भारद्वाज को डा. सुमित कुमार एवं डा. सुरिंदर द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

विधि संस्थान के छात्र व प्रो-बोनो क्लब के कोर कमेटी सदस्य ताजविंदर सिंह ने प्रो बनो क्लब के बारे में बताया। एडवोकेट मंजू कौशिक द्वारा छात्रों को मध्यस्थता के क्रिया और उसके लाभ के बारे में भी बताया गया। इसके साथ ही उन्होंने छात्रों को एक मध्यस्थ की भूमिका के बारे में भी बताया। इसके पश्चात एडवोकेट अनिमेष भारद्वाज ने छात्रों को मध्यस्थता की अहमियत के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों के साथ अपने अनुभवों को भी सांझा किया। कार्यशाला के द्वितीय दिवस की ट्रेनिंग का आयोजन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि संस्थान में निदेशक प्रो. दलीप कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। द्वितीय दिवस पर छात्रों के लिए एक लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया और एक बनायी मध्यस्थता की भी प्रस्तुति दी। प्रो. दलीप कुमार ने छात्रों को मध्यस्थता के सामाजिक पहलू के बारे में समझाया व छात्रों के इस कार्यक्रम के आयोजन में किये गए प्रयासों की सराहना की।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. के. लक्ष्मण 23 को पानीपत में: डा.राजबीर आर्य

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत,कमाल हुसैन**
**जोगी** समाज द्वारा शनिवार, 23 सितंबर को पानीपत के भोडवाल माजरी गांव के गोगा मेडी मंदिर में जोगी नाथ, पिछड़ा वर्ग सम्मेलन का आयोजन होगा। प्रेस को जानकारी देते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रमुख डा.राजबीर आर्य ने बताया कि सम्मेलन में मुख्यातिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य, राज्य सभा संसद डा.के.लक्ष्मण होगें। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष, पूर्व मंत्री कर्णदेव कांबोज



करेंगें। विशिष्ठ अतिथि के रूप में मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवम कुरुक्षेत्र से सांसद नायब सैनी शिरकत करेंगे। डा. आर्य ने बताया कि सम्मेलन में संसद संजय भाटिया, संसद रमेश कौशिक, विधायक महीपाल ढांडा, विधायक प्रमोद विज, विधायक मोहन लाल बडोली, पानीपत भाजपा जिलाध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता और सोनीपत जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा भी भाग लेंगे।

सम्मेलन के आयोजक ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कैप्टन सुभाष जोगी ने बताया कि ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.के. लक्ष्मण पानीपत जिले में पहली बार पधार रहे हैं इसलिए उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जी टी रोड़ से दो सौ बाइक के काफिले में डा. लक्ष्मण को ढोल नगाड़ों के साथ सभा स्थल तक लाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में पांच हजार से ज्यादा लोग भाग लेंगे।

# एनएसएस के स्थापना दिवस पर कालेज में मेगा रक्तदान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**एसडी पीजी** कॉलेज की एनएसएस यूनिट्स, रोटरी क्लब पानीपत रेनबो और जिला रेडक्रॉस ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वाधान में एनएसएस के स्थापना दिवस पर कालेज में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एनएसएस कार्यकर्ताओं, विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने हिस्सा लिया और 104 यूनिट रक्त का दान किया। वहीं आँखों की जांच के शिविर का आयोजन भी किया गया। जिसमे विद्यार्थियों की आँखों की जांच की गई। रक्दान शिविर की शुरूआत मुख्य अतिथि उद्योगपति पवन बंसल ने की। रोटरी क्लब पानीपत रेनबो के

**रक्तदान महादान**

**8 एनएसएस कार्यकर्ताओं, विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने हिस्सा लिया और 104 यूनिट रक्त का दान किया**

प्रधान अमित भंडारी, प्रोजेक्ट निदेशक रमेश गुप्ता, कमल सिंगला, प्रोजेक्ट चेयरमैन तनुज भाटिया, रोहित गुप्ता, सचिव सचिन गर्ग, रेड क्रॉस ब्लड बैंक से डॉ.पूजा सिंघल और अन्य मेडिकल अधिकारियों ने रक्त को एकत्रित करने का दायित्व संभाला और रक्तदाताओं का हौसला



बढाया। वहीं मेहमानों का स्वागत कॉलेज प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा, एनएसएस प्रभारी डॉ.राकेश गर्ग और डॉ.संतोष कुमारी ने किया।रक्तदान करने वाले छात्र.छात्राओं को रिफ्रेशमेंटस, गिफ्ट्स, सेल्फी मग और प्रमाण पत्र वितरित किये गए। रोटरी क्लब पानीपत रेनबो ने ब्लड डोनेशन कैंप में रोटेरियन स्वर्गीय बिपिन बोगरा को याद किया। पवन बंसल ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि एक वयस्क पुरुष एवं स्त्री हर तीन महीने में एक बार रक्तदान कर सकता है। भारत में प्रत्येक दो सेकंड में किसी न किसी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता होती है परन्तु दुःखद पहलु यह है कि भारत में रक्तदान योग्य व्यक्तियों में से सिर्फ चार प्रतिशत लोग ही रक्तदान करते हैं। रक्तदान करने के बाद किसी का जीवन बचने से हममें आत्मसंतोष की दैवीय भावना उत्पन्न होती है। मानव जीवन की रक्षा हेतू रक्तदान परमात्मा की सर्वोत्तम अराधना है। प्राचार्य डा. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि रक्त हमारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। रक्त का विकल्प केवल और केवल रक्त ही है। बढती दुर्घटनाओं के मद्देनजर आज रक्त की मांग में काफी वृद्धि हुई है। हस्पताल भी रक्त के बगैर कुछ नहीं कर सकते है। रक्तदान करके हम चिकित्सकों के काम में काफी मदद कर सकते हैं। डॉ.राकेश गर्ग एनएसएस अधिकारी जिन्होनें खुद भी रक्तदान किया ने कहा कि रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं।

# रानीबाग: गणपति महोत्सव में डांस प्रतियोगिता आयोजित









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मैत्री** एजुकेशन एवं वेलफैयर सोसाइटी (पंजी) व मैत्री गणपति महोत्सव परिवार (पंजी) की ओर से रानी बाग स्थित रामलीला मैदान, महेंद्रा पार्क में 31वां गणपति महोत्सव का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से मनाया जा रहा हैं। इसी दौरान संस्था के प्रधान राजेंद्र यादव ने बताया कि प्रत्येक दिन रंगारंग कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं।

इसी कड़ी में जूनियर डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा दिल्ली प्रदेश के पूर्व मंत्री संजीव शर्मा, शालीमार बाग से निगम पार्षद रेखा गुप्ता, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश कुमार ने शिरकत की। इस कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्रधान राजेंद्र यादव, महासचिव दीपक मेहरा, उपाध्यक्ष बलराम चावला के अलावा मोनू भाटिया, नवीन जिंदल, मोहन स्वामी, प्रवीण सियाल, अजय मल्होत्रा, प्रमोद गर्ग, अमर अग्रवाल सहित संस्था के अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें। इस मौके पर प्रधान राजेन्द्र यादव ने बताया कि गणपति महाराज जी सभी के जीवन में खुशियां लाये और सभी की मुरादे पूरी हो। श्री यादव ने कहा कि जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है, इसलिए सभी सच्चे मन से प्रभु की आराधना करें।

महासचिव दीपक मेहरा ने बताया कि यह हमारा 31वां आयोजन है, हमारा प्रयास है कि हम अच्छे से अच्छा कार्यक्रम करें। उन्होंने कहा कि मैं प्रभु से कामना करता हूं कि प्रभु सभी के जीवन में अपार खुशियां लाये। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।






# कथा सुनने से मिलता है ज्ञान: श्री शिवानंद राधेय जी महाराज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली** विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जहांगीरपुरी इलाके के जे ब्लॉक स्थित पार्क में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन कथा वाचक श्रद्धेय श्री शिवानंद राधेय जी महाराज ने श्री कृष्णजी की बाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को हमेशा धर्म के मार्ग पर चलकर समाज सेवा में आगे आना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि आज के दौर में परेशानी और अविश्वास बढ़ता जा रहा है। इससे समाज में खींचतान, स्वार्थ, लोभ और कई प्रकार की विकृतियों का अम्बार लगा हुआ है। इसलिए हृदय में परिवर्तन के लिए श्रीमद् भागवत कथा का








सभी को श्रवण ध्यान पूर्वक करना चाहिए और जहां पर भी कथा का आयोजन हो रहा हो वहां पर समय निकालकर अवश्य ही जाना चाहिए। महाराज ने आगे बताया कि जो व्यक्ति ध्यान पूर्वक कथा का श्रवण करता है उसके जीवन में खुशियों का अंबार लगता है और दुखों का नाश होता है और साथ में मन में अच्छे विचारों का संचार होता है। इसलिए सभी ध्यान पूर्वक कथा का श्रवण करें। इस मौके पर बहुताय की संख्या में भक्त मौजूद रहे। आपको बतादें कि कथा का आयोजन सेवा समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट बृजधाम गोर्वधन के तत्वाधान में किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्य यजमान प्रेमराज यादव व सुनीता यादव और सेवादार कुंता जी सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त मौजूद रहे।




वार्ड–18 जहांगीर पुरी के भलस्वा डेरी कार्यालय पर आधारकार्ड शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 75 लोगों के आधार कार्ड संबधित कार्य किये गए। इस मौके पर आप नेता सुरेश शर्मा मौजूद रहे।

# नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित होने के बाद दौड़ी खुशी की लहर: रवि अजय हंस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश के प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला बिल नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित होने के बाद देश में खुशी का माहौल हैं, जिससे कि खासा उत्साह महिलाओं में देखने को मिल रहा हैं। वहीं त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले कोहाट वार्ड-61 के निगम पार्षद रवि हंस (अजय) ने कहा कि इस विधेयक से मातृशक्ति का भरोसा देश को नई दिशा देगा। निगम पार्षद रवि हंस ने कहा कि पिछले 27 वर्षों से यूपीए की सरकार ने यह बिल पास ही नहीं होने दिया



जबकि यह बिल पूर्व में ही पारित करवा सकते थे, लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में इस बार पक्ष-विपक्ष दोनों ने ही खुलकर वोटिंग की और विपक्ष चाहकर भी बिल पारित होने से रोक नहीं पाए।

**महिलाओं की भागीदारी बढ़ेंगी:** इस विधेयक में प्रावधान है कि लोकसभा दिल्ली विधानसभा और सभी राज्यों के विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण मिलेगा। यानि कि महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित होंगी। इस ऐतिहासिक बदलाव के बाद से सक्रिय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेंगी। इस विधेयक से महिला सशक्तिकरण को मजबूती मिलने के साथ ही आधी आबादी के प्रतिनिधित्व को बढ़ावा मिलेगा।

# त्रीनगर: शकूरपुर का डीडीए पार्क पार्किंग में तब्दील, प्रशासन बेखबर, जनता बेहाल





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।**
**राजधानी दिल्ली** के अधिकांश इलाके में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की खाली जमीन देख-रेख के अभाव में बदहाली का शिकार हो रही है। डीडीए की जमीन पर कहीं कब्जा हो रहा है, तो कहीं कूड़े का अंबार लगा हुआ। यहां पर हम बात कर रहें हैं त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले शकूरपुर वार्ड नंबर-62 की।

वार्ड स्थित सुर्य देव मंदिर आई ब्लॉक छठ पूजा पार्क स्थित डीडीए की खाली पड़ी हुई जमीन को रख-रखाव के अभाव के चलते स्थानीय लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया हैं।





**अपनी सहुलियत के हिसाब से किया कब्जा:** आपकी जानकारी के लिए बतादें कि इस डीडीए की जमीन के रखरखाव की कोई व्यवस्था नहीं है, जिसके चलते स्थानीय लोगों ने गाड़ियों को खड़ा कर पार्किंग में तब्दील कर दिया है। साथ ही जगह-जगह मलबा फैला पड़ा रहा है। तो वहीं तबेले वाले अपने पशु बांधने के लिए इस जमीन का इस्तेमाल करते नजर आते हैं, तो कुछ लोगों ने अपने घर का बेकार सामान व बिल्डिंग मेटेरियल का सामान डाला हुआ हैं। तो वहीं, कुछ लोगों ने कार रिपेयर करने का वर्कशॉप ही बना डाला हैं, जो कि यहां पर कारें खड़ी करते हैं व गाड़ियों की मरम्मत का काम भी बेखोफ बिना रोक-टोक के चल रहा हैं। वहीं पर बाजार लगाने वाले एक वृद्ध महिला ने बताया कि इस खाली पड़े पार्क से लोगों का हमेशा आना जाना लगा रहता हैं, जबकि इस जगह पर लाइटें तो लगी हैं जो कि खराब पड़ी हुई, इसी का फायदा उठाकर रात के वक्त यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है।

# हरियाणा प्रदेश आज पूरे देश में सबसे ज्यादा असुरक्षित : पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा

**शामिल**

**8 लखन सिंगला के नेतृत्व में भाजपा नेता कुंवर बालू सिंह व पूर्व एसीपी दर्शन लाल कांग्रेस में शामिल**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों लोगों को लेकर नई दिल्ली स्थित पूर्व मुख्यमंत्री के निवास पर पहुंचे और हरियाणा प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व सचिव कुंवर बालू सिंह एडवोकेट एवं रिटायर्ड एसीपी दर्शनलाल मलिक को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा एवं प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के नेतृत्व में कांग्रेस में शामिल कराया। इस अवसर पर भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने आज भारतीय जनता पार्टी की नीतियों, बढ़ती बेरोजगारी, अपराध एवं भ्रष्टाचार से जन-जन त्राहि कर रहा है। आज पूरे देश में कोई प्रदेश सबसे ज्यादा असुरक्षित है, तो वह हरियाणा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा जो बहुत तेजी से आगे जा रहा था, आज काफी पीछे आ गया है। श्री हुड्डा ने कहा कि मुझे इस बात की बहुत ज्यादा टीस है। मगर, आने वाला समय कांग्रेस का है और आज पूरे प्रदेश से लोग कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं। उदयभान ने कहा कि हमें अपना समर्थन एवं सहयोग देने के लिए पार्टी में शामिल हुए कुंवर बालू सिंह, पूर्व एसीपी दर्शनलाल मलिक, बन्टी, वीरेन्द्र वशिष्ठ, आर डी वर्मा का स्वागत है। राज्यसभा सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि फरीदाबाद से लखन सिंगला के नेतृत्व में आई टीम का मैं स्वागत कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक लहर कांग्रेस के पक्ष में है और चौ. भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस का जनाधार लगातार बढ़ता जा रहा है। दीपेन्द्र हुड्डा ने भारतीय जनता पार्टी को प्रदेश की अब तक की सबसे विफल सरकार बताया और हर मोर्चे पर फेल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि लखन सिंगला पार्टी के मजबूत स्तंभ है और हर प्रकार से पार्टी को मजबूती प्रदान करने का काम कर रहे हैं। इस मौके पर फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से अपने साथ सैंकड़ों लोगों को नई दिल्ली लेकर पहुंचे लखन सिंगला ने कहा कि प्रदेश में 2024 में भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार आने जा रही है। उन्होंने कहा कि जो काम पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में हुए वो कभी नहीं हुए।



# हरि मंदिर में मूर्ति स्थापना अवसर पर पहुँचे पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** आज पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल फरीदाबाद के नेहरपार सेक्टर 89 में स्थित टीडीआई रीट्रीट में नवनिर्मित हरि मंदिर के अंदर मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पहुँचे। जहाँ संस्था के लोगों ने पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल का फूल मालाओ, पटका और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। आपको बतादें की टीडीआई रीट्रीट सोसाइटी में नवनिर्मित हरि मंदिर में आज प्राण प्रतिष्ठा और मूर्ति स्थापना की गयी और इसके अलावा सुबह कलश यात्रा का कार्यक्रम करने के बाद भंडारे के प्रसाद का आयोजन भी किया गया था। जिसमे पूर्व मंत्री ने कार्यक्रम में पहुंचकर प्रभु चरणों में वंदन कर आशीर्वाद लिया और क्षेत्र के लोगों की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उनके साथ तिगांव क्षेत्र से विधायक राजेश नागर भी रहे। इस अवसर पर पहुँचे पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने संस्था के सभी पदाधिकारी को इस नेक कार्य के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विपुल गोयल समाजहित और नेक कार्य के लिए हर वक्त तैयार है जो भी उनके लायक काम हो किसी भी समय उन्हें कह सकते हैं। इस मौके पर सतीश गुप्ता, जर्नलिस्ट पंकज गुप्ता, पवन कुकरेजा, राहुल कोपाल, के बनर्जी, विकास वर्मा, पंकज अरोड़ा, विशाल साहनी, अमित सचदेवा, अंकित कुमार सिंह, विशाल सिंह, पंकज मलिक, अमरीश, हेमंत अग्रवाल व अन्य काफी लोग मौजूद थे।



## संक्षिप्त खबरें

# महिला थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर गीता ने गवर्नमेंट मॉडल महिला आईटीआई में छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराध के बारे में किया जागरूक

**इसके साथ ही छात्रों को साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा, नशाखोरी जैसे सामाजिक मुद्दों के बारे में भी किया गया जागरूक**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ के दिशा निर्देश के तहत महिला थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर गीता व उनकी टीम ने गवर्नमेंट मॉडल महिला आईटीआई में करीब 150 छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा संबंधित सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरुक करते हुए जानकारी प्रदान की। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि छात्राओं को जागरूक करने के लिए महिला थाना सेंट्रल की टीम कॉलेज पहुंची जहां पर कॉलेज प्रशासन ने पुलिस टीम का भव्य स्वागत किया और छात्रों को जागरूक करने के लिए मंच पर आमंत्रित किया। इंस्पेक्टर गीता ने वहां पर मौजूद छात्राओं तथा शिक्षकों को महिला विरुद्ध अपराध के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि महिला सुरक्षा के लिए फरीदाबाद पुलिस द्वारा अहम कदम उठाए जा रहे हैं जिसके लिए माननीय पुलिस आयुक्त ने सेफ सिटी परियोजना शुरू की है।फरीदाबाद पुलिस की सेफ सिटी मुहिम के बारे में बताया कि महिलाओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करने के लिए माननीय पुलिस आयुक्त द्वारा सेफ सिटी पहल की शुरूआत की गई है जिसके लिए रात्रि के समय यात्रा करने वाली महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में कुछ अहम कदम उठाए गए हैं। इसके लिए महिलाओं को डायल 112 पर रजिस्ट्रेशन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जो महिलाएं रात के समय यात्रा करती हैं वह डायल 112 पर अपना रजिस्ट्रेशन कर सकती हैं। इसका फायदा यह होगा कि रजिस्ट्रेशन करने के बाद जब वह डायल 112 पर फोन करेंगे तो उन्हें दोबारा से अपनी सारी जानकारी नहीं देनी पड़ेगी बल्कि रजिस्ट्रेशन करने के परिणामस्वरुप उनकी सारी जानकारी पुलिस के पास पहले से मौजूद होगी इसलिए महिलाओं का समय भी बचेगा और उन्हें तुरंत मदद भी पहुंचाई जा सकेगी। इसके साथ ही फरीदाबाद में ऑटो चालकों का डाटा एकत्रित किया जा रहा है जिसमें ऑटो चालकों को एक यूनिक नंबर अलॉट किया जाएगा ताकि उनको ट्रैक करना आसान हो। ऑटो चालकों को निर्देशित किया गया है कि वह अपना व ऑटो मलिक का मोबाइल नंबर सहित सारी जानकारी ऑटो के अंदर सामने वाली साइड पर लगाकर रखें ताकि जरूरत पड़ने पर महिलाएं यह फोटो डायल 112 पर भेज सकें जिससे पुलिस को जानकारी प्राप्त हो जाएगी की यह महिला किस ऑटो में सफर कर रही है। इसके अलावा पुलिस टीम ने छात्रों को साइबर अपराध से बचने के लिए अपना बैंक खाता, क्रेडिट या डेबिट कार्ड की कोई जानकारी किसी के साथ साझा न करने की हिदायत दी। पुलिस द्वारा दुर्गा शक्ति एप छात्राओं के मोबाइल में डाउनलोड करवाया गया और इसके बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों ने महिला हेल्पलाइन 1091, दुर्गा शक्ति एप के बारे में छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि यदि आपको कहीं पर भी महिला विरुद्ध अपराध घटित होता दिखाई दे तो वह इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस द्वारा इस प्रकार के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही छात्रों को साइबर अपराध से बचाव के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930, वरिष्ठ नागरिकों के लिए 7290010000, नशा तस्करों के बारे में पुलिस को सूचना देने के लिए 9050891508 हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के समापन पर स्कूल प्रशासन व छात्रों ने पुलिस द्वारा दी गई इस अहम जानकारी के लिए उनका धन्यवाद किया।

# क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी राकेश की हुई पदोन्नति, बने इंस्पेक्टर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने आज क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी राकेश कुमार व उनकी टीम के साथ अपने कार्यालय में चाय पर चर्चा पर टीम के कार्यों की हौसला अफजाई की तथा क्राइम ब्रांच प्रभारी को पदोन्नति पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। क्राइम ब्रांच 48 की टीम के साथ चाय पर चर्चा के दौरान उनके कार्यों की समीक्षा की गई तथा क्राइम ब्रांच टीम ने अपने अनुभव साझा किए।

# पदयात्रा के दौरान ढूंढे नहीं मिल रहा तिगांव क्षेत्र में भाजपा का विकासः नागर

**पदयात्रा**

**8 ललित नागर द्वारा निकाली जा रही पैदल पदयात्रा को लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** तिगांव क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को जानने के लिए पूर्व विधायक एवं नूह जिले के प्रभारी ललित नागर द्वारा निकाली जा रही पैदल पदयात्रा को लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है। लोग खुलकर पूर्व विधायक के समक्ष अपनी समस्याएं रख रहे है और सरकार व प्रशासन द्वारा बरती जा रही लापरवाही को भी खुलकर बता रहे है। इसी कड़ी में पदयात्रा का जत्था सेहतपुर चेतन मार्केट मोड पहुंचा, जहां से पदयात्रा सरस्वती कालोनी मेन रोड, दून भारती चौक, रेस्टोरेंट चेतन मार्केट, चेतन मार्केट, कृष्णा कालोनी, श्याम कालोनी, श्याम कालोनी-3, शनि बाजार सरस्वती कालोनी से होते हुए कृष्णा कालोनी में सम्पन्न हुई। पदयात्रा का जगह-जगह लोगों ने फूल मालाओं के साथ इस पदयात्रा का स्वागत कर इसमें बढ़चढक? भाग लिया। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करत हुए पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि तिगांव क्षेत्र का हर व्यक्ति आज मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, टूटी सडकें, सडकों पर गड्ढे और उनमें भरा गंदा पानी प्रशासन और सरकार के विकास की कहानी बयां कर रहे है, जिस नगर निगम के ऊपर शहरी क्षेत्रों में लोगों को मूलभूत सुविधाएं देने का जिम्मा है, उस नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार को प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी मीटिंग में सहज स्वीकार कर चुके है, जो भाजपाईयों और अधिकारियों के लिए शर्मनाक है। इससे यह साबित हो गया है कि जनता के खून-पसीने की टैक्स की कमाई को नगर निगम के माध्यम से भाजपा नेता और अधिकारी डकारने में लगे हुए है, भाजपा विधायक व अधिकारियों को लोगों की कोई परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि पदयात्रा के दौरान वह क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं का बारीकि से अध्ययन कर रहे है और अभी तक इस यात्रा के दौरान उन्हें पता चला कि यहां विकास के नाम पर केवल झूठे वायदे और प्रलोभन दिए गए है, विकास के नाम पर यहां कुछ नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि चेतन मार्केट वाला रोड जो एक साल पहले कागजों में बन चुका है, उस पर आज तक काम शुरू नहीं हुआ, इससे साबित होता है कि भाजपा सरकार में केवल और केवल भ्रष्टाचार का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।



# सही पोषण से महिलाओं और बच्चों की सेहत में हो सकता है सुधार : डीसी विक्रम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सही पोषण से महिलाओं और बच्चों की सेहत में सुधार हो सकता है। डीसी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पोषण माह 2023 के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा न्यूट्रिशन पर सेमिनार किया गया। जहां ट्रेनिंग में विभाग के कर्मियों को न्यूट्रिशन के संदर्भ में समझाया गया। सेमिनार में वक्ताओं ने कहा कि ही ऐसा कोई व्यक्ति होगा, जिसका रोजाना का खान-पान बिल्कुल स्वस्थ तरीके से होता हो।



अनेक लोग घर से बाहर ही भोजन करना पसंद करते हैं। अधिकांश लोग फास्ट फूड आदि का बहुत अधिक सेवन करते हैं। जब भी कोई रोगी किसी डॉक्टर से सम्पर्क करता है तो डॉक्टर मरीज को सबसे पहले अपना डाइट प्लान बदलने की सलाह देते हैं। इसलिए आज संतुलित आहार चार्ट या नॉर्मल डाइट प्लान प्रत्येक व्यक्ति की जरूरत बन गया है।

# पुलिस आयुक्त ने पुलिस वेरिफिकेशन डेस्क का किया औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने आज सेक्टर 21सी स्थित अपने कार्यालय की पुलिस वेरिफिकेशन डेस्क का औचक निरीक्षण किया और निरीक्षण करने के पश्चात वहां पर वेरिफिकेशन का आवेदन देने के लिए पहुंचे आवेदनकताओं से वेरिफिकेशन डेस्क की सेवाओं के बारे में फीडबैक लिया। पुलिस आयुक्त ने वेरिफिकेशन ब्रांच इंचार्ज सुंदर सिंह से पुलिस वेरीफिकेशन की प्रक्रिया और माध्यम के बारे में पूछताछ की और उन्हें पुलिस वेरिफिकेशन को जल्द से जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए।

# ग्रामीणों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** डीसी विक्रम सिंह के दिशा-निर्देश पर सीईओ जिला परिषद आशिमा सांगवान के कुशल मार्गदर्शन में जिला फरीदाबाद में आज वीरवार को ग्राम पंचायत घरौडा, छायंसा, सिरोही सहित अन्य गांवों में सफाई अभियान चलाया गया। जहां पर गांव के लोगों ने कहा कि स्वच्छता मनुष्य को शारीरिक और मानसिक स्तर पर स्वस्थ रखती हैं। स्वच्छता का अर्थ है- साफ-सफाई। अगर हम अपने आस पास की सफाई नहीं रखेंगे तो बीमारियों के फैलने का डर बना रहता हैं। हमारे आस पास जितनी गंदगी रहेगी, उतना ही हमारे अस्वस्थ होने की संभावना बनी रहेगी गांव के लोगों ने स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले सभी लोगों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के समाज हित के कार्य में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। स्वच्छता ही सेवा-2023 के तहत जिला में स्वच्छता ही सेवा-2023 के तहत ग्राम पंचायतों में सफाई अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

स्वच्छता ही सेवा 2023 अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत मे पुराने कूडे के ढेरो की सफाई की गई। ग्राम पंचायतों ने अपने परिक्षेत्र मे साफ सफाई की। सार्वजनिक स्थानों की साफ सफाई करते हुए सरपंच ने कहा कि सफाई को हमने अपनी प्राथमिकता पर रखा हुआ है। हम अपने गांव को ग्राम वासियों के साथ मिलकर पूर्णतया साफ रखने के लिए कटिबद्ध है।

स्वच्छता ही सेवा-2023 में यह किया जा रहा हैः

ग्रामीणों द्वारा अनूठी पहल की भी शुरूआत की गयी है। ग्राम पंचायत में सफाई का संदेश देने के लिए घरों के सामने जगह-जगह जागरूकता बोर्ड, एवं एक पेड़ सहित गमला तथा प्लास्टिक डालने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए डस्टबिन स्थापित कराई जा रही है।वहीं ग्राम पंचायत में ठोस कचरा प्रबंधन यूनिट की स्थापना स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत की गयी है। इस यूनिट में घरों से निकलने वाले अगलनशील कूडे को अलग-अलग कर रखा जाता है। यूनिट के अन्दर गलनशील कूडे से कम्पोस्ट खाद बनाने का प्रावधान भी किया जा रहा है।

**यह किया गया है स्वच्छता अभियान के तहतः**

इसी प्रकार से जिला फरीदाबाद की 85 ग्राम पंचायतों में ठोस कचरा प्रबंधन शैडो का निर्माण कराया जा चुका है।

वहीं कई ग्राम पंचायतों में मॉडल पौंड का कार्य भी चल रहा है।

# एक दिवसीय टीबी स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि भारत सरकार की 2025 तक टीबी मुक्त भारत की मुहिम को सफल बनाने के प्रयासों से भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी राष्ट्रीय मुख्यालय एवं हरियाणा राज्य शाखा के संयुक्त तत्वावधान में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव बिजेंद्र सौरोत के कुशल मार्गदर्शन में भाखरी औद्योगिक क्षेत्र, गली नंबर 2, श्री राम धर्म काटा के पीछे, डबुआ पाली रोड एन आई टी में महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन के सहयोग से एक दिवसीय टीबी स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। डॉक्टर ऋचा बत्रा, उप सिविल सर्जन व डॉक्टर महेंद्र गोयल डीटीओ ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिविर का विधिवत रूप से शुभारम्भ किया। इस जांच शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ-साथ अस्पताल की टीम ने भी सहयोग किया। शिविर में 210 असहाय जन मानस की टीबी जांच, एक्स रे, आंखों की जांच, मुफ्त दवाइयां, रक्तचाप, ब्लड शुगर, एचआईवी, हीमोग्लोबिन की जांच की गई। उन्होंने रेडक्रॉस के इस मानव कल्याणकारी कदम की सराहना की और बताया कि मानव हित में कार्य करना अपने आप में बहुत ही सुकून की बात है। रेडक्रॉस मानव हित में कार्य करने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था है। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव बिजेंद्र सोरोत, उपाधीक्षक पुरुषोत्तम सैनी व टी बी कॉर्डिनेटर मधु भाटिया ने बताया कि रेडक्रॉस के उद्देश्य स्वास्थ्य- सेवा-मित्रता को मद्देनजर रखते हुए इन शिविरों का आयोजन किया गया है। तेजिन्दर सिंह मेमोरियल चैरिटेबल सेंटर एचओडी डॉ. रमेश एवं उनकी टीम द्वारा एक्सरे, दवाईयां व आई वैन की व्यवस्था कराई गई। इस शिविर के सफल आयोजन मे उप चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रिचा बत्रा, डॉक्टर चेष्टा सिंह, डॉक्टर एल एस प्रेमी, श्री ए एस पटवा पैट्रन रेडक्रॉस सोसाइटी , प्रोजेक्ट मैनेजर सुशील कुमार, श्री इंदरजीत सिंह, श्री सतीश गुप्ता, श्री पंकज गाँधी, श्री तरुण रत्रा, श्री पुनीत सतीजा, श्री विक्रम फागना, श्रीमति विजय खन्ना ट्रस्टी तेजिन्दर सिंह मेमोरियल चैरिटेबल सेंटर, श्री बी ?म शर्मा व श्री मनदीप चोपड़ा आदि ने सहयोग किया।



# स्कूलों व स्लम एरिया में टीबी, एचआईवी और लेप्रोसी के बारे में करें जागरूकः एडीसी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि जिला में कुष्ठ रोगियों (लेप्रोसी) की कुष्ठ रोगी खोज अभियान को पूर्ण रूप से चलाए। आरबीएसके डॉक्टर की टीम ज्यादा से ज्यादा स्कूलों व स्लम एरिया में जाकर टीबी, एचआईवी और लेप्रोसी के बारे में लोगों को बताएं और जागरूक करें। पोलियो अभियान में जिस तरह का माइक्रोप्लान यूज किया जाता है। उसी की तर्ज पर इसमें भी काम करें। सभी टीमों के कार्य का आकलन रैंकिंग अनुसार किया गया अच्छे कार्य करने वाली टीम को सराहा गया एवं कम प्रगति वाली टीमों को कार्य में सुधार लाने के लिए सख्त निर्देश दिए। एडीसी आनंद शर्मा आरबीएसके डॉक्टरों के लिए ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में किया गया। जहां पर एडीसी कार्यशाला में उपस्थित चिकित्सकों और अन्य लोगों को यह दिशा-निर्देश दे रहे थे। जिसमें डॉ सिद्धि, डॉ तौसीफ और डॉ मनजिंदर ने क्रमानुसार आरबीएसके की टीमों को कुष्ठ रोग की पहचान, टीबी के लक्षणों, नवजात बच्चों में आंखों, कानो, पैरो में होने वाली बीमारियों के बारे में बताया। एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए डॉ. तोसीफ ने विटामिन ए, बी और सी की कमी के कारण होने वाली समस्याओं के बारे में बताते हुए कहा कि विटामिन ए की कमी से आंखों से जुड़ी परेशानियां, रतौंधी और आंख के सफेद हिस्से में धब्बे की समस्या, त्वचा से जुड़ी बीमारियां भी हो सकती है। वहीं विटामिन बी की कमी से बेरी बेरी होता है। इसके अलावा एनीमिया और मानसिक समस्याएं होने की संभावना ज्यादा होती है। मसूड़ों में सूजन और खून का आना भी विटामिन सी की कमी से होता है। डॉ. सिद्धि ने कार्यशाला में नवजात शिशु की आंखों में मोतियाबिंद से संबंधित समस्या के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आंख की पुतली में धुंधला या अपारदर्शी दिखना, स्ट्रबिस्मुस (आंखों को पार करना) या आंखों का खराब संरेखण, पुतली पर सफेद या ग्रे रंग दिखना यह आंख में मोतियाबिंद का लक्षण हो सकता है।

यदि किसी शिशु के मोतियाबिंद पर ध्यान नहीं दिया जाता है, तो यह स्थायी दृष्टि हानि का कारण बन सकता है। सबसे खराब स्थिति में, वे पूर्ण अंधापन का कारण बन सकते हैं। डॉ. मनजिंदर ने पैरों के आकार में गड़बड़ी, अन्य हड्डियों और जोड़ों के आकार में गड़बड़ियों, रिकेट्स, हड्डियों का संक्रमण, कुपोषण के कारण पेशियों का खत्म हो जाना, पेशीविकृति जैसी समस्याओं ने बारे में अवगत कराया।



# समाजसेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहा लायंस क्लब : नरेंद्र गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** लायंस क्लब फरीदाबाद डैफोडिल ने आज स्वच्छता अभियान के तहत सूरदास पार्क सेक्टर 8 फरीदाबाद में सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नरेंद्र गुप्ता मौजूद रहे। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता व डीजी अनिल अरोड़ा ने कर्मचारियों को शॉल पहन के सम्मानित किया और साथ में ही पौधारोपण भी किया। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता व मौजूद लोगों ने पूरे पार्क से ग्रीन वेस्ट कचरा साफ कराया। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि लायंस क्लब समाजसेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और क्लब के सभी मेंबर्स तन-मन-धन से समाज की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी को न केवल पौधारोपण करना चाहिए बल्कि उनकी देखरेख भी सुनिश्चित करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने लोगों से अपने आसपास सफाई रखने की अपील की। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल अरोड़ा ने भी वृक्षारोपण किया। इस मौके पर पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बीएम शर्मा, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल अरोड़ा, मल्टीपल काउंसिल कोषाध्यक्ष डायरेक्टर सुरेश शर्मा, प्रोजेक्ट चेयरमैन योगेंद्र तेवतिया, दीपक बतरा, श्याम सुंदर मंगला, सतीश गोयल, ज्योति, प्रकाश शर्मा, अजीत नंबरदार, सुरेश कौशिक, एन के गर्ग, सुरेन्द्र पाहिल, सुरजीत तंवर, विजय,शिव सिंह मलिक आदि मौजूद रहे। इस मौके पर 51 पौधे लगाए गए। इस मौके पर सफाई कर्मियों ने सम्मान के लिए विधायक नरेंद्र गुप्ता व लायंस क्लब का आभार व्यक्त किया।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 22 सितंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## कर्ज से परेशान आदिवासी किसान ने की आत्महत्या, फंदे से लटका मिला शव

**टीम एक्शन इंडिया/खंडवा**

मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में कर्ज से परेशान एक आदिवासी किसान ने आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह उसका शव उसी के खेत में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। बताया जा रहा है कि अतिवृष्टि के कारण फसलें खराब होने से किसान पर कर्ज बढ़ गया था। इसी से परेशान होकर उसने आत्मघाती कदम उठाया। घटना के बाद से पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। पूरे मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार पंधाना तहसील के ग्राम गोराड़िया में आदिवासी किसान पंढरी पुत्र बंशी 48 वर्षीय ने अपने खेत में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने उसका शव उसी के खेत में फांसी पर लटका हुआ देखा। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शव का पोस्टमार्टम कर स्वजनों को सौंप दिया गया है। पूरे मामले में पुलिस जांच में जुटी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले वर्षा की लंबी खेंच और बाद में अतिवृष्टि ने फसलें बर्बाद कर दी हैं। जिससे किसान पर करीब तीन लाख रुपये का कर्ज हो गया था। मृतक किसान की पत्नी राजकुमारी ने कहा कि सोयाबीन की फसल खराब होने के बाद से पति मानसिक रूप से परेशान और गुमसुम रहते थे।

मृतक के चार बच्चे हैं। इनमें तीन लड़की, एक लड़का शामिल है। किसान को बेटियों की शादी की भी चिंता थी। पंधाना एसडीएम कुमार शानु देवरिया ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी यह सामने आई है कि किसान नशे का आदी था। उस पर कितना कर्ज था इसकी जानकारी निकालने के लिए पटवारी को निर्देश दिए गए हैं।फिलहाल मामला जांच में है।

## भाजपा की दूसरी परिवर्तन संकल्प यात्रा का कोटा में समापन

**कोटा।** भाजपा की दूसरी परिवर्तन संकल्प यात्रा के समापन पर महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में गुरुवार को विशाल जनसभा का आयोजन हुआ। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि असम राज्य क्षेत्रफल व अन्य दृष्टि से छोटा राज्य है। मैं सोचकर आया था कि राजस्थान में जाकर गहलोत सरकार की योजनाओं का निरीक्षण करूंगा, लेकिन जब यहां लोगों से बात की तो पता चला कि देश मे सबसे महंगा पेट्रोल-डीजल राजस्थान में है। असम में पेट्रोल-डीजल दोनों की कीमतें राजस्थान से कम हैं और राजस्थान के सीमावर्ती राज्य उत्तर प्रदेश में भी पेट्रोल की कीमतें राजस्थान के मुकाबले 13 रुपये कम है। राजस्थान में बिजली दरें भी आसमान पर है। रिजर्व बैंक के अनुसार मुद्रा स्फीति दर राजस्थान में अधिक है। राजस्थान सरकार प्रदेश की जनता से भर-भर के पैसा लूट रही है। इसी लूट के पैसों से चुनाव का खर्चा और खोखली फ्री योजनाएं चला रही है। मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा ने कहा कि राजस्थान सरकार को यदि जनता को फायदा देना ही था तो उन्हें अन्नपूर्णा फूड पैकेट कोरोना की महामारी के समय बांटने चाहिए थे, क्योंकि उस समय जनता को इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। जनता की सच्ची हितैषी केंद्र की मोदी सरकार है जिसने कोरोना महामारी के समय कोई भूखा नहीं सोए इस बात का ध्यान रखा और प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना के अंतर्गत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया था।

# आदि शंकराचार्य की मूर्ति का हुआ अनावरण

## 'शांति और एकता का संदेश देगी आदिगुरू शंकराचार्य की एकात्मता की प्रतिमा'

शिलान्यास

- मांगलिक अनुष्ठान के साथ 2 हजार 200 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले अद्वैत-लोक का शिलान्यास किया



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

**मुख्यमंत्री** शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को खण्डवा जिले के ओंकारेश्वर में मांधाता पर्वत पर संत समुदाय के साथ आदि गुरु शंकराचार्य की अष्टधातु 108 फीट ऊंची एकात्मता की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने मांगलिक अनुष्ठान के साथ 2 हजार 200 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले अद्वैत-लोक का शिलान्यास किया । इस अवसर पर खण्डवा जिले की प्रभारी मंत्री एवं संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री उषा ठाकुर, स्वामी अवधेशानंद जी गिरी महाराज, परमात्मानंद जी, स्वामी स्वरूपानंद जी, स्वामी तीथानंद जी महाराज सहित देश-भर से आए लगभग 5 हजार साधु-संत उपस्थित थे। ओंकारेश्वर में संतजनों के आगमन पर केरल की पारंपरिक पद्धति से अतिथियों का स्वागत किया गया। विभिन्न राज्यों से आये सांस्कृतिक नृत्य-दलों के कलाकारों ने शैव परंपरा के नृत्यों की प्रस्तुति देते हुए आध्यात्मधाम में सभी का स्वागत किया। सनातन संस्कृति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक नृत्यों ने कार्यक्रम स्थल को आध्यात्मिक भाव से सरोकार कर दिया। अद्वैत-लोक के मांगलिक अनुष्ठान के अवसर पर मान्धाता पर्वत पर उपस्थित जनों को आध्यात्मिकता से परिपूर्ण वातावरण में अध्यात्म की दिव्य अनुभूति हुई। वैदिक यज्ञ में आहुति के बाद मुख्यमंत्री चौहान ने यज्ञ के पंडितों को और वेद पाठ कर रहे वेद पाठियों का अभिवादन किया।

### एकात्मता की मूर्ति

- एकात्म धाम में स्थापित आचार्य शंकर की प्रतिमा का नाम एकात्मता की मूर्ति (स्टैच्यू ऑफ वननेस) है।
- 108 फीट की अष्टधातु मूर्ति आचार्य शंकर के बाल रूप 12 वर्ष की आयु की है।
- मूर्ति के आधार में 75 फीट का पैडेस्टल है।
- यह मूर्ति पाषाण निर्मित 16 फीट के कमल पर स्थापित है।
- मूर्तिकार श्री भगवान रामपुरे एवं चित्रकार वासुदेव कामत के मार्गदर्शन में मूर्ति का निर्माण किया गया है।
- प्रतिमा में 88 प्रतिशत कॉपर, 4 प्रतिशत जिंक, 8 प्रतिशत टिन का उपयोग किया गया है। प्रतिमा 100 टन वजनी है।
- कुल 290 पैनल से यह मूर्ति निर्मित की गई है।
- समग्र अधोसंरचना के निर्माण में उच्च गुणवत्ता के 250 टन के स्टेनलेस स्टील का उपयोग किया गया है।

# मप्र के जिलों का होगा तेजी से आर्थिक विकास

## छह विकास पथों की 4590 किमी सड़कों से पर कार्य जारी, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात राजस्थान से बढ़ेगा सीधा संपर्क



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

प्रदेश में बन रहे छह विकास पथों से 4590 किलोमीटर सड़कों के संपर्क में आने वाले जिलों में विकास का दृश्य पूरी तरह बदल जायेगा। मध्यप्रदेश का अन्य राज्यों से सडक संपर्क बढ़ने के साथ ही आर्थिक विकास और व्यापार में भी तेजी से बढ़ेगा।

जनसंपर्क अधिकारी अनिल वशिष्ठ ने गुरुवार को बताया कि चंबल नदी के समान्तर 395 किलोमीटर का अटल प्रगति पथ को केन्द्र सरकार ने भारतमाला परियोजना में सम्मिलित कर लिया गया है। इसका 310 किलोमीटर हिस्सा मध्यप्रदेश से और 85 किलोमीटर राजस्थान से गुजरेगा। लगभग 8000 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जाने वाला यह पथ ग्वालियर-चंबल अंचल के विकास में नये आयाम जोड़ेगा और नई आर्थिक गतिविधियों का रास्ता खोलेगा। उन्होंने बताया कि माँ नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक से अलीराजपुर होते हुए गुजरात तक 1300 किलोमीटर लंबे नर्मदा प्रगति पथ का बनाया जाना प्रस्तावित है। इससे प्रदेश की हॉरिजॉन्टल इंडस्ट्रियल बैकबोन के रूप में देखा जा रहा है। इस परियोजना के सर्वे का कार्य पूरा हो गया है।

**विंध्य एक्सप्रेस-वे:** राजधानी भोपाल से प्रदेश की पूर्वी सीमा के दूरस्थ अंचल सिंगरौली को जोड़ने के लिए 676 कि.मी. विंध्य एक्सप्रेस-वे को राज्य सरकार की कार्य-योजना में प्राथमिकता दी गई है। इन मार्गों के दोनों और औद्योगिक कॉरिडोर विकसित कर अंचल और प्रदेश के विकास को गति मिलेगी।

### 'व्यापार उद्योग और रोजगार का केन्द्र बनेगा'

**देश** की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में 1062 कि.मी. दिल्ली-नागपुर इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर का 676 कि.मी. हिस्सा मध्यप्रदेश से गुजरेगा । देश के पाँच राज्यों दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान को जोड़ेगा। यह हाई-वे आने वाले वर्धा जिले में सिंधी-डायपोर्ट को कनेक्टविटी देगा। यह भविष्य में व्यापार उद्योग और रोजगार का बड़ा केन्द्र बनेगा। राजधानी दिल्ली को देश की आर्थिक राजधानी से जोड़ने वाले दिल्ली-मुम्बई इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर देश के आर्थिक विकास में नया अध्याय बनेगा। इस 1504 कि.मी. लम्बाई वाला कॉरिडोर मध्यप्रदेश में मंदसौर से अलीराजपुर होकर गुजरेगा। राज्य के देवास, उज्जैन, रतलाम, धार, नीमच, मंदसौर और अलीराजपुर जिलों में औद्योगिक विकास का दृश्य बदल जायेगा।

# ड्रग्स तस्करों की बारह करोड़ की अवैध संपत्ति फ्रीज-सीज



एक्शन

- कुख्यात तस्कर की मादक पदार्थ तस्करी से अर्जित बारह करोड रुपये की चल-अचल संपत्ति जब्त की

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

प्रतापगढ़ जिले में स्थित छोटी सादड़ी व सालमगढ़ थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध धारा 68 एफ(1) के तहत कार्रवाई कर बारह करोड रुपये की चल और अचल संपत्ति को फ्रीज एवं सीज कर दी है। इस संबंध में भारत सरकार की ओर से अधिकृत कंपिटेंट अथॉरिटी व एडमिनिस्ट्रेटर सफीना (एफओपी) की ओर से अप्रूवल मिल गई है। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने बताया कि पिछले एक दशक में धारा 68 एफ एनडीपीएस एक्ट के तहत फ्रीजिंग की यह पहली बड़ी कार्रवाई है। कुख्यात तस्कर कमल राणा, कमलेश बैरागी, शैलेंद्र बैरागी और विष्णु बैरागी की मादक पदार्थ तस्करी से अर्जित बारह करोड रुपये की चल-अचल संपत्ति जब्त की गई है। डीजीपी मिश्रा ने बताया कि राजस्थान में पहली बार तस्करों को शरण देने व वित्तीय सहयोग करने वालों के खिलाफ भी प्रतापगढ़ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 27ए, 28, 29, 30 के तहत बिना किसी जब्ती का थाना छोटी सादड़ी पर मुकदमा दर्ज कर 23 आरोपितों को नामजद कर छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि बंबोरी निवासी कमल सिंह उर्फ कमल राणा मध्य प्रदेश के मालवा व राजस्थान के मेवाड़ में मादक पदार्थ तस्करी के लिए कुख्यात है और सरगना के रूप में एक बड़े गिरोह को संचालित कर रहा था। कमल राणा व उसके तीन साथियों को पुलिस मुख्यालय की क्राइम ब्रांच की टीम ने 19 जून को महाराष्ट्र के शिर्डी में एक होटल से डिटेन कर अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रतापगढ़ पुलिस को सौप था।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को ग्रेटर नोएडा में आयोजित पांच दिवसीय यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का शुभारंभ करती हुई।

## त्रिपुरा में भारी मात्रा में गांजा और हेरोइन जब्त

**अगरतला:** त्रिपुरा पुलिस ने आज राज्य में अलग-अलग अभियानों के दौरान भारी मात्रा में गांजा तथा हेरोइन बरामद किये। त्रिपुरा पुलिस द्वारा आज दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार राज्य में जहां 29 किलोग्राम गांजा पकड़ा गया। वहीं, 126 ग्राम हेरोइन, 450 बोतल फैंसीड्रिल कफ सिरप जब्त किए गए। अलग-अलग मामलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत 4 केस दर्ज किए गए। आज राज्य भर में कुल 193 लोगों को अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया गया। तीन वारंटी पकड़े गये। जबकि, दो गुमशुदा लोगों की तलाश की गई।

# इस बार राजस्थान की जनता परिवर्तन के मूड में: सीएम पुष्कर सिंह धामी

**टीम एक्शन इंडिया/कोटा**

**उत्तराखंड के** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को कोटा में पत्रकारों से कहा कि झालावाड़ में परिवर्तन संकल्प यात्रा को देखकर लगा कि राजस्थान की जनता अब की बार सत्ता में परिवर्तन का मन बना चुकी है। इसका कारण स्पष्ट है। राजस्थान में कांग्रेस सरकार बनने के बाद पांच साल में विकास का पहिया रुक सा गया है। उसे आगे बढ़ाने के लिए आम जनता को डबल इंजन की सरकार चाहिए। केंद्र और राज्य में एक ही पार्टी भाजपा की सरकारें होंगी तो विकास तेजी से होगा। उन्होंने अफसोस जताया कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार बनने के बाद भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म का विरोध सबसे अधिक हो रहा है। यहां दशहरा, रामनवमी सहित अन्य हिंदू त्योहारों के जुलूस निकालने पर पाबंदियां लगा दी जाती हैं। शिवलिंग को कटर लगाकर काटने जैसी घटनायें हो रही हैं। हर स्तर पर भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन में हिंदू सनातन संस्कृति को अपमानित करने की होड़ मची है। उदयनिधि स्टालिन की विवादित टिप्पणी का खंडन करने की बजाय कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी आदि मौन साधकर बैठ गये।




सौंदर्यवर्धन अर्ध चंद्राकार स्टेडियम के अनोखे वास्तुशिल्प में डमरू, बेलपत्र और त्रिशूल देखेगी दुनिया

# अब क्रिकेट स्टेडियम में भी दिखेगी भगवान शिव व काशी की झलक

विकास कार्य

- टीवी पर सजीव प्रसारण के माध्यम से आध्यात्मिकता और धार्मिक वास्तुशिल्प पर आधारित स्टेडियम बनेगा



**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**

रुद्राक्ष इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर के बाद अब वाराणसी में बनने जा रहे नए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भी भगवान शिव और काशी की झलक देखने को मिलेगी। पूर्वांचल के खेल प्रेमियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की सौगात देने 23 सितम्बर को काशी आ रहे है। पूर्वांचल के क्रिकेट प्रेमियों को अब इंटरनेशनल क्रिकेट मैच देखने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। 451 करोड़ के लागत से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनने से मैच देखने के साथ ही, इंटरनेशनल क्रिकेटर का आधारभूत इंफ्रास्ट्रक्चर भी तैयार होगा। स्टेडियम के शिलान्यास में क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर व सुनील गावस्कर के आने की संभावना है। इस परियोजना में योगी सरकार ने जमीन अधिग्रहण पर 121 करोड़ रुपये खर्च किए हैं जबकि बीसीसीआई 330 करोड़ रुपये खर्च करके स्टेडियम का निर्माण कराएगा। वाराणसी के राजातालाब इलाके के गंजारी गांव में रिंग रोड के पास यह स्टेडियम लगभग 30 महीनों में बनकर तैयार हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि काशी के कायाकल्प में डबल इंजन की सरकार लगातार सकारात्मक भूमिका निभा रही है। पीएम की योजनाओं को काशी में धरातल पर उतारने के साथ ही समय-समय पर खुद सीएम योगी निरीक्षण करके यह सुनिश्चित करते रहे हैं कि सभी कार्य सही तरीके से हों।